राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 27
लखनऊ, गुरुवार 25 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डिप्टी सीएम ने 500 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण 03

जीएसटी के नाम पर उद्योगपतियों को दिया जा रहा लाभ : डॉ. जितेंद्र सिंह 10

## चतुर्थम् कूष्माण्डा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे॥**

नवरात्रि पूजन के चौथे दिन देवी के कूष्माण्डा स्वरूप की ही उपासना की जाती है। मान्यता है कि उन्होंने अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न किया था, इनकी आठ भुजाएं हैं। अपने सात हाथों में वह कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत से भरा कलश, चक्र और गदा लिए हैं। उनके आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,15,520/ |
| 22 कैरेट | = | 1,05,900/ |
| 18 कैरेट | = | 86,680/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,40,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### दंतेवाड़ा में 71 नक्सलियों ने एक साथ किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सन प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में एक साथ 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से 30 नक्सलियों पर 64 लाख का इनाम था। इन नक्सलियों ने लोन वर्राटू अभियान के तहत बुधवार को दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतू प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाएगी।

### कछार में 90 करोड़ की ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कछार (असम)।** असम के कछार जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 90 करोड़ की ड्रग्स जब्त की। पुलिस ने पड़ोसी राज्य से आ रही एक गाड़ी को रोककर उसमें से तीन लाख याबा (मेथैम्फेटामाइन और कैफीन का मिश्रण) टैबलेट बरामद किए। इस दौरान दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अब तस्करों का जेल ही ठिकाना होगा। असम पुलिस ने पिछले कुछ महीनों से राज्यभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर रखा है। कछार पुलिस मुख्यालय में बुधवार शाम आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एसएसपी नोमल महता ने इसकी जानकारी दी।

### पद्म भूषण विजेता कन्नड़ लेखक एसएल भैरप्पा का निधन

**बैंगलोर।** पद्म भूषण और सरस्वती सम्मान से सम्मानित लेखक एसएल भैरप्पा का बुधवार को बेंगलुरु के राजराजेश्वरी नगर स्थित राष्ट्रोत्थान अस्पताल में निधन हो गया। स्मृतिलोप से पीड़ित भैरप्पा मैसूर छोड़कर बैंगलोर में इलाज करा रहे थे। 20 अगस्त, 1931 को हसन जिले के चन्नारायपटना तालुका के संतेशिवरा में जन्मे, उन्होंने अपनी माध्यमिक और स्नातकोत्तर शिक्षा मैसूर में पूरी की और एमए की डिग्री में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बाद में, उन्होंने महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा से अपने अंग्रेजी शोध प्रबंध सत्य और सौंदर्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।

### कुलगाम से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पुलिस ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर से आतंकियों को एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जिसने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान की थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर श्रीनगर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले से आतंकियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मोहम्मद यूसुफ कटारी (26) के रूप में हुई है।

## डॉलर की तुलना में सात पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद रुपया आज डॉलर की तुलना में मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपये पर दबाव बना रहा लेकिन अंत में डॉलर समेत दूसरी प्रमुख अंतराष्ट्रीय मुद्राओं की आवक बढ़ने के कारण रुपये ने निचले स्तर से रिकवरी करके कारोबार का अंत किया।

भारतीय मुद्रा डॉलर की तुलना में 7 पैसे उछल कर 88.69 के स्तर पर बंद हुई। पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.76 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली बढ़त के साथ 88.74 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। कारोबार शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बनने लगा, भारतीय मुद्रा फिसल कर 88.78 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई।



## उद्योगों को वैश्विक मंच देने को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का मंच तैयार

### आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेड शो का करेंगे उद्घाटन, उद्यमियों को संबोधित करने के अलावा अलग-अलग स्टॉल पर भी जाएंगे मोदी

समृद्धि न्यूज

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के उद्योगों को वैश्विक मंच देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2025 का मंच तैयार है। गुरुवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। उद्यमियों को संबोधित करने के अलावा प्रधानमंत्री अलग-अलग स्टॉल पर भी जाएंगे।

जिला प्रशासन और औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया। वहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम तैयारी का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचे। उन्होंने एक्सपो मार्ट पहुंचकर तैयारी का निरीक्षण किया। उसके बाद वह गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय स्थित अतिथि गृह में गए। मुख्यमंत्री रात को यहीं पर रूकेंगे। सुबह वह प्रधानमंत्री की आगवानी के लिए 9 बजे के करीब एक्सपो मार्ट पहुंच जाएंगे। करीब 2500 कंपनियां यहां अपनी सेवाओं से संबंधित स्टाल लगाएंगी और प्रदर्शित करेंगी। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उनके अनुसार




### सीएम ने देखीं तैयारियां

वहीं इंटरनेशनल ट्रेड शो के कंट्री पार्टनर रूस की कंपनियों का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव और प्रेरणा सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने निवेश की इच्छा जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा पहुंच गए। उन्होंने एक्सपो मार्ट पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ पूरी तैयारी की समीक्षा की। उसके बाद वह गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय स्थित गेस्ट हाउस में गए। वहां पर वह यहां के विभिन्न उद्यमियों और जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से बातचीत करेंगे। अफसरों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शाम को ही एक्सपो मार्ट में तैयारियों का जायजा लिया।

**औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को एक पत्रकार वार्ता कर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में पूरी जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुबह 9.30 बजे ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएंगे। प्रदर्शनी में शामिल उद्यमियों से प्रधानमंत्री बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री का उद्यमियों के साथ एक फोटो सत्र भी रहेगा। गौतमबुद्धनगर के उद्यमियों को भी शामिल होने का मौका मिल सकता है। प्रमुख उद्यमियों के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय से इसके लिए अंतिम रूप से सहमति नहीं मिली है। उनका कहना है कि एक्सपो मार्ट के 10 हॉल में यह प्रदर्शनी चलेगी।**

# कैबिनेट : सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेंगी एमबीबीएस की 5,023 सीटें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 5,023 एमबीबीएस और 5,000 पीजी सीटों के विस्तार को मंजूरी दे दी। इस विस्तार की अनुमानित लागत प्रत्येक सीट के लिए 1.5 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रिमंडल के फैसलें की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण के विस्तार के तहत की गई है। योजना का कुल वित्तीय भार 2025-26 से 2028-29 तक 15,034.50 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 10,303.20 करोड़ रुपये और राज्यों का 4,731.30 करोड़ रुपये है। देश में इस समय 808 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें कुल 1,23,700 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं। पिछले दशक में 69,352 नई एमबीबीएस और 43,041 पीजी सीटें जोड़ी गई हैं। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत नए 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान उच्च स्तरीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाओं के माध्यम से दक्ष स्वास्थ्य पेशेवर तैयार कर रहे हैं। यह पहल देश में स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यापक और गुणवत्तापूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।



**पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 5,000 पीजी सीटों के विस्तार को भी मंजूरी प्रत्येक सीट के लिए अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये**

### नवाचार को बढ़ावा देने को डीएसआईआर योजना मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नवाचार और युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए कुल 2,277.397 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (डीएसआईआर/सीएसआईआर) योजना को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फ्क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास नामक योजना को 15वें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए मंजूरी दी है।

### रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का दिवाली बोनस

केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस को मंजूरी दे दी। यह बोनस दिवाली से पहले कर्मचारियों के अकाउंट में भेजा जाएगा। इसके लिए 1865 करोड़ 68 लाख रुपये के भुगतान को स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। रेलवे कर्मचारियों के बेहतर कामकाज को मान्यता देते हुए यह मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र के लिए 69,725 करोड़ का पैकेज

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सरकार का उद्देश्य देश में घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाना, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करना, शिपयार्ड विकास को प्रोत्साहित करना, तकनीकी कौशल मजबूत करना और समुद्री बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह पैकेज चार स्तंभों पर आधारित है।

## जम्मू व कश्मीर में राज्यसभा की चार सीटों के लिए मतदान 24 अक्टूबर को

एजेंसी

**श्रीनगर।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चार सीटों के लिए 24 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच मतदान होगा। मतगणना उसी दिन शाम 5:00 बजे होगी।

चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार आयोग इन सीटों के लिए 6 अक्टूबर को अधिसूचना जारी करेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर को होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि मीर मोहम्मद फैयाज, शमशेर सिंह, गुलाम नबी आज़ाद और नज़ीर अहमद लवे के फरवरी, 2021 में सेवानिवृत्ति के बाद से चारों सीटें रिक्त हैं। चुनावों में देरी का कारण जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत पूर्ववर्ती राज्य के दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर (विधानसभा सहित) और लद्दाख (विधानसभा रहित) में विभाजन के बाद वैध निर्वाचक मंडल का अभाव बताया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि चारों सीटें तीन अलग-अलग चुनावों के माध्यम से भरी जाएंगी। 10 फ़रवरी, 2021 को सेवानिवृत्त हुए सदस्यों के लिए एक-एक चुनाव और 15 फ़रवरी, 2021 को सेवानिवृत्त हुए दो सदस्यों के लिए एक संयुक्त चुनाव होगा।

### पंजाब में राज्य सभा की एक सीट के लिए भी होगी वोटिंग

**चंडीगढ़।** पंजाब में अब राज्य सभा की एक सीट के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग की तरफ से बुधवार को चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। विधायकों के संख्याबल के अनुसार यह सीट सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के पास जानी तय है। इससे पहले भी यह सीट आप सांसद संजीव अरोड़ा द्वारा विधानसभा चुनाव लड़ नेके कारण रिक्त हुई थी। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार संजीव अरोड़ा ने एक जुलाई 2025 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। छह अक्टूबर को उपचुनाव की अधिसूचना लागू होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 13 अक्टूबर है। नामांकन की स्क्रूटनी अगले दिन यानी 14 अक्टूबर को होगी। 16 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। सीट के लिए वोटिंग 24 अक्टूबर को होगी।

### नवरात्र से पहले छात्रवृत्ति वितरण का फैसला

**लखनऊ ।** योगी सरकार ने छात्र हित में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने इस वर्ष छात्रवृत्ति को समय से पहले जारी करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आमतौर पर फरवरी-मार्च में वितरित की जाने वाली छात्रवृत्ति इस बार नवरात्र (सितंबर) में ही छात्रों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी 26 सितंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, जूपिटर हॉल में इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वर्ष 2024 में जहां पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के 59 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला था, वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक होने का अनुमान है। छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को अधिक सुचारु बनाने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर संयुक्त रणनीति तैयार की है।

## लद्दाख में हिंसा, चार की मौत, 72 घायल प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

**राज्य का दर्जा मांग रहे लोग हुए हिंसक, शहर में मार्च-रैली बैन**

एजेंसी

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने आज बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए।

आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं।



### लैंड फॉर जॉब केस : लालू व राबड़ी को हाजिर होने के आदेश

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 13 अक्टूबर को राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि श्जिन लोगों को रेलवे में नौकरी मिली, उनके परिजन ने जो जमीनें लालू परिवार को दीं, वे जमीनें सर्कल रेट पर दर्ज थीं, जबकि उस समय का मार्केट रेट सर्कल रेट से चार से छह गुना ज्यादा था। जमीनों की वैल्यू को कम दिखाया गया और कम कीमत पर लालू परिवार के नाम की गई। सीबीआई ने आरोपपत्र में कुछ ऐसे मामलों का भी जिक्र किया है जहां आरोपियों ने लालू परिवार, खासकर उनकी पत्नी राबड़ी देवी को 3.75 लाख रुपए के सर्किल रेट पर अपनी जमीन बेचने का दावा किया है।

## सपा विधायक के साले ने फांसी लगाकर दी जान, शुरु हुई जांच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गोमती नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक के साले ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

गोमतीनगर थाना के सृजन विहार कॉलोनी में रहने वाले शोभा राम वर्मा बलिया में जिला पंचायत विभाग में इंजीनियर है। उनका बेटा कार्तिकेय (27) राज वर्मा अम्बेडकरनगर में होटल चलाने के साथ प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसके जीजा कविंद्र चौधरी बस्ती जिले के कप्तानगंज विधानसभा से सपा विधायक है। परिजनों ने बुधवार पुलिस को सूचना दी कि उनके बेटे कार्तिकेय ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पाकर थाना प्रभारी ब्रजेश चंद्र तिवारी फोर्स के सा?थ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की, लेकिन कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में मृतक के रिश्तेदार देवेंद्र चौधरी ने बताया कि कार्तिकेय काफी दिनों से अवसाद में चल रहा था। शायद इसी वजह से उसने फांसी लगाकर जान दी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है।



### अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनू सूद ईडी के समक्ष पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप ('वन×बेट') से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 52 वर्षीय अभिनेता सोनू सूद दोपहर करीब 12 बजे नई दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। इस मामले के जांच अधिकारी अभिनेता सोनू सूद से पूछताछ करके धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत उनका बयान दर्ज करेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में अब तक पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह के अलावा पूर्व टीएमसी सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती और बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा से पूछताछ कर चुकी है।

**श्रद्धांजलि**

### सेना की पश्चिमी कमान ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के छह दशक पूरे होने की मनाई हीरक जयंती

## वीरता व नेतृत्व की गाथाएं पीढ़ियों को करती रहेंगी प्रेरित

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत व पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई लड़ाई पर जीत की हीरक जयंती बुधवार को सेना की पश्चिमी कमान, चंडीमंदिर में धूमधाम से मनाई गई। वीर स्मृति में समारोह की शुरुआत छह दशक पहले भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान और अदम्य वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

पूर्व सेना कमांडरों, थल सेनाध्यक्षों और वरिष्ठ पूर्व सैनिकों तथा पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद हरियाणा के राज्यपाल आशिम कुमार घोष ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके अलावा 1965 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों की श्रद्धांजलि ने शहीदों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता को दर्शाया। हरियाणा के राज्यपाल अशीम घोष ने पूर्व सैनिकों और सेवारत कार्मिकों से बातचीत करते हुए भारतीय सेना के शौर्य, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी कमान की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल एबी तारापोर, परमवीर चक्र (मरणोपरांत) और कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद, परमवीर चक्र (मरणोपरांत) के अनुकरणीय साहस का विशेष उल्लेख किया, जिनकी वीरता और नेतृत्व की गाथाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। राज्यपाल ने पश्चिमी कमान संग्रहालय का भी दौरा किया।



### चंडीगढ़ एयर बेस से अंतिम विदाई उड़ान भरेगा मिग-21

**चंडीगढ़।** मिकोयान ग्युरेविच (मिग-21) अपने पहले घर चंडीगढ़ से 26 सितंबर को विदाई लेगा। मिग-21 की विदाई भावुक कर देने वाला क्षण होगा, क्योंकि इस विमान ने छह दशकों तक देश की हवाई सीमाओं की सुरक्षा की है। बुधवार को मिग-21 की विदाई को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। रिटायर सेरेमनी में शामिल होने पहुंचे मिग का यहां भव्य स्वागत किया गया। रिहर्सल के दौरान सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में जादू बिखेरा तो पैंथर व जैगुवार ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। मिग-21 को सबसे पहले 12 विंग एयर बेस चंडीगढ़ में शामिल किया गया, जिससे इसे मिग-21 का पहला घर माना जाता है। अब 26 सितंबर को मिग-21 चंडीगढ़ के 12 विंग एयरबेस से आखिरी उड़ान भरेगा। यह उड़ान इसलिए भी ऐतिहासिक होगी, क्योंकि चंडीगढ़ में ही मिग-21 की पहली स्क्वॉड्रन बनाई गई थी।

## प्रधानमंत्री मोदी आज राजस्थान को देंगे 1.08 लाख करोड़ की सौगात

एजेंसी

**बांसवाड़ा।** शक्ति और साधना के प्रतीक शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जनजाति बहुल बांसवाड़ा जिले से पूरे राज्य के लिए विकास के एक नए युग का सूत्रपात करेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर नापला गांव में प्रधानमंत्री 1 लाख 22 हजार 441 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

इन परियोजनाओं में से 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रुपये की परियोजनाएं सीधे राजस्थान से संबंधित हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होगा, जिनमें ऊर्जा, जल संसाधन, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। बांसवाडा के नापला, छोटी सरवन में दोपहर बारह बजे एक भव्?य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के हाथों 42 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 2800 मेगावाट की माही-बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। इसी तरह बीकानेर में 8,500 करोड़ रुपये की 590 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा।



## खबरें एक नजर में

### सड़कों पर उतरकर संघर्ष करें किसानः सांसद



**भरूआ सुमेरपुर।** बीती रात मध्य प्रदेश से लौटकर लखनऊ जाते समय सपा सांसद धर्मेंद्र सिंह यादव का जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाइयों ने हाईवे में फैक्ट्री एरिया के समीप जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता के दौरान सपा सांसद ने खाद बीज के संकट पर कहा कि सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। अब आंदोलन का समय आ गया है। किसानों को सड़कों पर उतरकर अपने हक के लिए संघर्ष करना चाहिए। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पार्टी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के उपरांत वापस लखनऊ जाते समय सपा सांसद धर्मेंद्र सिंह यादव का सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपाइयों ने फैक्ट्री एरिया के समीप हाईवे में जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी के कद्दावर नेता राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की जमानत पर हर्ष जताते हुए कहा कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा है। इसके बाद प्रदेश में उपजे खाद बीज के संकट पर बोलते हुए कहा कि अब किसानों का धैर्य जवाब देने लगा है। किसानों को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना चाहिए। भाजपा सरकार जुमले वाली सरकार है। किसानों की आमदनी दुगना करने का जुमला झूंठा है। 2027 में सपा की सरकार बनना तय है। सपा की सरकार बनते ही किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष वेदप्रकाश वर्मा ने उन्हें डा. अंबेडकर का चित्र भेंट किया। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नंदकिशोर शिवहरे, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू, सोनिया सोनी, संजय यादव, विकास गुप्ता, नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, अंकुर यादव, विवेक यादव, जगमोहन यादव, आलोक कबीर सहित सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मशीनों का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक मशीनों का टाटा के सहयोग से स्थापित कर ऑटो नामस कार्यशाला का अल्प अवधि प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने फीता काटकर किया जानकारी के अनुसार नगर से कुछ दूर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक आटोनामस मशीन भारत सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पंजीकृत 25 छात्रों का प्रशिक्षण दिया गया आधुनिक मशीन टाटा समूह द्वारा प्रशिक्षण हेतु कम समय में कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए भेजी गई जिससे प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थी ने ख़ुशी जाहिर करते हुए बताया कि मशीनों द्वारा अत्याधुनिक ढंग से कम समय में अधिक काम किया जा सकता है विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार वर्मा ने बताया आधुनिक मशीनों के प्रशिक्षण से पंजीकृत छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थानीय स्तर से लेकर देश-विदेश तक युवाओं को रोजगार का सृजन होगा। अंत में मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान के कार्यदेशक कमलेश कुमार, मोहम्मद शमशाद सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तालाब में चार वर्षीय बालक की डूब कर मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** सिसोलर थाना क्षेत्र का चार वर्षीय बालक तालाब में डूब गया परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भभई गांव निवासी नितिन 4 वर्ष पुत्र राजाबाबू बुधवार की सुबह स्कूल के पास भुइयां रानी तलाब में नहाने के लिए गया गहरे पानी में चले जाने से पानी में डूब गया सूचना मिलने पर परिजनों ने पानी से निकालकर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मातम छा गया मृतक आंगनवाड़ी केंद्र का छात्र था आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री राजदुलारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार में मेरी ड्यूटी 17 सितंबर से लगी हुई और नितिन पूर्व से विद्यालय भी नहीं आया ड्यूटी के दौरान पानी में डूब जाने की जानकारी प्राप्त हुई है वही कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण यादव ने बताया कि मृतक अपने मां के साथ पन्द्रह दिन से ननिहाल में रहकर अभी आया है। आंगनवाड़ी अभिलेखों में 15 दिन से अनुपस्थित चल रहा है बुधवार की सुबह पानी में डूब जाने से मौत हो गई वही सिसोलर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया की अस्पताल से पानी में डूब जाने से मौत की सूचना प्राप्त हुई है शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मीना दिवस का हुआ आयोजन



**बांदा।** बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नरैनी बांदा में मीना दिवस के अवसर पर मीना गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बालिकाओं द्वारा मीना के गुणों पर आधारित एक मूल्य वृक्ष तैयार किया गया। इसके अलावा केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया गया। बालिकाओं को निडर मूवी दिखाई गई एवं अभिभावकों के साथ इस पर चर्चा की गई। इसमें विद्यालय की वार्डन अर्चना सिंह, दीप्ति राजपूत, दिव्या जैन, संगीता देवी, गीता पाल, अरविंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### विकासखंड सभागार में विशेष संचारी रोग अभियान की हुई समीक्षा



**जसपुरा/बांदा।** विकासखंड सभागार जसपुरा में बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद ने की। बैठक में खंड विकास अधिकारी धनराज कोटार्य, संयुक्त खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ संदीप गुप्ता जसपुरा ,डॉ राजाभइया चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ रविन्द्र कुमार, पंचायत विभाग के सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, सभी सचिव, पंचायत सहायक एवं सफाईकर्मी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण के तहत आगामी 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत गांवों में साफ-सफाई, एंटी-लार्वा का छिड़काव, झाड़ियों की कटाई, उथले हैंडपंपों का चिन्हांकन जैसी कार्यवाहियां की जाएंगी। इसके अलावा ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू, हैजा, टीबी, एचआईवी जैसी बीमारियों के बारे में जानकारी देकर उन्हें सतर्क किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, एवं रोगों से बचाव हेतु बचाव के उपाय बताए जाएंगे। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों, प्रधानों और पंचायत सहायकों से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की।

### मिशन शक्ति टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेहंडा में बच्चों को किया गया जागरूक



**बांदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा पी.एम. उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेहंडा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को सरल भाषा में बताया कि किस प्रकार का स्पर्श उनके लिए सुरक्षित (गुड टच) है और कौन सा असहज या गलत (बैड टच) । टीम द्वारा बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि कोई उन्हें गलत तरीके से छूता है, तो डरने की बजाय तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को इसकी जानकारी दें । इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें । कार्यक्रम के दौरान महिलाओं शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई ।

# जल शक्ति मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राज्य मंत्री जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयन्ती राजपूत तथा विधायक राठ श्रीमती मनीषा अनुरागी की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान प्रभारी द्वारा जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण, सीएम डैशबोर्ड पर विभागो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून व्यवस्था, मिशन शक्ति, गौशालाओ की स्थिति आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी। इस अवसर पर उन्होने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी उर्वरक वितरण केन्द्रों पर खाद की उपलब्धता रहे और प्रत्येक किसान को जरूरत के मुताविक खाद उपलब्ध करायी जाए। रोस्टर के मुताविक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। त्यौहारों की दृष्टिगत ट्रॉसफॉर्मर बिना किसी विलम्ब प्रतिस्थापित किए जाएं। विद्युत कर्मचारी गण उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार की अभद्रता न करें। जनपद की चिकित्सा व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाए। स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज देने का प्रयास किया जाए। डॉक्टर्स बाहर की दवा कदापि न लिखें। यथा संम्भव चिकित्सीय जॉचें जिला अस्पताल में ही सुनिश्चित करायी जाएं। गौशालाओं में गौवंश का रख रखाव बेहतर ढंग से किया जाए। कोई भी गौवंश खुल में या छुट्टा न दिखें। जनपद की कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। मिशन शक्ति अभियान के जरिए सभी कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जागरूक किया जाए। जरूरतमंद व पात्र लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उनका ज्यादा से ज्यादा हित किया जाए।



इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा जनपद विशेष उपलब्धियों के बारे में बताया गया कि जनपद हमीरपुर में सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कई बार उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। यहां के नवाचार मिशन जलोदय की देश व प्रदेश में सराहना की गयी है। इसी तरह अक्टूबर से चन्द्रावल नदी का जीर्णोद्धार कार्यक्रम जन सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। जनपद में अवैध खनन पर रोक लगायी गयी है, जिससे प्रदेश सरकार को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। विगत वर्षो की अपेक्षा फसलों का आच्छादन व उत्पादन भी बढ़ा है। ग्राम पंचायतों को आईएसओ मानक प्रमाण पत्र दिलाने का भी कार्य किया जा रहा है। मैन्यूफैक्चरिंग में जनपद को चौथा स्थान तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में जनपद को दूसरा स्थान मिला है। इनवेस्ट यूपी के तहत गेल इंण्डिया लिमिटेड एवं नेवेली लिमिटेड द्वारा रू 1500 करोड़ की लागत से सोलर पॉवर प्लॉट लगाये जा रहे है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर केडी शर्मा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्तिः गोद भराई व अन्न प्राशन कार्यक्रम हुआ

▸ **सरकार का उद्देश्य कुपोषण दूर करनाः डॉ. अनीता**

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति के तहत पोषण अभियान कार्यक्रम शक्ति पंच प्रवाह का आयोजन ब्लॉक सभागार में महिला आयोग की सदस्य डा. अनीता गुप्ता की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस मौके पर गोद भराई एवं अन्न प्राशन कार्यक्रम कराए गए ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत शक्ति पंच प्रवाह के अंतर्गत पोषण अभियान कार्यक्रम कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. अनीता गुप्ता ने मौजूद रहकर महिलाओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण के आदेश पारित किये। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य गर्भवती एवं जननी महिलाओं को स्वस्थ रखना है। इसी उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं को गोद भराई एवं नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराकर उनको स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने किया। कार्यक्रम में सीओ सदर राजेश कमल, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भिलवारे, सुपरवाइजर कामिनी पाल, शशिकांती आदि मौजूद रहीं।

## नाना पेशवा की पुण्यतिथि मनाकर दी श्रद्धांजलि

**भरूआ सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में नाना पेशवा की पुण्यतिथि मनाई संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया कि नाना साहब का वास्तविक नाम धोडूपंत था। इनका जन्म 19 मई 1824 को महाराट्र के वेणुगांव में नारायण भट्ट एवं गंगाबाई के घर हुआ था। आजादी के संघर्ष में नाना साहब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 1857 में आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में नाना साहब, तात्या टोपे और रानी लक्ष्मीबाई के पुरोधत्व को नकारा नहीं जा सकता है। कानपुर और उसके आस पास के क्षेत्र में नाना साहब ने अंग्रेजों को हराकर यह संदेश दे दिया था कि भारतीय कम नहीं है। इन्होंने बाजीराव पेशवा द्वितीय के निधन के बाद अज़ीमुल्ला के माध्यम से अपनी



बात इंग्लैंड में रखी थी। जिसे अंग्रेजों ने नहीं मानी। उसी के बाद नाना साहब ने गोरों को सबक सिखाने का निर्णय लिया था। यदि भारतीय रियासतों के राजा और अन्य राष्ट्र सेवी एकजुट होकर गोरों से लड़ें होते तो देश 90 वर्ष पहले ही आजाद हो गया होता। कालांतर में नाना साहब नेपाल की ओर चले गए। जहां पर नाना साहब का 24 सितंबर 1859 को 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कार्यक्रम में प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति, रिचा, विकास, कमलेश कुमार, रामनरायन सोनकर, शिवा, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### साधन सहकारी समिति में खाद आने की सूचना पर हजारों की संख्या में किसान पहुंचे



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा स्थित साधन सहकारी समिति कुरारा देहात में डीएपी खाद आने की जानकारी मिलते ही किसान केंद्र में खाद लेने के लिए मौजूद रहे। लेकिन दिन भर ई पास मशीन के नेटवर्क न आने के कारण खाद का वितरण नहीं हो सका। किसान दिन भर इंतजार के बाद मायूस होकर वापस लौट गए। कस्बा स्थित साधन सहकारी समिति कुरारा देहात में एक ट्रक डी ए पी खाद आने के जानकारी मिलते ही इस समिति क्षेत्र के किसान खाद के लिए केंद्र में गए लेकिन सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक ई पाश मशीन में नेटवर्क की समस्या के चलते खाद का वितरण नहीं हो सका।जिससे किसान खासे परेशान रहे। किसान देवेंद्र सिंह, महेंद्र अवस्थी, रामसेवक, बृजकिशोर, अमर सिंह, गोविंद सिंह आदि किसानों ने बताया कि समिति के खाता धारकों को खाद का वितरण किया जाना था। लेकिन ई पाश मशीन में नेटवर्क की समस्या के चलते मशीन नहीं चल सकी। जिससे खाद का वितरण नहीं हो पाया। किसान केंद्र में दिन भर बैठकर इंतजार करते रहे। लेकिन खाद का वितरण नहीं हो सका केंद्र प्रभारी सत्यवीर नामदेव ने बताया कि मशीन में नेटवर्क समस्या के चलते खाद का वितरण नहीं हो सका है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। गुरुवार को खाद का वितरण किया जाएगा

## पुलिस ने मां विन्ध्यवासिनी धाम मेले में गुम हुए बच्चे को परिजनों को किया सुपुर्द



**बांदा।** आपरेशन मुस्कान के तहत मां विन्ध्यवासिनी मेले में खोए पांच वर्षीय बच्चे को थाना गिरवां पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्रान्तर्गत अकबरपुर में मां विन्ध्यवासिनी धाम मन्दिर में अपने परिजनों के साथ दर्शन-पूजन करने व मेले में आया एक 5 वर्षीय बच्चा गुम हो गया जिनके परिजन ने पुलिस बूथ/ कण्ट्रोल रुप पर सूचना दी। कण्ट्रोल रुम द्वारा मेले में भ्रमणशील मिशन शक्ति/एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा त्वरित रुप से खोजबीन कर बच्चे को शीघ्र ही सकुशल बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। परिजन ने पुलिस की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

## जीएसटी बजट उत्सवः प्रभारी मंत्री ने जीएसटी कटौती से महंगाई में होने वाली कमी पर की प्रेस वार्ता

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भाजपा कार्यालय में दिनांक 24.09.2025 को जिला अध्यक्ष सुनील पाठक की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेस वार्ता की उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जीएसटी बजट उत्सव के अंतर्गत जीएसटी की दरों में कमी के सन्दर्भ में ग्राहकों को लाभ देने हेतु व्यापारियों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है है जिसमें व्यापारियों/ आम जनमानस को बताया जाएगा कि भारत सरकार द्वारा जीएसटी व्यवस्था में कई सुधार किए गए है। पूर्व से प्रचलित 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत में से 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत का स्लैब खत्म



कर दिया गया है। इसके साथ ही 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब की लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाल दिया गया है। इससे आम जनमानस को काफी सहूलियत होगी, जिससे रोजमर्रा की कई वस्तुएं कम दामों पर खरीद सकेंगें। प्रभारी मंत्री जी के द्वारा बताया गया कि जो जीएसटी के अंतर्गत कर की दरें कम हुई है, उनके अनुसार ग्राहकों को कम हुए कर दर का लाभ दिया जायें और उक्त संदर्भ में व्यापारियों एवं उपभोगताओं को जागरूक किया जाएगा। इस कार्य में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जनपद के सभी व्यापारीगण द्वारा दिनांक 22.09.2025 से जीएसटी की नई व्यवस्था लागू की गई है। प्रेस वार्ता के तत्पश्चात माननीय मंत्री रामकेश निषाद के द्वारा हमीरपुर सुभाष बाजार में व्यापारियों के बीच पहुंचकर जीएसटी में छूट के बारे में जागरूक किया एवं लोगों को सामान की खरीदारी पर छूट प्रदान करने की बात कही। इस मौके में राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका चेयर मैंन कुलदीप निषाद, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, आशीष पालीवाल, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कुमार गुप्ता, लक्ष्मी रतन साहू, इंद्रप्रकाश बाजपेई, अंकित गुप्ता इत्यादि भाजपाई लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइकसवार की सीएनजी ऑटो से हुई टक्कर, बाइकसवार व्यक्ति की मौत, दो घायल



**बबेरू/बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के अरमार मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार व सीएनजी ऑटो की जोरदार टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनको इलाज हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।मरका थाना क्षेत्र के चक्की डेरा मिर्जापुर के रहने वाले कैलाश पुत्र भूरा उम्र 45 वर्ष, व संतोष कुमार पुत्र जगत पाल उम्र 40 वर्ष यह बबेरू की तरफ से बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे, तभी अरमार गांव के मोड़ के पास तेज रफ्तार दोनों बाइक सवार सामने से आ रहे सीएनजी ऑटो से टकरा गए। जिससे बाइक सवार दोनों व सीएनजी ऑटो में सवार प्रीतम पुत्र अयोध्या उम्र 40 वर्ष, निवासी विनवठ सहित कुल तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो हो गए, सूचना पर पहुंचे परिजनों के द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार करने के बाद तीनों को गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वही थोड़ी देर बाद घायल कैलाश पुत्र भूरा उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई, मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, सूचना मिलते हैं मौके पर पहुंची मरका थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार की देर रात्रि मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जिसका बुधवार की दोपहर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई। वहीं पुलिस के द्वारा सीएनजी ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम, एसपी ने मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

▸ **जिम्मेदारों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

नवरात्र पर्व के अवसर पर जनपद के दुर्गा मंदिरों और शक्ति स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसको देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा एवं यातायात की विशेष व्यवस्थाएँ की हैं। बुधवार को जिलाधिकारी जे. रिभा और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना गिरवां क्षेत्र अंतर्गत खत्री पहाड़ स्थित माँ विंध्यवासिनी देवी मंदिर पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षा और भीड़



नियंत्रण से संबंधित तैयारियों की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौके पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ एक महिला हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर आने-जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है तथा वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित स्थलों पर ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मेला क्षेत्र में सादे वस्त्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई है और ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल और आसपास के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उनकी सतत मानिटरिंग की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक गिरवां सुरेश कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बड़ी माता मंदिरः पुरातन से ही बना हुआ है श्रद्धा का केंद्रः श्रीप्रकाश मिश्रा अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट

▸ **नवरात्र में लगती हैं भक्तों की लंबी कतार**

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पनवाड़ी के मातन पूरा स्थित बड़ी माता मंदिर प्राचीन काल से ही चमत्कारों एवम भक्तो के लिए श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है मान्यता है कि पांडवकालीन यह प्राचीन मंदिर है जो समय समय पर कोई चमत्कारो से भक्तों को जोड़े हुए हैं युवा गुड्डा मिश्रा ने बताया है कि यह मंदिर नवरात्र में माता रानी के भक्तों से भरा रहता है प्रातः चार बजे से घण्टी बजना शुरू होजाती है



नव रात्र के अलग अलग स्वरूप में माता रानी को पूजा जाता है। गौरतलब है कि मुहाल के कई बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि यहाँ पर एक बड़ी सान्ग है जब भीषण सूखा पड़ता है तो उस सान्ग को विधि विधान से निकलवाया जाता है तो भारी वारिस होती हैं कोई कहता है कि माता रानी के दरवार में रात्र भर घण्टे के नांद सुनाई देती है उल्लेखनीय हो कि माता रानी के मंदिर में बारह महीने शाम की आरती में सैकड़ो भक्त पहुंचते हैं एवम पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री के द्वारा नव दिन तक माता रानी के दरवार में पूजा अर्चना की जाती है एवम उनका दुर्गा सप्त शती का पाठ किया जाता है जिससे देवी के भक्तों का कल्याण हो पंडाल की सजावट एवम भक्तो की आवजनी से मंदिर में चहल पहल वनी रहती है। बताते चले कि जब से श्री प्रकाश मिश्र ने ट्रस्ट को सम्हाला तब से दो बड़े यज्ञ एवम राम कथाये भी हो चुकी है तथा मंदिर ने अपना बड़ा रूप ले लिया है मंदिर का विकास तीब्र गति से जारी है ट्रस्ट की ओर से कहा गया है कि आगामी वर्ष गरीब कन्याओ की शादी करने की व्यवस्था भी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा कर रहे हैं। देवी मैया की महिमा एवम विविध चमत्कार से लोगों की अनवरत श्रद्धा जुडी हुई हैदेवी मैया में भक्तो की अटूट आस्था एवम विश्वास बना हुआ है।

## शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**अतर्रा/बांदा।** शरदीय नवरात्र के तीसरे दिन माता रानी के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम सहित सभी देवी मंदिरों में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया कांस्टेबल तैनात।

शरदीय नवरात्र के तीसरे दिन सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में हाजिरी देने के लिए कस्बे के गौरा बाबा धाम बदौसा रोड स्थित शारदा देवी मंदिर भवानीगंज स्थित कालिका मंदिर सुलक थोक वा लाल तोक स्थित छोटी भवानी बड़ी भवानी वही चूड़ी गली स्थित माता रानी के दरबार में सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर लोगों ने पूजा अर्चना कर परिवार के मंगल की कामना की वही कस्बे के दुर्गा पंडालों में दुर्गा सेवा समिति के कार्यकर्ता आधुनिक साज सज्जा करने में जुटे रहे देर शाम सभी देवी पंडालों में माता की आरती से जय जय अंबे जय जगदंबे से समूचे नगर गंज गया देर शाम सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम का जायजा लिया वही क्षेत्रधिकारी प्रवीण कुमार यादव प्रशिक्षु क्षेत्राधिकार पीयूष कुमार पांडे कोतवाली प्रभारी ऋषि देव सिंह कस्बा इंचार्ज एस आई प्रीत कुमार पांडे प्रेमपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने 500 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** 2017 के बाद से स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन हुआ है। पूर्व की सरकारों में स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपी नहीं है। हमारी सरकार की प्राथमिकता आमजन को उच्चस्तर का गुणवत्तापरक उपचार उपलब्ध कराना है। हमने अपने अस्पतालों को अपग्रेड किया है। वहां मॉडर्न मशीनों की स्थापना की है।

चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफके साथ सभी इकाइयों में मैन पावर भी बढ़ी है। ये कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वो बुधवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (ट्रेनिंग सेंटर) में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 500 करोड़ रुपए मूल्य की 84 नवीन स्वास्थ्य इकाइयों के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज पूरे क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। 18 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले गए हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 27 नए पैरा मेडिकल कॉलेज भी बनाए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि हर दिन हमारे अस्पतालों में दो लाख से अधिक मरीज आ रहे हैं।

पिछले वर्ष प्रदेश में 13 नए राजकीय मेडिकल कॉलेज और पीपीपी मोड के आधार पर तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले गए। इतनी बड़ी संख्या में प्रदेश में कभी भी एक वर्ष में मेडिकल कॉलेज नहीं खुले हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत लोगों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में अब तक पांच करोड़ से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस समय 108 जनपदीय चिकित्सालय, 259 विशिष्ट चिकित्सालय, 972 सीएचसी, 3735 पीएचसी, 25774 स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं 22681 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 84 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में 500 करोड़ रुपए मूल्य की 84 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें जनपद सीतापुर में 200 शैय्या युक्त जनपद स्तरीय चिकित्सालय अति महत्वपूर्ण है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के मिशन को साकार करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, गाजीपुर, कौशाम्बी, बस्ती, मुजफ्फर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, गोण्डा, बागपत, बलरामपुर, हाथरस, बदायूं, जालौन, एटा, मऊ, बलिया, भदोही, कानपुर नगर, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बहराइच, रामपुर, बिजनौर, संभल, चंदौली, कुशीनगर, महाराजगंज, अमरोहा, गाजीपुर, फतेहपुर, संतकबीर नगर, प्रतापगढ़, सीतापुर, आजमगढ़, जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर देहात, बांदा, सिद्धार्थ नगर, शामली, हापुड़, रायबरेली, जौनपुर, मथुरा, मैनपुरी जिलों में स्वास्थ्य इकाइयों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण।

# राजधानी में किसानों का जोरदार प्रदर्शन, एलडीए पर शमशान घाट कब्जा करने का आरोप लगाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयवाद का विरोध प्रदर्शन। बैलगाड़ी और हाथों में डंडा लेकर किसान कैसरबाग चौराहे से जिला अधिकारी कार्यालय की ओर बढ़े। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसानों ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया।

### 13 सूत्री मांगों को लेकर किसान कर रहे धरना प्रदर्शन

13 सूत्री मांगों को लेकर किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य रूप से गोमती नगर स्थित उजरियांव योजना में मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। किसान अशोक यादव ने कहा 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कर ली गई थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने फिर वार्ता किया तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए इसके बाद 4 रुपये 60 पैसे दर के हिसाब से तय हुआ। 2016 में अंतिम मोहर कोर्ट के द्वारा लगी की 4.60 पैसे सभी किसानों को दिया जाए, लेकिन एलडीए कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे।

जमीन अधिकृत करते समय विभिन्न प्रकार की सुविधा देने की बात कही थी। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक परिवार को नौकरी, आवास, गांव का विकास और किसान भवन समेत तमाम चीजें शामिल थी। किसानों ने कहा कि एलडीए ने हमारे शमशान घाट पर कब्जा कर लिया। 3 शमशान घाट थे जिसमें से सिर्फ एक ही बचा है। हमारे किसान परिवार की औरतें आज लोगों के घरों में झाड़ू पोछा करने पर मजबूर हैं। किसान प्रधान देश में अन्नदाता की यह स्थिति हो गई है कि दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूमि अधिग्रहण करते समय जो वादा किया था एक भी पूरा नहीं हुआ।

## खबरें एक नजर में

### गोमती पुस्तक महोत्सव में वीरगाथा डायरी का पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे गोमती पुस्तक महोत्सव में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवि एवं गीतकार डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने अपनी रचना वीरगाथा डायरी का पाठ किया। इस डायरी में स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों और भारतीय इतिहास के वीर पुरुषों की गाथाएं काव्य और गद्य रूप में समाहित हैं। डॉ. सिंह ने पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप की वीरता का वर्णन किया। वीर चंद्रशेखर आजाद की कहानी छंदों में सुनाई गई। सरदार भगत सिंह पर लिखी पंक्ति सतलुज दरिया का पानी तब जोर जोर से खौल उठा ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में 1857 की क्रांति के नायकों का स्मरण किया गया। मंगल पांडे, बहादुर शाह जफर, नाना साहब, रानी लक्ष्मीबाई और वीर कुंवर सिंह की गाथाएं प्रस्तुत की गईं। अवध की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया।

### महानगर रामलीला कल से, तैयारियां तेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामलीला महोत्सव का आयोजन 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक प्रतिदिन सांय 8.30 से किया जायेगा। अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, महासचिव गिरीश जोशी,मुख्य संयोजक दीपक पांडेय, सचिव संजय पांडेय, ने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन में विशेष रूप से सीता जन्म, रावण बाणासुर प्रसंग और जटायु प्रसंग शामिल किया गया है जो लीला का मुख्य आकर्षण होगा। उन्होंने बताया कि आठ दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामलीला समिति के भवन में महेंद्र पन्त के निर्देशन में पात्रों को जोर शोर से अभिनय की तालीम दी जा रही है और इनका सहयोग सह निर्देशक के रूप में हरीश लोहुमी द्वारा किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि महेंद्र पन्त निर्देशक की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ केवट और हनुमान का भी अभिनय कर रहे हैं। और निजी व्यवसाय करने वाले सह निर्देशक हरीश लोहुमी का पूरा परिवार रामलीला मंचन में समर्पित रहता है।

### नसबंदी के बाद भी महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी मलिहाबाद लखनऊ में एक महिला ने नसबंदी कराने के लगभग 8 महीने बाद एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। यह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, चिकित्सकों की असंवेदनशीलता को उजागर करता है।मिली जानकारी के मुताबिक 19 जुलाई 2024 को एक महिला ने मलिहाबाद के सीएचसी में नसबंदी ट्यूबेक्टॉमी कराई थी। चिकित्सकों ने कागजों पर नसबंदी का प्रमाण पत्र जारी किया था। लगभग 8 महीने बाद सितंबर में महिला ने सामान्य प्रसव से एक बच्चे को जन्म दिया, जिससे स्पष्ट होता है कि नसबंदी नहीं हुई थी, केवल कागजी कार्रवाई थी। मामले में डॉक्टर मोनिका अग्रवाल की लापरवाही सामने आई है। उनपर आरोप है कि उन्होंने प्रक्रिया को बिना किए ही रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया। महिला ने तहसील दिवस पर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।यह घटना न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं, जैसे परिवार नियोजन कार्यक्रम पर भी सवाल उठाती है। इससे महिलाओं का विश्वास टूटता है परिवार नियोजन अभियानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत, परिजनों को आर्थिक सहायता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम परिवार अपनी समर्पित सफाई कर्मचारी गीता (45 वर्ष) के आकस्मिक निधन से गहरे शोक में है। वसीरतगंज-गणेशगंज क्षेत्र में तैनात गीता को बीते दिन शीतल धर्मशाला के पास सफाई कार्य के दौरान एक नेवले ने काट लिया था, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इस कठिन समय में, अपर नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मृतका के परिजनों से भेंट कर उन्हें 1,00,000 (एक लाख रुपये) की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। लखनऊ नगर निगम शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता है और इस कठिन घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### रोडवेज परिषद के गिरीश चन्द्र मिश्र, 12वीं बार बनें महामंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ.प्र. की केन्द्रीय प्रबंध समिति की, प्रदेश भर में स्थापित 200 से अधिक प्राथमिक इकाईयों व 20 क्षेत्रीय इकाईयों तथा विशिष्ट इकाई के वार्षिक चुनाव सम्पन्न होने के उपरान्त केन्द्रीय प्रबंध समिति,कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों ने चारबाग बस स्टेशन, लखनऊ, पर पूर्व निर्धारित बैठक,सभा 24 सितम्बर को आयोजित की, जिसमें प्रदेश भर से आये प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सभा में प्रतिनिधियों द्वारा परिषद के केन्द्रीय,प्रान्तीय पदाधिकारियों का चुनाव, ,घनश्याम यादव, महासचिव, उ.प्र. राज्य निगम कर्मचारी महासंघ चुनाव अधिकारी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर निगम महासंघ के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। देर तक चली इस चुनावी कार्यवाही में गिरिजा शंकर तिवारी को दूसरी बार प्रान्तीय अध्यक्ष तथा गिरीश चन्द्र मिश्र को 12वीं बार प्रान्तीय महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

### नेशनल प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र श्रेयल श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिता-2025 में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है, साथ ही ऑल इण्डिया 12वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के करीब 2500 से अधिक विद्यालयों से लगभग 75,000 छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने गणित, जनरल नॉलेज, हैण्डराइटिंग एवं तार्किक योग्यता जैसे विषयों में अपनी दक्षता के बलबूते ऑल इण्डिया 12रैंक के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### पड़ोसियों से परेशान दुकानदार ने खाया जहर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मानक नगर मेहंदी खेड़ा इलाके में रहने वाले परचून दुकानदार वीरू यादव (44) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक वीरू पड़ोसियों की प्रताड़ना से परेशान थे। वीरू ने छह पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने न सिर्फपड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए है, बल्कि मानक नगर थाने के बीट इंचार्ज पर भी मिलीभगत कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वीरू की पत्नी नीलम के अनुसार, कुछ महीने पहले पड़ोसी सुरजीत सिंह यादव ने मकान निर्माण के दौरान मोहल्ले वालों से सहमति लेकर घर का स्ट्रक्चर बदला। इसके बाद गली के एक अन्य निवासी नरेंद्र के दरवाजे के सामने से रास्ता निकाल दिया गया, जिसका नरेंद्र और उसकी पत्नी ने विरोध किया। विवाद बढ़ा तो नरेंद्र की ओर से रैंप तोड़ने का वीडियो वायरल हुआ और पुलिस ने नरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इसके बाद मोहल्ले में तनाव और गहरा गया। सुसाइड नोट में वीरू ने लिखा कि सुरजीत यादव ने उस पर रैम्प बनवाने का दबाव डाला। मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। कुछ समय बाद वीरू सहित मोहल्ले के 15 लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज करा दी गई। वीरू का आरोप था कि बीट इंचार्ज सुरजीत से मिला हुआ था और पुलिस की मिलीभगत से लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी। वीरू का शव जब पोस्टमॉर्टम के बाद घर लाया गया, तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से की मुलाकात

# व्यापारियों व ग्राहकों को मिलेगा जीएसटी रिफॉर्म का लाभ

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। उन्होंने कहा जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है।

बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है। इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद यूपी में 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। पीसी से पहले मुख्यमंत्री ने लखनऊ की सबसे बड़ी मार्केट हजरतगंज पहुंचे। यहां उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। व्यापारियों को फूल भी दिए। सीएम ने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया। सीएम योगी ने कहा यह रिफॉर्म भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक थे। देश को महंगाई से राहत देने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है। इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी।

### सीएम योगी ने अस्पताल में ओम प्रकाश राजभर से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुँच चुके हैं। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर अस्पताल में सरकार के कई मंत्रियों ने पहुंच कर उनके इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### ऐतिहासिक भवनों की स्थिति का आंकलन व संरक्षण विषय पर त्रि-दिवसीय कार्यशाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं इंटैक कंजर्वेशन इंस्टिट्यूट, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक भवनों की स्थिति का आंकलन और संरक्षण विषय पर त्रि-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज बुधवार को इंटैक कंजर्वेशन इंस्टिट्यूट परिसर, लखनऊ में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन निदेशक, राज्य पुरातत्व निदेशालय रेनू द्विवेदी एवं निदेशक, इंटैक धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर रेनू द्विवेदी ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कार्यशाला को स्मारकों के संरक्षण की विविध विधाओं से परिचित होने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

# बिना जुर्माना के किसानों की भैंसों को छोड़ेगा नगर निगम, प्रदर्शन समाप्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर 14 दिनों से चल रहा किसानों का प्रदर्शन आज समाप्त हो गया। मेयर ने किसानों की मांगें मान लीं। उनके भैंसों को बिना जुर्माना के छोड़ने का आश्वासन दिया। भविष्य में दोबारा भैंसों को नहीं पकड़ने की बात की। इस पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इसके पहले किसानों ने नगर निगम मुख्यालय पर तहरी पकाकर खाई। ढोल-मजीरा बजाकर लोकगीत गाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री आवास कूच करने का ऐलान किया। किसानों के आक्रोश को देखते हुए उनकी मांगें पूरी की गईं। किसान नेता तौकीर ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी किसानों के घर से भैंस खुलवा लाए थे। इसके बाद हमने अधिकारियों से बात करके भैंस वापस मांगने की बात की, तो जुर्माना लगा दिया गया। इसके विरोध में 14 दिनों से नगर निगम मुख्यालय पर आंदोलन कर रहे थे। आज हम लोगों ने महापंचायत का आवाहन किया था, जिसकी सूचना मिलते ही नगर निगम मुख्यालय के सभी मुख्य द्वारों पर अफसरों की ओर से ताला लगा दिया गया। इस पर हम सभी लोग नगर निगम मुख्यालय के सामने बैठ गए। तौकीर ने कहा कि इसी बीच महापौर सुषमा खर्कवाल ने हमारी मांगें मान लीं। किसानों के भैंसों को निशुल्क छोड़ने का महापौर ने निर्देश जारी कर दिया। किसानों ने कहा आज मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच करने का मन बना लिया था। संगठित रूप से प्रदर्शन करके नगर निगम को अपनी बात मनवाने पर मजबूर कर दिया।

### नवरात्र में मिलावटखोरों पर शिकंजा, 18 नमूने भेजे गए

**लखनऊ।** नवरात्र के मौके पर बाजारों में मिलावटी फलाहार की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान चलाया। बुधवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह की टीम ने चिनहट, मोहनलालगंज, अलीगंज और राजाजीपुरम क्षेत्रों में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान टीम ने जायसवाल किराना स्टोर (नौबस्ता कलां, चिनहट), स्पेन्सर्स रिटेल (क्राउन माल, बीबीडी यूनिवर्सिटी के सामने), डेरी फ्रेश एंड प्रोविजन स्टोर (मॉडल हाउस), मधुर डेरी (राजाजीपुरम) समेत कई दुकानों से नमूने लिए। मिठाई की दुकानों में खोया बर्फी, पंजीरी लड्डू, बेसन लड्डू और नमकीन के सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, त्योहारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# केजीएमयू में जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी बंद कराई, वी वॉन्ट जस्टिस के लगाए नारे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में बुधवार को एक बार फिर जूनियर डॉक्टरों ने हंगामा शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर करीब 10 बजे न्यू ओपीडी ब्लॉक पहुंचे। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनने की प्रक्रिया बंद करा दी। इस दौरान वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए।

दरअसल, बीते शनिवार देर रात ट्रॉमा सेंटर के ऑर्थो ओपीडी के बाहर नर्सिंग स्टाफ और जूनियर डॉक्टरों के बीच हुई मारपीट की घटना अब बड़े विवाद का रूप ले चुकी है। घटना के बाद नर्सिंग स्टाफ की तरफ से 9 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में जूनियर डॉक्टर की तरफसे भी क्रॉस एफआईआर हुई। इस बीच दोनों पक्ष चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाते दिखे। पहले ट्रॉमा सेंटर पर नर्सिंग स्टाफने धरना शुरू किया। इसके बाद में बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर भी ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर हंगामा करने लगे थे। सोमवार दोपहर से शुरू हुआ हंगामे और बवाल का दौर मंगलवार सुबह तड़के तक ट्रॉमा सेंटर में जारी रहा। इस दौरान कई गंभीर मरीजों को इलाज में संकट का सामना करना पड़ा था। इसके बाद मंगलवार को दिन थोड़ा शांति रही। बुधवार सुबह एक बार फिर जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। केजीएमयू प्रवक्ता और डीन डॉ.केके सिंह ने बताया 9.30 बजे तक सभी मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। मरीजों के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत सुबह 8.00 बजे से होती है। नवरात्र के चलते मरीजों की संख्या आम दिनों की अपेक्षा थोड़ी कम है। किसी भी मरीज को बिना उपचार के वापस नहीं जाना पड़ेगा। ओपीडी पर सुबह से ही सीनियर डॉक्टर सभी फैकल्टी मेंबर और सीनियर डॉक्टर मौजूद हैं।

# एकजुटता की शक्ति ही पीडीए की क्षतिपूर्ति व कर सकती है हिफाजत : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है। एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नयी आवाज बन गयी है। जो लोग जहाँ भी संख्या में कम हैं वो भी जान गये हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और उनके हक की हिफाजत करने में भी। अखिलेश ने कहा है कि पीडीए उन अंतिम लोगों के स्वाभिमान-स्वमान के नवजागरण का नाम है। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

### बाबा के जीवन पर आधारित नीम करोरी की फिल्म का पोस्टर लॉन्च

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को बाबा नीम करोरी के जीवन पर आधारित फिल्म का पोस्टर लॉन्च हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कैसरबाग राय उमा नाथ बली प्रेक्षागृह में पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम में फिल्म फिल्मकार मधुर भंडारकर मौजूद रहे। मंत्री जयवीर ने बाबा के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा का जीवन जन-जन को सादगी, सेवा और अध्यात्म से जोड़ता है। नीम करोरी बाबा जिनका जन्म उत्तर प्रदेश की पावन धरती फिरोजाबाद में हुआ। उन्होंने सनातन संस्कृति के लिए अपना जीवन समर्पित करते हुए समाजसेवा में लगा दिया। ईश्वर की असीम अनुकंपा उन्हें प्राप्त थी।

# फोर्टिस हार्ट इंस्टीट्यूट में टीआरआईएटीएम मिट्रल वाल्व का हुआ सफल प्रत्यारोपण

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/नई दिल्ली।** भारत में कार्डियाक केयर की दुनिया में जबर्दस्त पहल करते हुए, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली देश के उन गिने-चुने अस्पतालों में शामिल हो गया है जहां TRIA™ मिट्रल वाल्व इंप्लांट करने के शुरूआती मामलों को दर्ज किया गया है। यह दुनिया का ऐसा पहला हार्ट वाल्व है जिसे खासतौर से तैयार पॉलीमर से बनाया गया है।

इस सर्जरी को डॉ जेड एस महरवाल, चेयरमैन एंड हैड, एडल्ट कार्डियाक सर्जरी, हार्ट ट्रांसप्लांटेशन एंड वीएडी प्रोग्राम, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इससे पहले तक, वाल्व रिप्लेसमेंट करवाने वाले मरीजों को निम्न में से एक का चयन करना पड़ता था( टिश्यू वाल्व, जो अक्सर काफी जल्दी खराब हो जाती है, खासतौर से युवा मरीजों में और इस वजह से रिपीट सर्जरी करवानी होती है। मैकेनिकल वाल्व, जो लंबी अवधि तक चलता है, लेकिन इसके साथ आजीवन ब्लड-थिनिंग दवाओं की आवश्यकता होती है, कुछ लाइफस्टाइल प्रतिबंध भी होते हैं और दिल की हर धड़कन के साथ क्लिकिंग साउंड पैदा होती है।

### हर घर तक जागरुकता की किरण, मिशन शक्ति 5-0 बने जन-जन का चरण

**लखनऊ ।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 सितम्बर को प्रदेश भर में ग्राम स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हर महिला और हर बच्चा न केवल अपने अधिकारों और योजनाओं से परिचित हो, बल्कि समाज में सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जी सके। प्रदेश भर में नवरात्रि के पावन अवसर पर सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल स्थापित कर महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दो पर जागरूकता फैलायी गयी।

**समीक्षा**

### प्रभारी मंत्री ने बैठक में सीएमओ को फटकारा, सीएचसी अधीक्षक का वेतन रोका

# लाभार्थी योजनाओं के वितरण कार्यक्रम में विधायक व जनप्रतिनिधि हों शामिल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने साफ निर्देश दिए कि लाभार्थी योजनाओं के वितरण कार्यक्रम में स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

मंत्री ने अफसरों को चेताया कि योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को समय से दी जाए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि और प्राइमरी सेक्टर की बड़ी भूमिका है। इस वजह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम और सिंचाई योजना जैसी स्कीमों का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कृषि यंत्र और उपकरण वितरण कार्यक्रम विधायकों के माध्यम से किए जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि मार्च 2025 तक 1,95,953 किसानों को किसान सम्मान निधि की किस्त दी जा चुकी है, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 2,15,417 तक पहुंच गई। मंत्री ने कहा कि मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से किसान अधिक आमदनी कर सकते हैं। विभाग को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ा जाए। बैठक के दौरान फैजुल्लागंज सीएचसी में दो महीने से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन का मामला उठा। मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को फटकार लगाते हुए सीएचस अधीक्षक का वेतन रोकने और तुरंत मशीन दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम लतीफ नगर में खराब पड़े ट्यूबवेल पर भी चर्चा हुई। अधिशासी अभियंता को दो दिन में ट्यूबवेल ठीक करने के आदेश दिए गए। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति पर भी चर्चा हुई।

### बीबीएयू पहुंचे वित्त मंत्री, हाईटेक व्याख्यान कक्ष का किया शिलान्यास

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय कैंपस में बुधवार को व्याख्यान कक्ष परिसर की आधारशिला रखी गयी। इस दौरान प्रदेश सरकार के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मौजूद रहे। केंद्रीय इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने उनसे कैंपस में इन्क्यूबेशन सेंटर बनाने के लिए सपोर्ट मांगा। सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि विश्वविद्यालय में निर्मित होने वाला नया व्याख्यान कक्ष स्टूडेंट्स के लिए एक अवसर के समान है। ये उनके शैक्षणिक, बौद्धिक और व्यवसायिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के बिना समग्र विकास की परिकल्पना संभव नहीं है, क्योंकि शिक्षा ही वह आधार है जो न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि मानवता से जोड़ते हुए किसी व्यक्ति को वास्तविक अर्थों में 'मनुष्य' बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की विद्वता और विचारधारा का गुणगान आज संपूर्ण विश्व करता है।

# विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई एनआरएलएम विभाग की समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज



- एनआरएलएम की समीक्षा बैठक में डीसी एनआरएलएम सहित तीन बीडीओ तथा छह एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि की गई जारी
- एनआरएलएम विभाग की समीक्षा में खराब प्रगति वाले 06 ब्लॉक मिशन प्रबन्धकों के मानदेय रोकने के दिये निर्देश : सीडीओ

**गोण्डा।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में डे-एनआरएलएम अन्तर्गत विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन करने वाले विशेषकर सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर अपेक्षित प्रगति अर्जित नहीं करने पर खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत, मुजेहना एवं झंझरी के खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई।

इन विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारियों सहित पण्डरीकृपाल, हलधरमऊ एवं परसपुर के सहायक विकास अधिकारियों को भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, तथा चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति न होने पर विभागीय कार्यवाही भी प्रचलित की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बताया है कि एनआरएलएम विभाग के अन्तर्गत खराब प्रगति करने वाले 06 विकासखण्ड बभनजोत, मुजेहना, झंझरी, पण्डरी कृपाल, हलधरमऊ एवं परसपुर के ब्लॉक मिशन प्रबन्धकों के माह सितम्बर, 2025 का मानदेय अवरूद्ध कर स्पष्टीकरण मांगा गया है, तथा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत सीसीएल योजना में लगातार कई महीनों से अपेक्षित प्रगति न होने के कारण उपायुक्त स्वतः रोजगार को भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

## पत्रकार के निधन पर उ.प्र. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने परिजनों को दी सहायता



**गोंडा।** उ0प्र0 श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गोंडा द्वारा जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा के नेतृत्व में मसकनवा के पत्रकार स्वर्गीय राजेश गुप्ता की पत्नी अर्चना देवी को उनके घर जाकर 25 हजार रुपए का चेक अहेतुक सहायता प्रदान कर परिजनों को ढाढस बंधाया। वहीं गायघाट स्थित पत्रकार अरविंद कुमार के पुत्र के निधन पर घर जा कर शोक संतप्त परिवार को शोक संवेदना व्यक्त कर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने कहा कि संगठन पत्रकारों की हर तरह से सहायता के लिए कटिबद्ध है। उपाध्यक्ष विजय बहादुर तिवारी, महामंत्री महेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष पूरन चन्द्र गुप्त, मंत्री सुधांशु गुप्त, श्याम बाबू कमल, प्रदीप गुप्ता, संजय वर्मा, नवीन आदि रहे।

# डेढ़ साल से न्याय के लिए भटक रही पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** प्रकरण थाना खोडारे का है जहां ग्राम खोजवा परसा थाना खोडारे निवासिनी मीना यादव और उनके पड़ोसी बाबू यादव एवं विनय यादव का मामला है।

जहां मीना यादव के द्वारा बताया गया कि मेरा मकान और मेरे पड़ोसी के मकान के बीच 3 फुट की गली है जिसमें आधी गली उनके हिस्से में है और आधी गली मेरे हिस्से में बाबू यादव इत्यादि ने गली में खिड़की निकाला हुआ है और जब हमने गली में खिड़की निकलना चाहा तो विपक्षी बाबू यादव विनय यादव संगीता पुत्री महेश मीना पत्नी महेश इत्यादि लोगों ने मिलकर मीना यादव के घर में घुसकर तोड़फोड़ किया मकान निर्माण के लिए रखा 75000 तथा तीन मोबाइल वहां से उठा ले गये घर में घुसकर सब लोगों को मारा पीटा और मुझ गरीब को खिड़की नहीं लगाने दिया जब इस बात की शिकायत थाना खोडारे पर किया गया तो पहले तो वहां उन लोगों ने बैठा लिया कि अभी डॉक्टरी कराएंगे बाद में कहा दूसरे दिन आना जब दूसरे दिन गए तो सुलह का दबाव बनाने लगे मुझ गरीब को न्याय नहीं मिला डेढ़ साल से न्याय के लिए भटक रही हूं अब पुलिस अधीक्षक से ही न्याय की उम्मीद है।

## शाम होते ही साहबगंज मोहल्ले में चोरी, चोरों ने लाखों के जेवरात किया पार

**झंझरी गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित साहबगंज मोहल्ले में मंगलवार शाम करीब सात बजे चोरी की वारदात ने सनसनी फैला दी। मारवाड़ इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले सोनू बाल्मीकि के घर को चोरों ने निशाना बनाया और आलमारी में रखे लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित सोनू ने बताया कि घटना के समय घर का एसी लगा कमरा परिवार के सदस्यों से भरा था। पिता आंगन में नहा रहे थे और बहन रसोई में भोजन बना रही थी। तभी किसी आहट पर संदेह हुआ। भाभी को बुलाने पर गली में किसी को भागते देखा गया। जब घर के भीतर पहुंचे तो आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। चोर आलमारी में रखे दो झाला, एक चैन, अंगूठी, गले का हार और कान की बालियां ले गए। चोरी गए जेवरों की कीमत पांच से छह लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की खबर मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर इकट्ठा होकर तरह–तरह की चर्चाएं करने लगे। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू की। चोरी से पीड़ित परिवार, खासकर महिलाओं का रो–रोकर बुरा हाल है।

## खबरें एक नजर में

### एक दिन के लिए मानसी प्रजापति बनीं जिलाधिकारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 5.0 फेज के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिक्षा क्षेत्र झंझरी की कक्षा आठ की बालिका मानसी प्रजापति पुत्री बद्री प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम रामभारी विकासखण्ड झंझरी गोण्डा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। मानसी प्रजापति जिलाधिकारी बनते ही कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को अपना परिचय दिया। साथ ही बैठक में उसने सभी अधिकारियों से कहा कि पूरी पढ़ाई करने के बाद यदि भविष्य में मुझे जिलाधिकारी बनने का मौका मिलता है तो हम भी जनपद के लिए अच्छा कार्य करूंगी।

### ट्रेन से कटकर किशोर की मौत

**झंझरीगोंडा**, समृद्धि न्यूज। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मदन पुर गांव के निवासी डब्लू का 16 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार मंगलवार के दिन दिल्ली कमाने जाने के लिए गोंडा रेलवे स्टेशन पर आया। देर शाम को दिल्ली जाने वाली ट्रेन पर बैठ गया। भीड़ ज्यादा होने की वजह से कैथोला रेलवे स्टेशन के आस पास ट्रेन से गिर कर कट कर की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि हल्का के दरोगा राहुल मौर्या को मौके पर भेजा गया। हल्का दरोगा राहुल मौर्या ने बताया कि उस की पहचान उस के पास से मिले आधार कार्ड से करा कर घर वालो को सूचना दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकती हुई लाश मिली

**झझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लक्ष्मण पुर जाट के मजरा पजवा निवासी 19 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र जनक राम की लाश घर से थोड़ी दूर स्थित एक पेड़ से लटकती हुई मिली है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक सर्वेश कुमार के पिता जनक राम ने बताया कि उस का पुत्र खेत में फसल की रखवाली करने के लिए गया था। खेत में ही बकैना का पेड़ लगा हुआ था। उसी में रस्सी से शव लटक रहा था। बुधवार की सुबह तड़के कुछ ग्रामीणों ने शव को लटकता हुआ देखा तो इस की जानकारी घर वालो को दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पेड़ से उतरवा कर पंचायत नामा भरवा कर पोस्ट मार्टम भेजा गया है।

नेपाल की मोटरबोट घाघरा बैराज में मिली

### गेट नंबर 14 पर फंसी नाव, वन विभाग व पुलिस कर रही जांच




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सुजौली थाना क्षेत्र में चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पर बुधवार सुबह एक नेपाली मोटरबोट मिली। बैराज के अप स्टीम में गेट नंबर 14 पर फंसी इस नाव पर मेड इन नेपाल लिखा हुआ है। बैराज प्रभारी नितिन यादव को कर्मचारियों से सूचना मिलते ही उन्होंने वन विभाग की कतर्नियाघाट रेंज टीम और सुजौली पुलिस को सूचित किया। मौके पर वन विभाग की टीम ने मोटरबोट को बीच नदी से निकालकर किनारे पर बांध दिया। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कतर्नियाघाट रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौंड भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मोटरबोट किस परिस्थिति में बैराज तक पहुंची। मोटरबोट मिलने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी बैराज पर एकत्रित हो गए।

### कबाड़ बीनने वाले को चोर समझकर पीटा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामगांव इलाके में कबाड़ बीनकर अपना जीवन यापन करने वाले करन नामक युवक को कुछ लोगों ने चोर समझकर पीट दिया। घटना मंगलवार शाम की है। करन कटी चौराहे के पास किराए के मकान में रहता है। वह सब्जी मंडी के पास कचरा बटोर रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने बिना पूछताछ किए उस पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही रामगांव थाने की हाईवे पुलिस चौकी के कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पिछले पांच दिनों में जिले के रिसिया, पयागपुर और मिहिपुरवा इलाके में चोरी की सात से अधिक वारदातें हुई हैं। चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। इन घटनाओं से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। इसी कारण लोगों ने अनजान व्यक्ति को चोर समझकर पीट दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर के बाहर खेल रही बच्ची का हाथ खा गया भेड़िया

समृद्धि न्यूज

- आदमखोर भेड़िया जंगली जानवरों का हमला लगातार जारी

**बहराइच।** भेड़िए के हमले में फिर से 1 मासूम की मौत हो गई। 3 साल की बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी दबे पांव भेड़िया वहां पहुंचा। वह बच्ची को मुंह में दबाकर खेतों की ओर भागने लगा। वहीं बच्चे की रोने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

सभी डंडा लेकर भेड़िए के पीछे दौड़े। शोर सुनकर भेड़िया बच्चे को छोड़कर खेत की ओर चला गया। लेकिन भेड़िया बच्ची का एक हाथ खा चुका था। ग्रामीण बाइक से बच्ची को लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत बता दिया।

कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली इलाके में स्थित बाबा पटाव ग्राम मे बुधवार को दोपहर 3 बजे भेड़िए ने बच्ची पर हमला किया है। गांव वालों को बच्ची अपने घर से 500 मीटर दूर खून से लथपथ मिली। बच्ची का बायां हाथ गायब था। उसके चेहरे पर भी घाव के निशान थे। बच्ची का नाम सोनी था। पिता का नाम बाबू लाल है।

पिता ने बताया, मेरी बेटी को भेड़िया ले गया था। उसका मुंह बहुत बड़ा था। गांव के लोग उसके पीछे दौड़े लेकिन बच्ची का हाथ भेड़िया खा गया। इस वजह से उसकी मौत हो गई। मैं तो मजदूरी पर था। खबर मिलते ही अस्पताल पहुंचा हूं। भेड़िए की वजह से अब जीना मुश्किल हो रहा है। मंझरा तौकली के ग्रामवासी बेहद दुखी है और सारे ग्रामवासी डरे एवं सहमे हुए हैं।

## थानाध्यक्ष ने आयोजकों को पुलिस मित्र कार्ड देकर शांति और सुरक्षा की दी सीख



**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज में मंगलवार को थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकगण और रामलीला समितियों के सदस्यों को पुलिस मित्र कार्ड वितरित किए।

उन्होंने सभी आयोजकों से अपील की कि वे उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। उनकी सक्रियता और स्पष्ट संदेश पर आयोजकों ने पूरी सहमति जताई और सहयोग का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष की यह पहल क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत करने वाली साबित हुई।

## अपने स्वास्थ्य का रखें ध्यान स्वस्थ महिला सशक्त भारत का करें निर्माण : डॉ. प्रज्ञा



समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अंतर्गत चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकासखंड फखरपुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बहराइच/श्रावस्ती डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

मौजूद गर्भवती व घरेलू महिलाओं को जागरुक करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि परिवार के साथ स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत ही आवश्यक है। तभी प्रधानमंत्री मोदी की जो कल्पना है स्वस्थ महिला सशक्त भारत इस ध्येय की पूर्ति तभी संभव है। इसलिए महिलाओं को घरेलू कार्यों के साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के समस्त सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर समस्त प्रकार की जांच व अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं कीपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की है जिसका लाभ प्राप्त करे । उन्होंने सीएचसी केंद्र पर लगे विभिन्न स्टाल का निरीक्षण किया एवं सरकार द्वारा प्रदत्त कराई जा रही मरीजों को सुविधाओं से अवगत कराया।तत्पश्चात सीएचसी फखरपुर के कार्यरत कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक, डिप्टी सीएमओ, विधानसभा कैसरगंज संयोजक गौरव वर्मा,मंडल महामंत्री श्याम जी त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार शुक्ला, समाजसेवी कौशलेंद्र प्रताप शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अदालत के आदेश पर लेखाधिकारी ने कॉलेज प्रबंधक को भेजी नोटिस, मांगे महत्वपूर्ण अभिलेख



**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में योजित अवमानना याचिका संख्या 2477/2024 के अनुपालन में वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा गोंडा ने घमंडीराम लघु माध्यमिक विद्यालय, रामदत्तपुर के प्रबंधक/प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर आवश्यक अभिलेख तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अदालत के आदेश के अनुपालन में विद्यालय से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इनमें उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका एवं आदेश की प्रमाणित प्रति, शासनादेशों की प्रतियां, शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा निर्गत भुगतानादेश, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक की अनुमन्यता, विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की नियुक्ति एवं कार्यभार ग्रहण प्रमाणपत्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी भुगतानादेश, वेतन संशोधन प्रपत्र व वेतन बिल, अनुदानित जूनियर व सम्बद्ध प्राइमरी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों की प्रमाणित सूची तथा तथ्यगोपन न करने का शपथपत्र शामिल हैं। लेखाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए तो उच्च न्यायालय में विद्यालय प्रबंधक/प्रधानाचार्य को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

# एक दिन के लिए बीएसए बनी छात्रा अर्चना, दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मिशन शक्ति के तहत विद्यालय की होनहार छात्राओं को एक दिन का प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा में कक्षा 8 की छात्रा अर्चना ने बीएसए का पद संभालते हुए कार्यालय में बैठकर विभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने सहयोग किया तथा कार्यक्रम की नोडल सहायक शिक्षिका महिमा दुबे ने कार्यक्रम की व्यवस्था की और पद के कार्य प्रणाली से छात्राओं को अवगत कराया। वहीं कक्षा 6 की छात्रा गुड़िया को शिक्षिका बनाया गया। इसी विद्यालय की छात्रा प्रिंका को एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया।

अधिकारी बनी छात्राओं ने एक दिवसीय कार्यकाल में न केवल कार्यालय का निरीक्षण किया, बल्कि विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने बताया यह पहल केवल छात्रों को प्रशासनिक कार्य के प्रति जागरूक करने का एक प्रयास नहीं, बल्कि उनमें नेतृत्व कौशल विकसित करने का भी अवसर प्रदान करती है। मिशन शक्ति कार्यक्रम मे शिक्षामित्र रत्ना सिंह, रसोईया, अभिभावक मौजूद रहे।

## पीएमएस संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरू, दो डॉक्टरों ने किया नामांकन



**बहराइच।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन के बाद सात सितंबर को सीएमओ सभागार में मतदान किया जाएगा। पीएमएस संघ का चुनाव जिले में सात अक्तूबर को होगा। इसके लिए 17 नवंबर से नामांकन प्रक्रिया चल रही है।

जिला क्षय रोग के चिकित्सक डॉक्टर पीके वर्मा ने बताया कि अब तक 100 से अधिक लोगों ने नामांकन किया है। नाम वापसी 25 सितंबर को है। वहीं अध्यक्ष पद के लिए समाजसेवी व चिकित्सक डॉ अनिल मौर्या व डॉक्टर निशाकांत सिंह दावेदारी पेश किया हैं। हालांकि सात अक्तूबर को मतदान के बाद स्थिति साफ हो जाएगी।

# दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन में बड़ी समस्या विश्राम घाट से वापसी का मार्ग जर्जर

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद वापसी मार्ग को लेकर गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। रिसिया के विश्राम घाट पर प्रतिमा विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी के लिए रेलवे ट्रैक के बगल का मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है। पिछले डेढ़ वर्षो से रेलवे के द्वारा किये गये अमान परिवर्तन के कारण रास्ता काफी दयनीय हालत मे पहुंच गया है पिछले कई वर्षों से इसी मार्ग से विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी होती थी।

रेलवे के अमान परिवर्तन के कारण यह मार्ग अब संकरा हो गया है। यह वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं रह गया है। इतना ही नही अब तो यह मार्ग शायद ही दुरुस्त हो सके। अब चंद दिन बचे है विसर्जन शोभा यात्रा के ऐसे इतनी जल्दी मार्ग ठीक कराना प्रशासन के लिये एक चुनौती बन गया है।दुर्गा पूजा महासमिति रिसिया के अध्यक्ष डॉ. राजू निगम ने एक माह पूर्व ही प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा दिया था। उन्होंने लिखित पत्र सौंपने के साथ मौखिक रूप से भी इस विषय में जानकारी दी थी। लेकिन प्रशासन ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। अब प्रशासनिक अमला बार-बार निरीक्षण कर रहा है लेकिन अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंचा है। अब प्रशासनिक अधिकारी बार-बार स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। तहसीलदार सदर अनिरुद्ध यादव, नायब तहसीलदार प्रविंद प्रताप गिरी, क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ शर्मा और ग्राम पंचायत अधिकारी महेश मिश्र ने घाट से लेकर रेलवे ट्रैक तक का निरीक्षण किया। उप निरीक्षक किशन लाल और हेड कॉन्स्टेबल सर्वजीत यादव भी मौके पर मौजूद रहे। लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। फिलहाल प्रशासन वैकल्पिक रास्ते पर भी मंथन कर रहा है लेकिन उस पर भी सहमति नही बन पा रही है ऐसे मे यह वापसी मार्ग प्रशासन के लिये सिर दर्द भी बन गया और चुनौती भी बन गई है। फिलहाल अभी तक हल न निकलने से महासमिति भी चिंतित है।

# राम सागर इण्टर कॉलेज में आयोजित किया गया मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा कार्यक्रम

मैं अपनों से नाता तोड़ कर आया हूँ, क्योंकि मैं खाकी हूँ। अपने छोटे-छोटे बच्चों को रोता छोड़कर आया हूँ : शैलेश कुमार



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मिहींपुरवा तहसील अंतर्गत स्थित कसौजी सर्रा कला के राम सागर इंटर कॉलेज थाना मोतीपुर द्वारा महिला सम्मान, नारी सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय के छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर लाइन नम्बर,181 महिला हेल्पलाइन, 1076 महिला हेल्पलाइन, 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 आपात कालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा समेत अन्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

इस मौके पर थाना मोतीपुर से कार्यक्रम का संचालन मुख्य आरक्षी शैलेश कुमार द्वारा किया गया तथा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया की सरकार द्वारा चलायी जा रहीं हेल्पलाइन पर फ़ोन कर के किसी भी कठिन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

इसी क्रम में आरक्षी कोमल गुप्ता नें बच्चियों को उत्साहित करते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया की बिना शिक्षा के समाज में बेटियों का उत्थान सम्भव नहीं है और ज़ब बेटियां उन्नति नहीं करेंगी तो समाज उन्नति नहीं करेगा। साइबर क्राइम से जुड़े पहलुओं को उजागर करते हुए फ़ोन का किस प्रकार समाज में बैठे कुछ अनुचित लोग बालिकाओं को झांसे में लेकर दुरूपयोग कर के ब्लैकमेल करते है जिससे किस प्रकार बचा जा सकता है तथा बैंक संबंधी साइबर फ्राड से किस प्रकार सतर्क रहनें को विस्तृत रूप से जागरूक किया। इस मौके पर सब राम सागर इंटर कालेज के प्रिंसिपल संतोष कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर कमलेन्द्र प्रताप सिंह,सब इंस्पेक्टर रोहित वर्मा, मुख्य आरक्षी वीरेंद्र प्रताप, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र यादव, आरक्षी लवली अग्रहरी समेत विद्यालय स्टाप एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

निर्देश

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

# एसडीएम अपने साथ कैमरा व ड्रोन की भी व्यवस्था रखें : सीडीओ

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन, दशहरा इत्यादि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सड़क, साफ-सफाई, बिजली एवं पानी की आपूर्ति के लिए नामित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि ज़ोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ अनिवार्य रूप से अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर लें।

एसपी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजन से संवाद कर स्थानीय समस्याओं एवं कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर उसका समाधान भी करायें। समस्त ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया कि जुलूस/विसर्जन मार्गों का भ्रमण अवश्य करें सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर लें, यदि सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील न हों तो उन्हें दुरूस्त भी करा लें। कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं तथा उनके द्वारा नामित स्वयं सेवक (वॉलन्टिअर) के नाम व मोबाइल नंबरों की सूची भी अपने पास रखें। सेक्टर मजिस्ट्रेटस को निर्देश दिया गया है कि आवंटित सेक्टर क्षेत्र में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित/समाज सेवी व्यक्तियों को शान्ति मित्र के रूप में चिन्हित कर उनकी सूची नाम व मोबाइल नंबर सहित अपने पास रखें तथा अपने जोनल एवं सुपर जोनल मजिस्टेट्स को भी उपलब्ध करायें। पुलिस अधीक्षक द्वारा ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया कि संवेदनशील स्थल/चैराहों का निरंतर भ्रमण करें तथा मौजूद लोगों से वार्ता करते रहें। यदि किसी प्रकार की निरोधात्मक कार्यवाही की आवश्यकता हो तो अपने सुपर जोनल/उप जिला मजिस्ट्रेट को अवगत करायें। सभी सम्बन्धित यह भी सुनिश्चित करें कि डी.जे. पर बजने वाले गाने भड़काऊ न हों तथा किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वाले भी न हों। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत तैनात किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ वार्ता कर उन्हें क्षेत्र की परिस्थितियों से अवगत करा दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें लें कि जुलूस/विसर्जन मार्गों, धार्मिक स्थलों, पूजा पण्डालों, घाटों इत्यादि की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ बिजली, पानी व प्रकाश इत्यादि की व्यवस्था दुरूस्त करा दें। सीडीओ ने निर्देश दिया नदियों एवं घाटों जहां पर विसर्जन होना है वहां पर सुरक्षा के दृष्टिगत गहरे स्थानों पर संकेतांक लगाने के साथ-साथ बैरीकेडिंग व आवश्यकतानुसार नाव व गोताखारों की भी व्यवस्था की जाय। सीडीओ ने एसडीएम को यह भी निर्देश दिया कि अपने साथ कैमरा व ड्रोन की भी व्यवस्था रखें। बैठक के दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा भी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को कानून एवं शान्ति के सम्बन्ध में आवश्यक सुझाव दिये गये।

## खबरें एक नजर में

### कोटेदार के पिता का हुआ निधन

**महराजगंज, रायबरेली।** कोटेदार के पिता के निधन से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर अमावा विकासखंड क्षेत्र के अशर्फाबाद ग्राम पंचायत के कोटेदार मुकेश के पिता दयाराम का लगभग 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया उनके निधन की सूचना जैसे ही लोगों को मिली उनके आवास पर ढ़ाढस बंधाने वालों का तांता लगा गया। दयाराम पुत्र अहोरवादीन 60 वर्ष की उम्र में कैंसर की बीमारी के चलते बुधवार को निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया।

### सड़क पार कर रहे हैं मां व मासूम को अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने मारी टक्कर, घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे माँ व मासूम को तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल माँ मोनी पत्नी दीपक उम्र 26 वर्ष निवासी स्टेशन रोड कस्बा बछरावां अपने मासूम बेटे दिव्यांश उम्र 2 वर्ष को लेकर रेलवे स्टेशन के पास अपने घर की तरफ जा रही थी। जैसे ही वह सड़क पार करने लगी, तभी तेज रफ्तार अज्ञात स्कूटी सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में आसपास मौजूद लोगों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा घायल अवस्था में उन दोनों का उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को सामान्य देखते हुए उन्हें घर भेज दिया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**शिवगढ़, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में चलाया जा रहे संदिग्ध व्यक्ति ,वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया जानकारी के मुताबिक थाना शिवगढ़ के गुमावा चौकी क्षेत्र अंतर्गत दरियावगंज नहर पुलिया के पास बुधवार को संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर विनोद पुत्र स्वर्गीय संतलाल निवासी अकबरगंज मजरे अलीपुर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गुमावा आयुष वत्स, एसआई, सत्यपाल सिंह, मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी शेषधर,रोहित पाल मौजूद रहे।

### औषधीय पौधों की गुणवत्ता आधारित गोष्ठी आयोजित



**बिसवां (सीतापुर)।** मां गायत्री फाउंडेशन के नेतृत्व में आदर्श जनता इंटर कॉलेज रूसहन में औषधीय पौधों की गुणवत्ता विषय पर गोष्ठी हुई। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने की। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वैज्ञानिक डॉ. दयाशंकर ने तुलसी, नीम, आंवला, सहजन व चिरैता जैसे पौधों के औषधीय व पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रीमा ने आर्गेनिक खेती व दुग्ध उत्पादन के लाभ बताए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ तथा बच्चों के बीच औषधीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। प्रथम अनुष्का मिश्रा समेत 10 बच्चों को पौधे देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान आलोक कुमार वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के डायरेक्टर योगेश कुमार कौशिक ने आभार व्यक्त किया।

### जनपद के कृषक प्राप्त कर सकते हैंमिशन (एम.आई.डी.एच) योजना का लाभ

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत जनपद को पहली बार संगन्ध/औषधी/मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत बेला-1हे., सतावर-1हे. व धनिया-3हे. की खेती के लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। इच्छुक कृषक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्र यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मोबाईल नम्बर के साथ एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) के कार्यक्रम हेतु उद्यान विभाग की बेवसाईट dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण कराना होगा। योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार देय होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर, सीतापुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### अर्टिगा में दो कुंतल मादक पदार्थ डोडा के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस को क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक अर्टिगा कार सुलतानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही है जिसमें पोस्ता छिलका डोडा रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग लगाकर सुलतानपुर की तरफ से आ रही अर्टिगा कार को घेर कर रोक लिया गया तथा चालक से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम आदित्य सचदेव पुत्र अमृत लाल सचदेव निवासी मोहल्ला 32 सिविल लाइन इण्डियन बैंक के सामने थाना सिविल लाइन जनपद बदायूं बताया। अर्टिगा कार की तलाशी से 12 बोरियों में करीब 2 कुन्तल पोस्ता छिलका डोडा बरामद हुआ। अर्टिगा कार के कागज मांगने पर दिखा न सका । बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को नियमानुसार मौके से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बरामद पोस्ता छिलका डोडा वह डालटनगंज, झारखण्ड से लेकर बदायूं जा रहा था उक्त पोस्ता छिलका डोडा लाने के लिये उसे अभय कुमार सिंह ने झारखण्ड भेजा था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना प्रभारी इन्हौना प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### इन्हौना थाना क्षेत्र में 54 स्थानों पर स्थापित हुईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्याय पंचायत इन्हौना चिलौली क्षेत्र के पूरे दुल्हिन का पुरवा( हनुमंत नगर), इन्हौना, पूरे गोसाई, दिलावलगढ़, आजादपुर, राजाफतेहपुर, बिझौरा, सरायमांधौ, सातनपुरवा, टेढ़ई, अहोरवाभवानी, चिरैया आदि स्थानों पर माता रानी का भव्य दिव्य दरबार सजाया गया है। भिन्न भिन्न स्थानों पर धारावाहिक रामायण, जागरण, भक्ति संगीत का कार्यक्रम निर्विघ्न संचालित हो रहा है। समाजसेवी नेता राम किशोर त्रिवेदी बब्लू भैया आशुतोष कुमार गुप्ता, रामू भईया, एड. उत्तम सिंह, नरोत्तम सिंह, मंतोष पाल, राजेश कुमार माली, रोहित पाल, दीपक तिवारी, रवि पाल, डॉ मलखान सिंह, उदय प्रताप सिंह, अरुण सिंह, अभिसेख त्रिवेदी, यस त्रिवेदी, सौरव यादव सहित क्षेत्र वासियों ने शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माता रानी के चरणों में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता रानी के दिव्य स्वरूप की आंखों की पट्टी खोले जाने के साथ पूरा मंदिर जयकारों से गूंज उठा। आयोजको ने इस अवसर पर माता रानी से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की।

### कक्षा 8 की छात्रा कशिश मौर्य बनीं एक दिन की एसडीएम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत बुधवार को तहसील मुसाफिरखाना में उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया के नेतृत्व में एक विशेष पहल की गई। इस पहल के तहत कंपोजिट विद्यालय जमुवारी की कक्षा 8 की छात्रा कशिश मौर्य को एक दिन का उपजिलाधिकारी बनने का अवसर दिया गया। एसडीएम की जिम्मेदारी संभालते हुए कशिश मौर्य ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों का जायजा लिया और साफ-सफाई, फाइलों व अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार के साथ एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई भी की। इस दौरान शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बालिका एसडीएम के उत्साह और नेतृत्व कौशल की सराहना की। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। अभियान के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

---

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की गई समीक्षा**

# सुरक्षित व सुगम यातायात परिचालन के निर्देश

▸ अपनाएंगे सड़क सुरक्षा तो होगी सबकी रक्षा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्टर हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गो पर अवैध कटों को बंद कराने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, हाईवे-1 व नेशनल हाईवे-1 को मॉडल सेफ रोड के रूप में विकसित करने, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण, अतिक्रमण हटाने तथा प्रवर्तन कार्रवाई को प्रभावी बनाने पर केंद्रित रहा। हाईवे किनारे संचालित विद्यालयों के आसपास अवैध कटों पर विशेष चर्चा की गई।

**बीएसए को निर्देश...सभी विद्यालयों में हो सुरक्षा गार्ड:** कलेक्टर ने बीएसए को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा विद्यालयों में संचालित पुराने वाहनों की फिटनेस समय-समय पर जांची जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मानकविहीन व पुराने हो चुके वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाए तथा रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो। डीएम ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। हिट एंड रन मामलों में परिवहन विभाग को कराधान अधिनियम/नियमावली के अंतर्गत प्रतिकार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, डीआईओएस संजीव सिंह, एआरटीओ, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एसीएमओ डॉ. अरविंद, बीएसए राहुल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**नशीली दवाओं और अवैध शराब पर उठाए सख्त कदम:** नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण तथा अवैध अफीम खेती की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्रवाइयों की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अवैध अफीम की खेती पाई जाए, वहां तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही नशीली दवाओं के अवैध व्यापार में लिप्त मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

**ड्रग इंस्पेक्टर और आबकारी अधिकारी ने अबतक की गई कार्यवाही से कराया अवगत:** अब तक जनपद में चार मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई की गई है और आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है।

**ऑनलाइन नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त पर बनाए रखे नजर: एसपी-** पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि नशीले पेय पदार्थ और ड्रग्स की ऑनलाइन खरीद-फरोख्त पर भी विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह, एसीएमओ डॉ. अरविंद, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनाया इंस्टीट्यूट द्वारा सम्मान समारोह आयोजित



**सलोन, रायबरेली।** क्रिकेट कबड्डी प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें शिक्षकों पत्रकारों एवं खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया।सलोन क्षेत्र के सूची कस्बे में संचालित अनाया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (कंप्यूटर एंड पैरामेडिकल साइंस) द्वारा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सूची में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिसमें क्रिकेट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आयोजक अखिलेश सैनी ने कहा यह आयोजन न केवल प्रतिस्पर्धा का बल्कि छात्र एवं समाज के प्रति समर्पण और कठिन मेहनत का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हम शिक्षक पत्रकार एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान करने का अवसर प्रदान हुआ।इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

## धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा दुर्गा पूजा का पर्व

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र का उत्सव धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है सोमवार को पहले दिन विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है डलमऊ क्षेत्र के ग्राम सभा जोहवा नटकी धर्म शाला मंदिर परिसर में सभी के सहयोग से दुर्गा मां की मूर्ति स्थापित की गई है। जिसमें भक्तों का काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं। वहीं शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए सुबह शाम पंडाल में आरती के समय भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हैं और पूजा पंडाल में माता रानी के जयकारे गूंज रहे जिससे पूरा पंडाल माता के जयकारों से गुंजामय हो गया।भक्तों ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार नवरात्र के 9 दिन मां दुर्गा की आराधना के लिए विशेष दिन माने जाते है। भक्त परिवार सुख समृद्धि और मनवांछित वरदान प्राप्त करने के लिए श्रद्धा से पूजा कर रहे है। दुर्गा पंडाल में सुबह 8 बजे और शाम को 8 बजे आरती आयोजित की जाती जिसमें भक्त बढ़ चढ़कर पहुंचते हैं। आंबा गांव निवासी श्री अनुराग पुजारी पंडित के मुताबिक माता का श्रृंगार भी उनके स्वरूप के अनुसार किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को माता के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा( महा सरस्वती) की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों में सचिन रावत, ऋतिक सिंह, शिवबाबू, शानू, सौरभ सिंह, विजय सिंह, शिवम, अनुराग, हर्षित सिंह, हिमांशु गुप्ता, राहुल मौर्य, सोनू सिंह सहित समस्त ग्रामवासी शमिल रहे ।

### दुर्घटना का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है सुल्तानपुर गांव, टला बड़ा हादसा

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर गांव दुर्घटना का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। बुधवार को भी इसी केंद्र बिंदु पर एक बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच गई। जिसमें गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना नहीं घटित हुई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल कार सवार दंपति अंकुर जायसवाल पुत्र बसंतलाल जायसवाल उम्र 42 वर्ष निवासी गोमती नगर जनपद लखनऊ अपनी पत्नी पूजा जायसवाल उम्र 35 वर्ष के साथ कार से बछरावां से महाराजगंज की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह उक्त मार्ग पर सुल्तानपुर गांव के पास पहुंचे वैसे ही सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार से बचने के चक्कर में उनकी कार मार्ग किनारे गहरी खाई में जा गिरी। कार खाई में जाते देख मौके पर मौजूद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और कार में फंसे पति-पत्नी को कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने किसी तरह बाहर निकाला। वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से दंपती को घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थान दुर्घटना का केंद्र बिंदु बनता चला जा रहा है। लोक निर्माण विभाग को इस स्थान पर संकेतक या डिवाइडर बनाने की आवश्यकता है। ताकि राहगीरों को दुर्घटना से बचाया जा सके। क्योंकि विगत 6 माह पूर्व इसी स्थान पर एक बोलेरो और ट्रैक्टर की भिड़ंत में कई लोगों की जान जा चुकी है। वैसे तो उक्त स्थान पर दर्जनों सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। घायल दंपति के द्वारा बताया गया कि घटना के समय सीट बेल्ट लगे होने की वजह से कार के एयरबैग खुल गए थे, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

## डीएम की अध्यक्षता में संचालन समिति की बैठक आहूत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति की दिनांक 24.09.2025 को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 97 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई तथा पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक महोदय (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रतिनिधि), संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (प्रतिनिधि), अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर नगरवासियों को चेयरमैन ने दिया तोहफा

▸ नगर के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं: प्रभात साहू



**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत के पैगंबर नगर में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए फावड़ा चलाकर शुभारंभ किया गया। वार्ड नंबर 8 पैगंबर नगर में अख्तर के मकान से लेकर इमरान के मकान तक 80 मी नाली निर्माण का शुभारंभ किया तो वही सीसी रोड का भी शुभारंभ किया नवरात्र में नगर वासियों को विकास का तोहफा देते हुए विकास पुरुष प्रभात साहू ने कहा कि नगर में जहां कहीं पर भी कोई कार्य रह गया है उसे युद्ध स्तर पर कराने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। और लगातार नगर का विकास होता रहे इसके लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं जहां कहीं पर भी कोई समस्या दिखती है उसका समाधान भी तुरंत ही किया जाता है। इस मौके पर सभासद हलीम सभासद जमुना विधायक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीडीसी द्वारा कराया गया मादक पदार्थों का विनष्टीकरण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के उपस्थित में जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों के संबंधित पंजीकृत अभियोग से संबंधित माल के निस्तारण हेतु मा. न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) द्वारा मादक पदार्थो, स्वापक औषधियों, मनःप्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को जनपद पुलिस द्वारा जनपद के थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित पंजीकृत कुल 78 अभियोगों से सम्बंधित कुल 111.646 किग्रा अवैध गांजा, चरस, हेरोईन, स्मैक अनुमानित कीमत करीब (92,45,450/- रु0) का विनष्टीकरण मानक के अनुसार जनपद सुलतानपुर अन्तर्गत स्थित रॉयल पोलूशन कन्ट्रोल सर्विसेज के इन्सिनेटर के माध्यम से कराया गया।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ अग्रसेन जयन्ती महोत्सव

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

पौराणिक समाजवाद के पर्वतक आपसी सहयोग का सन्देश देने वाले छत्रपति महाराजा अग्रसेन की जयन्ती को सीतापुर का अग्रवाल समाज लगभग 50 वर्षो से प्रतिवर्ष बड़े धूमधाम से मनाता आ रहा है। 2025 जयन्ती महोत्सव के अन्तर्गत 4 दिवस विभिन्न पारम्परिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम वं प्रतियोगिताऐं आयोजित की गयी जयन्ती महोत्सव प्रथम दिवस तीन आयु वर्ग की साइकिल रेस प्रतियोगिता से कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ जिसको पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ कराया। साइकिल रेस बहुगुणा चैराहे से आँख अस्पताल से वापस होकर बहुगुणा चैराहे पर ही समाप्त हुई। जिसमें आयु वर्ग 7 से 11 वर्ष के बच्चों में आरव अग्रवाल प्रथम, आकर्ष अग्रवाल द्वितीय, आरव बंसल तृतीय, आयु वर्ग 12 वर्ष से 16 के बच्चों ने देवांश अग्रवाल प्रथम, वेदान्त अग्रवाल द्वितीय, शिखर तृतीय, महिला

▸ जयंती महोत्सव के अन्तर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

वर्ग में 21 वर्ष से उपर नेहा अग्रवाल प्रथम, शुभी अग्रवाल द्वितीय, निशा अग्रवाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। अगली प्रतियोगिता क्रिकेट मैच का आयोजन द्वितीय वाहिनी पीएसी के मैदान में आयोजित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में दो टीमों अग्रवाल इलेवन व अग्रसेन इलेवन के बीच 15-15 ओवर का मैच हुआ जिसमें अग्रवाल इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया अग्रसेन इलेवन 14 ओवर में 108 रन पर ही ढेर हो गयी और अग्रवाल इलेवन 71 रन से मैच जीत गयी मैन ऑफ दी मैच के कप्तान निमिष अग्रवाल रहे जिन्होने 18 रन देकर 4 विकेट लिए एवं 30 रन बनाये क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरुष्कार मुख्य अतिथि सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी संतोष कुमार मीना (आई.पी.एस.) ने खिलाड़ियों को वितरित किये अगली प्रतियोगिता बैडमिन्टन मैच का आयोजन सिंघानिया एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट के टेनिश कोर्ट में आयोजित की गयी जिसमें आयु वर्ग 10 से 15 वर्ष डबल्स प्रतियोगिता में चिराग अग्रवाल व तन्वी अग्रवाल की जोड़ी प्रथम, यशस्वी अग्रवाल व ध्रुव मोदी की जोड़ी द्वितीय आयु वर्ग 16 से 24 वर्ष में देवांश कनोडिया प्रथम वंश अग्रवाल द्वितीय आयु वर्ग 25 वर्ष से उपर महिलाओं ने नैनी अग्रवाल प्रथम, जूही अग्रवाल द्वितीय, आयु वर्ग 25 वर्ष से उपर पुरुष वर्ग में शुभग अग्रवाल प्रथम, धीरज अग्रवाल द्वितीय को पुरस्कार वितरित किए गए। महोत्सव के कार्यक्रम की योजना रचना प्रबन्धन व संपादन में अरविन्द अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आकाश अग्रवाल बजरंगी, विकास अग्रवाल, संजय दारुका, वैभव बसंल कृष्णा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, साधना अग्रवाल, मिथिला सर्राफ, संगीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल आदि ने प्रमुख भूमिका निभायी।

## धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड जामो मुख्यालय स्थित एस.एन. हास्पिटल में डॉ अनूप तिवारी व डॉ सुनीता तिवारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर संजय सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए हुए डॉ श्याम नारायण उपाध्याय व डॉ प्रेमलता उपाध्याय को 50 वर्षों से अधिक आयुर्वेद में सेवा देने के लिए उत्कृष्ट सम्मान दिया गया। डॉ.सुनीता तिवारी ने आए हुए लोगों को आयुर्वेद से होने वाले इलाज व उनके लाभ की सही जानकारी दी। आयुर्वेदिक इलाज के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशाल रैली निकाली गई, जो जनता शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज से प्रारंभ हुई, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों पर समाप्त हुई। वहीं पर छोटा सा कार्यक्रम हुआ जिसमें लोगों को बताया गया कि हमारे बीच में पाये जाने वाले पेड़ - पौधों व जड़ी बूटियों द्वारा भी इलाज संभव है जो आयुर्वेद में सम्भव है। आयुर्वेद के बढ़ावा के लिए डॉ सुनीता तिवारी ने आए हुए सभी लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अनेक रोगों और उनके इलाज के विषय में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के विषय में डॉ अनूप तिवारी ने चर्चा की और आए हुए लोगों से कहां की आयुष्मान कार्ड बनवा लें और भारत सरकार द्वारा मिलने वाले लाभ को प्राप्त करें। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों के अधीक्षक शैलेष गुप्ता, अजय सिंह, राकेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## घर में अकेली महिला को चोरों ने बनाया निशाना



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी थाना क्षेत्र के डेढ़पसार के जमालपट्टी गांव में मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे बदमाशों ने घर में अकेली महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। बताया जा रहा है कि शाम करीब पांच बजे लवकुश यादव की पत्नी पुष्पा घर पर अकेली थीं। उनके पति किसी काम से हथकिला बाजार गए थे और मां पशुओं को चराने बाहर गई थीं। इसी बीच दो युवक अचानक घर में घुस आए। महिला ने बताया कि बदमाशों ने महिला का मुंह दबाकर गले पर चाकू रख दिया और विरोध करने पर उसकी पिटाई की। इसके बाद अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर गहने व कीमती सामान समेट ले गए। इतना ही नहीं, महिला के शरीर पर पहने गहने भी उतरवा लिए। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गांव के लोगों ने बताया कि जुलाई महीने में भी इसी घर में चोरी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। लगातार घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत का माहौल है।

### आयुष्मान भारत संविदा कार्मिकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमेठी।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में कार्यरत जिला क्रियान्वयन इकाई कार्मिकों ने मानदेय की वृद्धि के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है। आयुष्मान भारत में काम करने वाले संविदा कर्मी 23 सितम्बर 2018 से अनवरत काम करते हुए योजना को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य पूर्ण ईमानदारी पूर्वक कर रहे हैं। आज तक मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। डॉ. अनूप तिवारी जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अमेठी में संविदा कार्मिक हैं। उन्होंने मानदेय को बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा और विश्वास जताया है कि मुख्यमंत्री हमारे मानदेय में वृद्धि जरूर करेंगे।

## सही विधि से ही लाभकारी है उपवास

उपवास महा औषधि का काम करता है जिससे हमारा शरीर और पाचन तंत्र सुदृढ़ बनता है। आमतौर पर लोगों में धारणा है कि उपवास का मतलब खाना छोड़ देना है। परंतु एकदम खाना छोड़ देने से उपवास का पूरा लाभ नहीं होगा। दरअसल उपवास के लिए कुछ विधियां अपनानी जरूरी हैं जैसे कि उपवास कैसे करें, तैयारी क्या करें। प्रथम तो आप अपने शरीर की जांच करें कि क्या-क्या प्रॉब्लम या व्याधियां आपको हैं। अगर आपको मोटापा है, गैस या एसिड बनता है, थके- थके रहते हो- इन सबका मतलब यह है कि आपका खाने-पीने पर कंट्रोल नहीं और बिना नियम से खाना खाते हैं। ऐसे में पहले यह निर्धारित करें कि क्या आपको उपवास पर जाना है। जानिये उपवास का महत्व क्या है, किसको रखना है व कैसे रखना है। उपवास के लिए आपको मानसिक तौर पर तैयार रहना होगा क्योंकि जैसे ही आप खाना बंद करेंगे तो आपके भूख के एंजाइम अपने समय पर आएंगे और खाने की आपकी इच्छा को प्रकट करेंगे। फिर आप अपने आप को रोक नहीं सकोगे या रुकोगे तो भी जबरदस्ती से। तो इसके लिए आपको तैयारी करनी होगी। पहले आप कुछ दिन हल्के भोजन करने होंगे जैसे कि नाश्ता छोड़ फल इत्यादि लें, लंच में सलाद लें। यानी कुछ ऐसा करें कि आपके पाचन तंत्र पर ज्यादा बोझ न पड़े और वह धीरे-धीरे अपना काम करने लगे। इससे आपको अनुभव होगा कि मैं पहले जो रोजाना खा रहा था उसके बिना काम चल सकता है। इसके बाद के चरण में एक दिन नाश्ता छोड़ दें फिर लंच कम करें फिर रात का भोजन भी कम करें धीरे-धीरे आपका शरीर उपवास के लिए तैयार हो जाएगा। हमें उपवास क्यों करना है यह जानना भी जरूरी है। यह भी कि उपवास करने से आपके शरीर में कैसे और क्या असर होता है। हमारे शरीर में एक जीवनी शक्ति होती है जिसको हमने पाचन क्रिया से मुक्त कर दिया तो जहां-जहां भी आपके शरीर में टॉक्सिन हैं वह उनको खाना शुरू कर देती है। इससे आपको हल्कापन महसूस होगा। इस दौरान पानी नियमित पीना होगा। जैसे आजकल नवरात्रि के व्रत जारी हैं तो हम उपवास के दौरान चपाती छोड़ देते हैं और दिनभर केले, दूध , पनीर व कुट्टू की रोटी आदि खाते रहते हैं। यह तरीका सही नहीं। सही व्रत से हमारे पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है और वह खुद को सुदृढ़ कर लेता है। पालतू जानवर जब भी बीमार होते हैं तो अपना खाना-पीना छोड़ देते हैं। घास इत्यादि खाकर उल्टी कर लेते हैं और तब तक आराम नहीं करते जब तक उनका पाचन तंत्र पूरी तरह से ठीक न हो जाए। इस क्रिया में दो-तीन दिन लगते हैं। उसके बाद वे अपने खाने पर आ जाते हैं। इसके विपरीत हम इंसान सारा साल हर रोज इस तरह का भोजन कर रहे हैं इसलिए हम लोग बीमार रहते हैं। उपवास का मतलब है कि हम लोग अपने पाचन तंत्र को विश्राम देकर नवरात्रों के दिनों में थोड़े-बहुत फल-सब्जी लें। जो लोग नियमित रूप से अपना भोजन भूख के अनुसार करते हैं उनको लंबे उपवास करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन जो बिना भूख के भोजन करते हैं उनके लिए उपवास करना जरूरी है। देखा-देखी उपवास करने से पौष्टिक तत्वों की कमी हो जाती है जिससे मांसपेशियां व हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इसलिए, जानकारी के बिना लंबे उपवास न करें। हां, यदि एकदम व्रत न करना चाहें तो आप उपवास छोटे-छोटे भी कर सकते हैं। उपवास काल में मन को शांत रखना बहुत जरूरी है। गांधी जी ने कहा था कि अगर उपवास काल में भोजन के साथ-साथ आप मन का उपवास भी कर ले तो आपको बहुत ही लाभ होगा। हो सके तो आप उपवास के लिए किसी नैचुरोपैथी के डॉक्टर या योगाचार्य से जानकारी ले सकते हैं।

# व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का ध्येय

**इतिहास हमें यह शिक्षा देता है कि संगठन, आत्मविश्वास और स्वाभिमान ही राष्ट्र की स्थायी स्वतंत्रता और प्रगति के आधार हैं। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और राष्ट्र की शक्ति ही सभी कार्यों की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने समझाया कि शक्ति का सही उपयोग संगठन में ही संभव है। अत: समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए संगठन और अनुशासन अनिवार्य हैं। डॉ. हेडगेवार जी ने देखा कि समाज में आत्मविस्मृति, स्वार्थपरता और अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्र पराधीन बना हुआ है। इन सभी दोषों को दूर करने और राष्ट्र में पुन: शक्ति, आत्मगौरव और राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए उपाय सुझाए। उनका विचार था कि केवल जागरूक व्यक्तियों का समूह ही राष्ट्र की प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सकता है और स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ बन सकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वाभिमानी, संस्कारित, अनुशासित, चरित्रवान, शक्तिशाली और देशभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्तियों के संगठन की आवश्यकता महसूस की। इन्हीं विचारों के आधार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ का स्वरूप विशेष रूप से शाखा रूपी अभिनव पद्धति पर आधारित है, जो व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर राष्ट्र और समाज की सेवा हेतु तैयार करती है।**

विनोद कुमार

भारतीय संस्कृति का मूल तत्व है- 'संगठन और समर्पण'। जब-जब समाज विखंडित हुआ, आत्मविश्वास डगमगाया और पराधीनता की बेड़ियाँ मजबूत हुईं, तब-तब इस भू-भाग ने कोई न कोई शक्ति उत्पन्न की। इस शक्ति ने राष्ट्र को जाग्रत कर आत्मविश्वास का संचार किया। ऐसी ही शक्ति का स्वरूप है - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। इतिहास केवल अतीत का ब्योरा भर नहीं है, बल्कि यह वर्तमान और भविष्य के निर्माण का मार्गदर्शक है। संस्कृत में "इतिहास" का अर्थ ही है - "इति-ह-आस" अर्थात् ऐसा ही हुआ। राष्ट्र जीवन के उत्थान और पतन के पीछे कुछ गहरे कारण छिपे रहते हैं।

**चरित्र और चेतना में स्थायी परिवर्तन आवश्यक:-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने अपने जीवन काल में समाज, धर्म, राजनीति और क्रांतिकारी आंदोलनों से जुड़कर उनका अध्ययन किया। वे अनेक आंदोलनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए भी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि केवल आंदोलनों के सहारे राष्ट्र का स्थायी पुनरुत्थान संभव नहीं है। इसके लिए समाज के चरित्र और चेतना में स्थायी परिवर्तन आवश्यक है। डॉ. हेडगेवार जी ने राष्ट्र की पराधीनता के मूल कारणों को तीन प्रमुख बिंदुओं में स्पष्ट किया। पहला, आत्मविस्मृति - समाज अपने गौरवशाली अतीत, हिन्दुत्व की श्रेष्ठता, राष्ट्रीय एकात्मता और सामाजिक समरसता को भूल चुका था। दूसरा, आत्मकेन्द्रित वृत्ति - जहाँ समाजहित की उपेक्षा कर व्यक्तिगत स्वार्थ और एकाकीपन प्रभावी हो गया था। तीसरा, सामूहिक अनुशासन का अभाव -जिसके कारण समाज विघटित हो गया और राष्ट्र परतंत्रता की ओर बढ़ा। इन्हीं कारणों के चलते डॉ. हेडगेवार ने यह निश्चय किया कि यदि राष्ट्र को पुनः सशक्त बनाना है तो समाज में आत्मगौरव, निःस्वार्थ भावना और अनुशासित संगठन का संस्कार करना होगा। यही विचार आगे चलकर संघ की स्थापना का आधार बने और राष्ट्रीय जागरण की दिशा में एक नयी शक्ति का संचार हुआ।

**पराधीनता के समय संगठन का अभाव:-** भारत पर मुस्लिम और ब्रिटिश आक्रमणों ने केवल राजनीतिक पराधीनता ही नहीं दी, बल्कि समाज और राष्ट्र-जीवन पर गहरे दुष्प्रभाव भी छोड़े। इन आक्रमणों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में प्रतिक्रियात्मक देशभक्ति का निर्माण हुआ। यह देशभक्ति भावनात्मक अवश्य थी, परंतु उसमें सकारात्मक, स्वाभाविक और दीर्घकालीन दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। शताब्दियों की पराधीनता ने भारतीयों के भीतर आत्महीनता की भावना उत्पन्न की। अपनी भाषा, शिक्षा, जीवन मूल्यों, महापुरुषों और गौरवशाली इतिहास के प्रति स्वाभिमान शून्यता बढ़ी। यहाँ तक कि स्वयं को "हिन्दू" कहने



में भी लज्जा का अनुभव होने लगा। इसी के साथ राष्ट्रीयता की भ्रामक अवधारणाएँ भी उभरीं। यह भाव कि "देश का भाग्य हिन्दू समाज से जुड़ा है" समाज में कमजोर पड़ गया। स्वतंत्रता आंदोलनों के समय नेतृत्व में आत्मविश्वास की कमी रही। मुस्लिम समाज को साथ रखने के लिए अनेक नेताओं ने राष्ट्रीयता के मूल सिद्धांतों और मानबिंदुओं को भी त्याग दिया। वन्दे मातरम् जैसे राष्ट्रगान को छोड़ने और खिलाफत आंदोलन का समर्थन करने जैसी घटनाएँ इसी मानसिकता का परिणाम थीं।

सबसे बड़ी कमी रही - संगठन का अभाव। समाज संगठित नहीं था, जिसके कारण अनेक आंदोलन बीच में ही टूट गए। कुछ व्यक्तियों के बल पर पूरे राष्ट्र की समस्याओं का समाधान संभव न था।

**'भारत' हिन्दू राष्ट्र है:-** इतिहास हमें यह शिक्षा देता है कि संगठन, आत्मविश्वास और स्वाभिमान ही राष्ट्र की स्थायी स्वतंत्रता और प्रगति के आधार हैं। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और राष्ट्र की शक्ति ही सभी कार्यों की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने समझाया कि शक्ति का सही उपयोग संगठन में ही संभव है। अतः समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए संगठन और अनुशासन अनिवार्य हैं। डॉ. हेडगेवार जी ने देखा कि समाज में आत्मविस्मृति, स्वार्थपरता और अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्र पराधीन बना हुआ है। इन सभी दोषों को दूर करने और राष्ट्र में पुनः शक्ति, आत्मगौरव और राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए उपाय सुझाए। उनका विचार था कि केवल जागरूक व्यक्तियों का समूह ही राष्ट्र की प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सकता है और स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ बन सकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वाभिमानी, संस्कारित, अनुशासित, चरित्रवान, शक्तिशाली और देशभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्तियों के संगठन की आवश्यकता महसूस की। इन्हीं विचारों के आधार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ का स्वरूप विशेष रूप से शाखा रूपी अभिनव पद्धति पर आधारित है, जो व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर राष्ट्र और समाज की सेवा हेतु तैयार करती है। डॉ. हेडगेवार जी का संदेश स्पष्ट था - केवल हिन्दू समाज का नहीं, सम्पूर्ण हिन्दू समाज का संगठन आवश्यक है। इसके लिए विशेष गुणयुक्त स्वयंसेवक तैयार किए जाएँ, जो अनुशासन, चरित्र और देशभक्ति में निपुण हों। यही विचार और सिद्धांत संघ की नींव बनकर आज भी समाज और राष्ट्र के उत्थान में मार्गदर्शन कर रहे हैं।

**जीवन में राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति:-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तीन शब्दों से मिलकर बना है - राष्ट्रीय, स्वयंसेवक और संघ। राष्ट्रीय का अर्थ है - वह व्यक्ति जिसका अपने देश, उसकी परंपराओं, उसके महापुरुषों और उसकी सुरक्षा एवं समृद्धि के प्रति पूर्ण निष्ठा हो। ऐसा व्यक्ति देश के सुख-दुःख, हार-जीत और शत्रु-मित्र की समान अनुभूति कर सके। राष्ट्रीयता केवल भावनात्मक ही नहीं, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में व्यावहारिक रूप से व्यक्त होनी चाहिए। डॉ. हेडगेवार जी के दृष्टिकोण अनुसार, अपने देश में राष्ट्रीयता के सभी आवश्यक तत्वों की पूर्ति हिन्दू समाज के जीवन में होती है। अतः हिन्दू समाज का जीवन ही राष्ट्रीय जीवन है और व्यवहारिक दृष्टि से राष्ट्रीय, भारतीय और हिन्दू शब्द पर्यायवाची हैं। स्वयंसेवक वह व्यक्ति है जो अपने अंदर की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म और संस्कृति की सेवा करता है। यह सेवा निःस्वार्थ, अनुशासित और प्रमाणित रूप में होती है। स्वयंसेवक अपने कार्य के लिए किसी पुरस्कार या प्रतिफल की इच्छा नहीं रखता, बल्कि मातृभूमि की सेवा को परिपत्र, निरन्तर और योजनाबद्ध तरीके से करता है। संघ का मूल सिद्धांत यही है कि एक बार स्वयंसेवक हुआ तो वह जीवन पर्यन्त स्वयंसेवक रहता है। संघ केवल व्यक्तियों का समूह नहीं, बल्कि एक ऐसा संगठित, अनुशासित और समर्पित समाज निर्माण का माध्यम है, जो राष्ट्रीय चेतना और सेवा भाव को जीवन में स्थायी रूप से स्थापित करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक केवल नाम का सदस्य नहीं, बल्कि संगठन के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने वाला सक्रिय कार्यकर्ता होता है। स्वयंसेवक से न्यूनतम अपेक्षाएँ स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। उसे प्रतिदिन निर्धारित वेश में, निश्चित समय पर शाखा में उपस्थित होना अनिवार्य है। शाखा में भाग लेने के बाद अन्य बन्धुओं से संवाद और संपर्क बनाए रखना, कुछ नवीन बन्धुओं को संघ से जोड़ना भी उसका दायित्व है। इसके माध्यम से संगठन सशक्त और निरंतर विकसित होता है। स्वयंसेवक का पड़ोसी धर्म भी संघ की सेवा में समाहित है। वह जहाँ रहता है, वहाँ के निवासियों से मधुर संबंध बनाए रखता है और उनके सुख-दुःख में यथासंभव सहयोग के लिए तत्पर रहता है।

**व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण:-** संघ का शाब्दिक अर्थ संगठन या समुदाय है। यह समान विचार, समान लक्ष्य और आत्मीय भाव से जुड़े व्यक्तियों का समूह है, जो एक ही पथ, रीति और पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करता है। संघ का स्वरूप प्राकृतिक उदाहरणों से तुलना करके समझा जा सकता है - जैसे रस्सी के तंतु, मधुमक्खियों का छत्ता या मानव शरीर।

Ready for Selfless Service संघ का स्वयंसेवक समाज सेवा में तत्पर, नियमित और चिर-विश्वसनीय होता है। यही गुण उसे संगठन और राष्ट्र के लिए अमूल्य बनाते हैं। एक बीते शतक में संघ ने जिस प्रकार लाखों व्यक्तियों को संस्कारित कर उन्हें समाजसेवा के पथ पर लगाया, वह अद्भुत है। शताब्दी वर्ष केवल संघ की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है। बल्कि यह आने वाले सौ वर्षों की दिशा तय करने का अवसर है। यह वह कालखंड है, जहाँ संघ का संदेश और भी गूंज रहा है - संगठित भारत ही सशक्त भारत है। संघ का संदेश सरल है - व्यक्ति निर्माण से समाज जागेगा, समाज जागेगा तो राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा।

**(लेखक, महाकौशल प्रांत प्रचार प्रमुख रास्वसंघ हैं)**

विचार

# शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि

*रमेश सर्राफ धमोरा*

नवरात्रि का मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है 'नौ रातें' और इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रख कर भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं, चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ति और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नौ दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक



भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

## बार का चुनाव जीतने से ज्यादा कठिन अधिवक्ता सम्मान को बचाये और बनाये रखना



अनुराग तिवारी
अधिवक्ता

अधिवक्ता समाज का आंदोलन या संघर्ष अगर कभी धीमा पड़ा है और यदि अधिवक्ता समाज की उपेक्षा आज तक होती आई है तो उसका सिर्फ और सिर्फ एक ही कारण है बार एसोसिएशन के नेतृत्वकर्ता का किसी प्रलोभन में आकर के उदासीन रवैया अपनाना। और इस चीज से मुक्ति तभी मिलेगी ज़ब वकीलों के चुनाव लड़कर जीतने वाले लोग सिर्फ और सिर्फ वकीलों के साथ ही जुड़े रहें न की किसी राजनीतिक दल से। राजनीतिक दल से जुड़ना तब गलत नहीं है जब आपका उनसे जुड़ना अधिवक्ता हित को कोई नुकसान पहुंचाये। राजनीतिक दल से जुड़ने के उपरांत वह अपने मुख्य धारा से भटक जाते हैं और फिर बार एसोसिएशन की राजनीति उपरांत वह किसी राजनीतिक दल में अपना भविष्य तलाशने लगते है और ऐसे प्रत्याशी यह सोचकर ही वकीलों के नेता बनते हैं की बार का चुनाव जीतने के बाद वह किसी राजनीतिक दल में अपना भविष्य तालासेंगे जब वह ऐसी मानसिकता लेकर के वकीलों के चुनाव में उतरेंगे और चुनाव जीतेंगे तो हम उनसे कहां से आशा करें कि वह निस्वार्थ भाव से वकीलों की हित के लिए कार्य करेंगे। किसी राजनीतिक दल से जुड़ना गलत नहीं है लेकिन आए दिन यह देखने को मिलता है की बार के नेता राजनितिक दल से जुड़कर राजनीतिक प्रभाव में आकर के अधिवक्ताहित के साथ समझौता कर लेते हैं जबकि वह चाहे तो राजनीतिक दलों से फायदा उठा करके अधिवक्ता समाज का भला भी कर सकते हैं लेकिन वह सिर्फ खुद का भला करते है जो की पूर्णतया गलत है और संपूर्ण अधिवक्ता समाज की छवि को नुकसान उठाना पड़ता है। आज तक ये देखने को मिला है जो बार एसोसिएशन के नेता बार के चुनाव जीतने के बाद सिर्फ अधिवक्ता समाज से ही जुड़े रहते है और किसी राजनितिक दल से नहीं जुड़ते और अगर जुड़ते भी हैं लेकिन उनके प्रभाव में नहीं आते तो ऐसे बार के नेता की अगुवाई मे हमेशा ही अधिवक्ता समाज की छवि सम्मानजनक बनी है।



## राशिफल

**मेष:-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कार्य द्वारा उसका प्राश्चित करें।

**वृषभ:-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुन:-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है।

**कर्क:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रण रख कर्त्तव्यनिष्ठ बनें।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिक:- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मन सुंदर विचारों से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# छात्र संघ चुनाव नतीजों का संदेश, जेन जेड मोदी के साथ



*अजय कुमार*

दिल्ली और कई राज्यों में हुए छात्र संघ चुनावों ने एक बार फिर देश की राजनीति के भविष्य की दिशा को लेकर बड़े संकेत दिए हैं। इस बार चुनावी नतीजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला है, जबकि कांग्रेस से जुड़ी एनएसयूआई और वामपंथी दलों की छात्र इकाइयाँ बुरी तरह पिछड़ गईं। छात्र राजनीति को हमेशा से राष्ट्रीय राजनीति की नर्सरी माना जाता रहा है। यही वजह है कि इन नतीजों को केवल छात्र संघ की परिधि में सीमित कर नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसका असर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी दिखाई देगा।

छात्र राजनीति भारतीय लोकतंत्र का एक अहम आधार रही है। आज़ादी के बाद से ही विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में होने वाले छात्र संघ चुनाव के नतीजे यह बताते रहे हैं कि समाज की नई पीढ़ी किस दिशा में सोच रही है। यही कारण है कि एबीवीपी की कामयाबी को भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़े उत्साहवर्धक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में जिस तरह से बीजेपी ने नई पीढ़ी में अपनी पकड़ मजबूत की है, यह नतीजे उसी अभियान के विस्तार की तरह माने जा रहे हैं।

कहा जाता है कि विश्वविद्यालय का माहौल समाज का आईना होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में एबीवीपी की जीत इस बात की गवाही देती है कि युवाओं में राष्ट्रवादी सोच, सांस्कृतिक गौरव और भारतीय परंपरा के प्रति झुकाव तेजी से बढ़ा है। बीजेपी ने केंद्र की सत्ता में रहते हुए नीतियों और योजनाओं में युवाओं को लगातार प्राथमिकता दी है।

स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं में विश्वास जगाया है कि सरकार उनके भविष्य को लेकर गंभीर है। यही भरोसा छात्र संघ चुनावों में सीधे-सीधे दिख रहा है।दूसरी ओर कांग्रेस और वामपंथी छात्र संगठनों की हालत लगातार कमजोर होती जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप है कि वह नई पीढ़ी से संवाद स्थापित करने में नाकाम रही है। पार्टी जिस तरह से युवाओं की आकांक्षाओं और सपनों को समझने में चूक कर रही है, उसका परिणाम छात्र संघ चुनावों में साफ दिख रहा है। एनएसयूआई के पास वैचारिक स्पष्टता का अभाव है और संगठन की ज़मीनी पकड़ लगातार कमजोर हुई है। वामपंथी राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि वह पुराने नारों और बोझिल विमर्श की जकड़ से बाहर नहीं निकल पा रही। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आधुनिकता के बीच युवाओं को वामपंथी राजनीति में प्रेरणा कम, निराशा ज्यादा दिखाई देती है।

इन चुनावों का बड़ा असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ता है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई पीढ़ी को अपने साथ जोड़ने की जिस मुहिम पर काम कर रहे हैं, उसमें ऐसे नतीजे उनके लिए शक्ति गुणन की तरह हैं। एबीवीपी की जीत यह संदेश देती है कि विश्वविद्यालयों में राष्ट्रवादी विचारधारा गहराई से जड़ें जमा रही है, और वह आने वाले वर्षों में राजनीतिक तौर पर बीजेपी के लिए बैकअप शक्ति बन सकती है। मोदी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि मौजूदा दौर में युवा स्वयं को पार्टी की नीतियों से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। यह जुड़ाव केवल वोट बैंक की राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज में उस सोच की गहराई को बढ़ाएगा जिसे बीजेपी लंबे समय से विकसित कर रही है।

कांग्रेस और वामपंथी दलों की हार से यह साफ झलक उभरती है कि उनके लिए आने वाले चुनाव और कठिन होंगे। यदि नई पीढ़ी उनका साथ छोड़ रही है, तो यह केवल चुनावी पराजय नहीं बल्कि उनके वैचारिक आधार को भी खोखला बना देगा। कांग्रेस को जिस तरह से लगातार राज्यों और केंद्र में हार का सामना करना पड़ा है, उसके पीछे एक बड़ी वजह युवाओं का मोहभंग है। अब छात्र संघ चुनावों के ये नतीजे उस प्रवृत्ति को और स्पष्ट कर रहे हैं।

राजनीति में यह माना जाता है कि जो युवा को साध लेता है, वह भविष्य को साध लेता है। बीजेपी ने संगठित तरीके से एबीवीपी को मैदान में उतारा है और लगातार विश्वविद्यालयों में उसकी पकड़ मजबूत करने का काम किया है। यही वजह है कि आज एबीवीपी छात्र राजनीति की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। दूसरी तरफ एनएसयूआई और वाम छात्र संगठन बिखरी हुई रणनीति और कमजोर संगठन क्षमता के शिकार हैं।इन चुनाव नतीजों से यह भी साबित होता है कि देश का राजनीतिक मानस परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजर रहा है। एक समय था जब दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे केंद्र वामपंथी राजनीति के गढ़ माने जाते थे। लेकिन आज वही संस्थान बदलते समय का संकेत दे रहे हैं।

अब राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक गौरव और आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दे छात्रों की प्राथमिकता बन चुके हैं। यह बदलाव मोदी युग की राजनीतिक विचारधारा के अनुरूप है। आने वाले वर्षों में बीजेपी को इसका बहुत फायदा मिलेगा। जब ये छात्र पढ़ाई पूरी कर राजनीति, प्रशासन, मीडिया, टेक्नोलॉजी या किसी भी क्षेत्र में जाएंगे, तो उनकी सोच और झुकाव भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम करेगा। वही दूसरी तरफ कांग्रेस और वामपंथी दलों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि उनके पास नई पीढ़ी को आकर्षित करने का कोई कारगर तरीका नजर नहीं आ रहा।छात्र संघ चुनावों के नतीजे यह संदेश दे रहे हैं कि भारत की नई पीढ़ी मोदी और बीजेपी की राह पर बढ़ रही है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी की शक्ति और व्यापक होगी, जबकि कांग्रेस और वामपंथी दल और किनारे लग जाएंगे।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा



**लखीमपुर खीरी।** जनपद में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला मंगलवार को सुर्खियों में रहा। सुबह पढ़ाई के लिए निकली छात्रा को एक युवक ने रास्ते में रोककर हाथ पकड़ लिया। छात्रा विरोध करती रही लेकिन आरोपी पीछे-पीछे चलता रहा। छात्रा जब लाइब्रेरी के गेट पर पहुंची, तो युवक ने फिर से हाथ पकड़ने की कोशिश की। छात्रा की चीख सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़े और आरोपी को खदेड़ा। पूरी वारदात लाइब्रेरी के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। लखीमपुर सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक छात्रा रोज़ की तरह पढ़ाई के लिए घर से लाइब्रेरी के लिए निकली थी। घर से थोड़ी ही दूरी पर युवक ने पहले उसका हाथ पकड़ा, जिसे छुड़ाकर वह आगे बढ़ी। लेकिन आरोपी लगातार पीछा करता रहा और लाइब्रेरी तक आ पहुंचा। गेट पर पहुंचते ही उसने फिर से छेड़छाड़ की। छात्रा शोर मचाने लगी तो लाइब्रेरी प्रभारी और लोग बाहर दौड़े। घबराकर युवक भागा, लेकिन तब तक सीसीटीवी कैमरे में उसकी करतूत कैद हो गई। पीड़िता के परिजनों ने तुरंत सदर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। लाइब्रेरी व आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें आरोपी की पहचान नई बस्ती निवासी शाहबाज उर्फ अमन पुत्र कुतुबुद्दीन के रूप में हुई। पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ और जरूरी कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मैगलगंज पुलिस ने 12 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मैगलगंज (खीरी)।** अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मैगलगंज कोतवाली पुलिस ने सोमवार को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने दबिश देकर अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे कुल 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी अभियुक्त मैगलगंज क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इन्हें कोतवाली लाकर पूछताछ की और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया। अदालत के आदेश पर सभी को जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में दहशत का माहौल है, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**मितौली खीरी।** ग्रामपंचायत खंजन नगर के मजरा लोहिया पुरवा गांव में दुर्गा माता के मंदिर पर पत्येक वर्ष की भांति वर्तमान में भी नवरात्रि के समय रात्रि जगरण का कार्यक्रम संचालित हो रहा था। जिसका संचालन जितेंद्र कर रहा था, बुधवार सुबह आरती के समय जितेंद्र पुत्र राजा राम 30 वर्ष को पंडाल में आईएलटी लाइन से सम्बद्ध बिजली के तार पे पैर पड़ने से उक्त युवक को करंट लग गया परिजनों द्वारा गम्भीर अवस्था मे सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मितौली लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मितौली पुलिस को सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर सव का पंच नामा भर कर सव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। म्रतक अपने पिता का इकलौता चिराग था, जिसकी सादी लगभग छः वर्ष पूर्व हुई थी जिसके दो बच्चे बड़ा बेटा उम्र लगभग 3 वर्ष, बेटी 1 वर्ष बतायी जा रही है।

### नवरात्र पर आस्था और संस्कृति की अनूठी मिसाल, 1200 छात्रों संग गूंजा जय माता दी, निकाली पदयात्रा



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शक्ति उपासना के पर्व नवरात्र पर नगर में भक्ति, संस्कृति और स्वच्छता का संदेश लेकर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के तत्वावधान में एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। इसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 1200 छात्र-छात्राएं, शिक्षक, प्रधानाचार्य और प्रबंधक शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद से हुआ, जहाँ पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। अध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ दीं और स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा, हमें अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहा नगर के 29वें मां वैष्णो दरबार में दर्शन। पुरानी मिल कॉलोनी में स्थित इस दरबार को इस बार दुर्गम पहाड़ियों के स्वरूप में भव्य रूप से सजाया गया है। श्रद्धालु छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस यात्रा का नेतृत्व पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, समिति के प्रान्तीय महामंत्री शैलेंद्र सक्सेना, और दरबार आयोजक अवधेश श्रीवास्तव दीपू लाला ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष अनुज खरे, अवधेश मिश्रा, श्रीकृष्ण शर्मा, संजीव कुमार दीक्षित, संजय शुक्ला समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### नगर उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार, व्यापारियों ने रखी अपनी समस्याएं



**निघासन खीरी।** नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में मंगलवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान कई नए दुकानदारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं और उनके समाधान की मांग की। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि आए दिन उन्हें तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता। संगठन के पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे व्यापारियों की आवाज बनकर इन मुद्दों को जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाएं। नगर अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी व्यापारी एकजुट रहकर ही अपने हक के लिए संघर्ष करें। महामंत्री मुन्ना खान ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। संगठन हर स्तर पर उनकी समस्याओं को उठाएगा और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। बैठक में मुन्ना यूनिक, संरक्षिका उषा दीक्षित, बालाराम और पिंकू मामू,अजीजुद्दीन हबीबी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने और नए व्यापारियों को जोड़ने पर भी बल दिया गया।

### मीना दिवस पर कम्पोजिट कन्या विद्यालय सादुल्लानगर में मनाया गया मीना का जन्मदिन



**बलरामपुर।** सादुल्लानगर शासन के आदेशानुसार 24 सितम्बर 2025 को पी.एम.श्री कम्पोजिट कन्या विद्यालय सादुल्लानगर में मीना दिवस का आयोजन किया गया। अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने मीना मंच के तहत मीना का जन्मदिन उल्लासपूर्वक मनाया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा गठित मीना मंच की जानकारी बालिकाओं को दी गई। इस दौरान विद्यालय की छात्रा मीना सारिका पाण्डेय ने केक काटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया। अध्यापिकाओं राज्य शर्मा और विजेता भग्रवाल ने बालिकाओं को मीना मंच के महत्व तथा उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यापक अब्दुल मोईद, अरशद अब्बासी, बिजेता अग्रवाल, कल्पनाथ दुबे, अफसाना खातून, रश्मि शर्मा, शिवम सहित विद्यालय परिवार के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बभनी बुजुर्ग में विधिविधान से किया जा है दुर्गापूजन



**उतरौला (बलरामपुर)।** शारदीय नवरात्र का आज तीसरे दिन पूजन विधि विधान से किया जा रहा है। विकास खण्ड उतरौला अंतर्गत ग्राम पंचायत बभनी बुर्जुग में पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद चौधरी के भतीजे पूर्व प्रधान राम गोपाल चौधरी के नेतृत्व में दुर्गा पूजन सतत् हर वर्ष चल रहा है। धर्म प्रकाश भारती के नेतृत्व में दुर्गा पूजा समिति बभनी बुर्जुग के सभी कार्यकर्ता संयमित, नियमित रूप से पूजन में सम्मिलित होकर आरती, आदि कार्यों में एक दूसरे का मदद करते हैं। धर्म प्रकाश भारती ने बताया कि शिक्षा से मानव ज्ञान प्राप्त करता है जो अति आवश्यक है किंतु शिक्षा से अधिक जरूरी संस्कार होते है। क्योंकि कई ऐसे लोगों की कहानी समाचार पत्रों में देखने को मिलती हैं कि बाप बड़ा अधिकारी था उसके बेटे बहुएं भी अधिकारी बन गई किंतु रिटायरमेंट के बाद वृद्ध माता पिता को एक गिलास पानी देने के लिए कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि धनार्जन आवश्यक है किंतु संस्कार हीन व्यक्ति कितना भी पढ़ ले रिश्तों के महत्व को नहीं समझ सकता। सभी कार्यकर्ता कल्लू साहू, आशीष कुमार, प्रदीप कुमार, महेश प्रसाद, राम प्रकाश, राम बाहोर, कन्हैया लाल, प्रमोद कुमार, कनिक राम, राम शब्द, गोपाली महतो। आदि कमेटी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते पति ने पत्नी की गला दबा कर की हत्या

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के पिपरझला पिकेट अंतर्गत ग्राम पंचायत करमानी के मजरा उमरापुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब पति ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जाता है पिंकी वर्मा 30 करीब दो माह पहले अपने प्रेमी संतोष कुमार ग्राम ढ़लिया थाना रामकोट जिला सीतापुर के साथ तीन बच्चों को छोड़कर फरार हो गई थी ,इससे परिवार के लोगों में काफी आक्रोश था। इस सम्बंध में म्रतका के पती जगदीश द्वारा थाना मितौली में इस प्रकरण में लगभग दो माह पूर्व अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मृतका गत दिवस अपने घर अपने बच्चों को लेने आ रही थी भनक लगते ही जगदीश पुत्र स्याम लाल रास्ते मे पहुंच कर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी और सव को बगीचे में फेंक दिया। ग्रामीणों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ मितौली जितेंद्र सिंह परिहार एवं कोतवाली प्रभारी रविन्द्र सोनकर तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मितौली रविन्द्र सोनकर ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

#### पिंकी और संतोष में कैसे हुआ प्रेम

बताया जाता है संतोष कुमार गांव में ही जल निगम की पाइप डालने का काम करता था गांव में रहने से पिंकी संतोष में धीरे धीरे नजदीकिया बढ़ने लगी एक दूसरे को धीरे-धीरे पसंद करना शुरू कर दिया और प्यार इतना परवान चढ़ गया की तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ दो माह पहले फरार हो गई थी। मृतक पिंकी वर्मा के तीन बच्चों की कौन करेगा परवरिश ये सवाल बड़ा अहम है जिसमें एक बेटी मोहिनी 11 रोहित 8 मोहित 6 वर्ष इन बच्चों का खाना खर्चा अभी पिता जगदीश कर रहे थे लेकिन पिता के जेल जाने के बाद इन बच्चों की देख रेख कौन करेगा यह बड़ा सवाल बना है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, घर में मचा कोहराम



**बाँकेगंज (खीरी)।** थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज क्षेत्र में रविवार को एक युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना बांकेगंजङ्गोला रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 174/5 के पास हुई, जहां गोरखपुर एक्सप्रेस (15009) की चपेट में आने से युवक का सिर और दोनों हाथ अलग होकर दूर जा गिरे। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत ग्रांट नंबर 11 के उदयपुर गांव निवासी मुनीश (25) पुत्र रामऔतार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक सुबह घर से पत्नी से गोला जाने की बात कहकर निकला था। घरवालों ने पहले सोचा कि वह ननिहाल (अन्नापुर) गया होगा, लेकिन दोपहर में उसकी मौत की खबर मिली। मृतक की बहन सुदामा ने बताया कि मुनीश को मिर्गी की बीमारी थी और उसका कई वर्षों से इलाज चल रहा था। घटना से पहले घर में कुछ कहासुनी भी हुई थी। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। हादसे की सूचना पर जीआरपी व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मौके पर पहुंचे परिजन बेसुध होकर रोते-बिलखते रहे। पिता ने किसी घरेलू विवाद से इंकार किया है।

## मिशन शक्ति अभियानः कक्षा आठ की छात्रा बनीं एक दिन की उपजिलाधिकारी



**मितौली खीरी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए शासन के आदेशानुसार मिशन शक्ति विशेष अभियान 2025-26 के पांचवें चरण के तहत 21 से 30 सितम्बर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मितौली तहसील परिसर में अनूठी पहल देखने को मिली।ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की अगुआई में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा ज्योति भार्गव को एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी (SDM) मितौली बनाया गया। उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने ज्योति को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कराया।कार्यभार ग्रहण करते ही छात्रा ज्योति भार्गव ने तहसील के सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने के निर्देश दिए।अधिवक्ता संघ मितौली के अध्यक्ष आशीष मिश्रा अपनी केस फाइल लेकर पहुंचे और एक दिन की एसडीएम बनी ज्योति को अपनी समस्या बताई। ज्योति ने तत्परता से संबंधित अधिकारियों को समय पर निस्तारण के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से बालिकाएं किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती हैं। कार्यक्रम में बीडीओ भगवान राव, शिक्षक मुनेश कुमार और तहसील परिसर के अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया बच्चों की चहेती मीना का जन्मदिन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को मीना दिवस के अवसर पर पी.एम. श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी में मीना का जन्मोत्सव एवं गोष्ठी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों और सजावट से जगमगा उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत और स्वागत गान से हुई। इसके बाद बच्चों ने केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया। कक्षा दो की छात्रा आरुषि ने मीना का किरदार निभाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मीना मंच के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और जेंडर संवेदीकरण पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें बेटी बचाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, दहेज प्रथा उन्मूलन, बालिका शिक्षा और महिला अधिकारों से जुड़े संदेश विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने नाटक, गीत और कविताओं के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।

प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव ने मीना की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीना एक ऐसी साहसी और जागरूक बालिका है, जिसके मन में उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव है। उसका प्यारा दोस्त तोता हमेशा उसके साथ रहता है। 24 सितंबर को मीना का जन्मदिन मनाकर हम समाज में यह संदेश देते हैं कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष वर्मा, हिमांशु चौरसिया और प्रदीप शाक्यवार का विशेष योगदान रहा। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर मीना के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

**मिठाई वितरण से बढ़ा उत्साहः** समापन पर सभी विद्यार्थियों में मिठाई बांटी गई और एक-दूसरे को मीना दिवस की शुभकामनाएं दी गई। पूरे विद्यालय परिवार ने यह प्रण किया कि वे बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयासरत रहेंगे।

#### मंच पर गूंजे समाज सुधार के स्वर

इस मौके पर मीना मंच सुगमकर्ता ममता शुक्ला ने कहा कि मीना केवल एक काल्पनिक पात्र नहीं है, बल्कि बेटियों के अधिकारों और उनके सम्मान का प्रतीक है। उसकी कहानी से हमें बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें समान अवसर देने की प्रेरणा मिलती है।

## वाराणसी घटना के विरोध में उतरौला अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, सीएम को ज्ञापन



**उतरौला(बलरामपुर)।** वाराणसी में निर्दोष अधिवक्ताओं के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही व दर्ज फर्जी मुकदमे के विरोध में अधिवक्ता संघ उतरौला ने अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अजीत कुमार को सौंपा।ज्ञापन में निर्दोष अधिवक्ताओं के ऊपर कचेहरी परिसर में पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज में अधिवक्ता घायल हुए है,बुजुर्ग और महिला अधिवक्ताओं को प्रताड़ित किया गया है।वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए निर्दोष अधिवक्ताओं के ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी अधिकताओं ने घोर निंदा की गई और दर्ज फर्जी मुकदमे को निरस्त किए जाने की मांग की गई।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रह्लाद यादव, जयकरण भारती, असलम खान, अमित श्रीवास्तव, सुमित कुमार, शादाब खान, अब्दुल मोईद सिद्दीकी, अजीत यादव, वैभव चतुर्वेदी, नीरज गुप्त व परशुराम यादव, बेनी माधव तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कोटेदार पर केस

> 70.09 कुंतल गेहूं और 104.51 कुंतल चावल की घटतौली का मामला, गरीबों के निवाले पर पड़ा डाका, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**धौरहरा (खीरी)।** सरकार की गरीबों के लिए चलाई जा रही मुफ्त राशन योजना पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेकी कुण्डा में कोटेदार द्वारा भारी घटतौली का मामला उजागर हुआ है। शिकायत पर की गई जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में केस दर्ज कर दिया। पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान कोटेदार कामता प्रसाद द्वारा 70.09 कुंतल गेहूं और 104.51 कुंतल चावल में गड़बड़ी पाई गई। यह गड़बड़ी गरीबों के हिस्से का राशन हड़पकर कालाबाजारी करने के इरादे से की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार लंबे समय से राशन में कटौती कर रहा था। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन अब गड़बड़ी पकड़ में आने पर मुकदमा दर्ज होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट कोटेदारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस भी निरस्त किया जाए, ताकि गरीबों का हक सुरक्षित रह सके।

## रामलीला में विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण का प्रस्थान मंचित



**उतरौला(बलरामपुर)।** दुखहरण नाथ रामलीला समिति के तत्वाधान में रविवार को रामलीला के दूसरे दिन विश्वामित्र द्वारा रामजी को राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए मांगना और विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण का प्रस्थान कारामलीला कार्यक्रम में चित्रकूट धाम से आए कलाकारों मंचन किया गया जिसे देखकर मौजूद भाव विभोर हो गए। मंचन में जब जब होई धर्म की हानी , बाढ़हि असुर अधम अभिमानी।जब जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती अभिमानी राक्षस बढ़ जाते है तब प्रभु अवतार लेकर सज्जनों का कष्ट का हरण करते है। विश्वामित्र जी यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ के महल जाते है और यज्ञ की रक्षा के लिए राम को मांगते है जिससे धर्म कार्य में बाधा डालने वाले राक्षसों से यज्ञ की रक्षा की जा सके।राजा दशरथ राम के अतिरिक्त सेना व सैनिक ले जाने की सलाह पर विश्वामित्र जी नाराज हो जाते है अंत में दशरथ जी तैयार हो जाते है और राम के लक्ष्मण को विश्वामित्र जी के साथ जाने की आज्ञा देते है विश्वामित्र जी राम और लक्ष्मण को अपने साथ लेकर जाते है। कलाकारों ने जीवंत अभिनय के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मयंक गिरि, अध्यक्ष गोपाल मोदनवाल, महामंत्री आलोक गुप्त, फ़रींद्र गुप्त, रवि गुप्त, मनोज कुमार, महेश गुप्त, अमरनाथ शर्मा, दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सादुल्लानगर क्षेत्र में नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** नवरात्रि के तीसरे दिन सोमवार को क्षेत्र के रामपुर अरना, अचलपुर चौधरी, सरायखास, मद्दोभट्टा, रहमतपुर, घासीपोखरा, मानिगढ़ा, पटकरपुर, भुजयनिक भार सहित विभिन्न जगहों पर भक्तों ने माँ चंद्रघंटा की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलमय कामना की। माँ चंद्रघंटा, माँ दुर्गा का तीसरा स्वरूप हैं। इनके मस्तक पर घंटा आकार का अर्धचंद्र विराजमान रहता है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। यह माता शांति और वीरता दोनों का प्रतीक मानी जाती हैं। इनके दस हाथ हैं, जिनमें शस्त्र-सामग्री और कमल पुष्प सुशोभित रहते हैं। माँ चंद्रघंटा का वाहन सिंह है, जो साहस और निर्भयता का संदेश देता है। श्रद्धालु मानते हैं कि इनकी पूजा से जीवन में संतुलन, शांति, साहस और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पूजा-अर्चना के दौरान भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से मां की आराधना की। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का विशेष माहौल रहा। कार्यक्रम में राम अवध शर्मा, अरविन्द तिवारी, रमेश शर्मा, अरविन्द मिश्रा, दिलीप ओझा, अरुण गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सूचना

पूर्व में मेरा नाम ललित गुप्ता था अब मैने संशोधन करवा के ललित कुमार गुप्ता करवा लिया है भविष्य में मुझे ललित कुमार गुप्ता के नाम से जाना वा पहचाना जाए धन्यवाद ।

ललित कुमार गुप्ता पुत्र द्वारिका प्रसाद गुप्ता

निवासी ग्राम व पोस्ट पडरिया तुला तहसील गोला जनपद खीरी उत्तर प्रदेश।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी शिवम शर्मा पुत्र श्री विश्वनाथ शर्मा निवासी ग्राम व पो. संसारपुर थाना मैलानी जि. खीरी का रहने वाला है। प्रार्थी दिनांक 12.02.2025 गोला गोकर्णनाथ में बैग खो गया था जिसमें हाई स्कूल वर्ष 2014 जिसका रोल नंबर 1190557 की अंक तालिका व इंटरमीडिएट 2016 जिसका रोल नंबर 0910896 है की अंकतालिका व अन्य दस्तावेज थे एवं उक्त शैक्षिक दस्तावेज पब्लिक इंटर कॉलेज गोला गोकरननाथ खीरी के हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः 291/न0पं0क0/निविदा/कुटेशन सूचना/2025-26 दिनांक 23/09/2025

**-: निविदा/कुटेशन सूचनाः-**

स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) 2.0 के अन्तर्गत नगर पंचायत, कमालगंज द्वारा कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु सक्षम प्रशिक्षण पार्टनर (एजेन्सी/संस्थान/एनजीओ) से सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस कार्य में निकाय के स्तर पर मास्टर ट्रेनर, सफाई कर्मचारी, सफाई मित्रों एवं एस0बी0पी0एस0 सदस्यका प्रशिक्षण, घर-घर और वार्ड स्तर पर नागरिकों को गीला-सूखा कचरा का पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग का प्रशिक्षण शामिल होगा। पात्रता हेतु केवल वही एजेन्सी/संस्थान/एनजीओ आवेदन कर सकते है। जिनके पास स्वच्छता या प्रशिक्षण कार्य का पूर्व अनुभव हो। निविदा/कुटेशन के प्रशिक्षण प्लान भी उपलब्ध कराना होगा। निविदा जमा करने की तिथि 24/09/2025 पूर्वान्ह 11 बजे से तिथि 3/10/2025 अपरान्ह 12 बजे तक होगी। जो उसी तिथि 3/10/2025 को दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपनी निविदा/कुटेशन नगर पंचायत, कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा/कुटेशन सम्बन्धी कोई भी नियम एवं शर्तें नगर पंचायत, कमालगंज कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(राजबेटी शंखवार)

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, कमालगंज। — अध्यक्ष, नगर पंचायत, कमालगंज।

## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः- 1325/न0पं0नवाबगंज/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांक 24/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद को "आकांक्षी नगर सृजन योजना" के अन्तर्गत निर्माण कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है, ई-निविदा नगर पंचायत नवाबगंज में वित्तिय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से दिनांक-24/09/2025 को प्रातः10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है। बिना किसी कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदायें को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड का विवरण निम्न प्रकार है-
विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 1325/न0पं0नवा0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bid | 24.09.2025 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bid | 14.10.2025 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bid | 15.10.2025 02:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bid | Nagar Panchayat Nawabganj Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद। — अध्यक्ष, नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्रा0पं0 बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 24/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/09/2025 से 01/10/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/10/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शिवनारायन के घर से पुलिया तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 5.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | होली से रामाधीन के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 3.56 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान- ग्रा0पं0 बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-

## कार्यालय ग्रा0पं0 मुरान वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 24/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरान वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/09/2025 से 01/10/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/10/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | धीरू के मकान से अर्जुन के मकान तक मिट्टी, नाली व सी.सी. निर्माण कार्य | 2.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | जगपाल के मकान से अनूप के मकान तक मिट्टी, नाली व सी.सी. निर्माण कार्य | 1.43 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रघुवीर के मकान से धनश्याम के मकान तक मिट्टी, व सी.सी., नाली कार्य | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | धर्मेन्द्र सिंह के मकान से विमल के प्लाट तक मिट्टी, व सी.सी., नाली कार्य | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-( सुमन कुमारी) ग्रा0पं0 मुरान वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-( अजय कुमार साहू)

# प्रभारी मंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव पर दी व्यापक जानकारी

- इस जीएसटी सुधार से आम आदमी के जीवन में सुगमता आयेगी और वे अधिक सशक्त होगें : सुरेश राही



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कारागार राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत,

जिलाध्यक्ष भाजपा अरविंद मौर्या, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, महामंत्री संदीप गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार सिंह एवं जीएसटी अधिकारियों की उपस्थिति में नेक्स्ट-जेन जीएसटी बचत उत्सव, पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसके जनहितार्थ आयामों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए रणनीतिक रूप से प्रभावशाली बदलाव किये और उन्हें सफलता पूर्वक 22 सितम्बर से लागू कर दिया गया है। जिससे उनके जीवन में सुगमता आयी और वे अब अधिक सशक्त हो गये है। नेक्स्ट-जेन जीएसटी जन-प्रथम सुधारों में मील का पत्थर साबित होगा। इससे सुलभ दाम, हर परिवार में मुस्कान आएगी, रोजमर्रा की जरूरतों पर रोजाना बचत होगी।

### जीएसटी सुधार होने वाले लाभ

दो-दरों की सरलता अब पुरानी चार-स्तरीय व्यवस्था हटाकर सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दरें रखी गई हैं। इससे भ्रम, कानूनी झंझट और टैक्स भरने की मुश्किलें कम होंगी।
जनता को राहत:दूध, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू सामान पर अब सिर्फ 5 प्रतिशत या शून्य कर लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे।
ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण पर 'कर' घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण भारत को सीधा लाभ मिलेगा।
व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया गया है। दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर कर में बड़ी कटौती की गई है ताकि इलाज सभी के लिए सस्ता हो सके।
गाड़ियों और बाइक पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गयी है- यानी पूरे 10 प्रतिशत की कटौती-जिससे वाहन खरीददारों को आराम मिलेगा और त्योहारों के समय मांग बढ़ेगी।
कॉपियों, पेंसिल, नक्शों और अन्य ज़रूरी छात्र सामग्री पर अब कोई कर नहीं लगे। मंत्री ने पीएम के व्यक्तित्व, कृतित्व पर आधारित न्यू इंडिया@2047 प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया अवलोकन किया।

# कलम आज उनकी जय बोल... दिनकर की मनाई गई जयन्ती



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

साहित्य साधना संस्थान बाराबंकी के तत्वाधान में हिंदी पखवाड़ा समारोह विकास भवन बाराबंकी परिसर में ओज कवि शिवकुमार व्यास की अध्यक्षता एवं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू के सफल संचालन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वन्दना से साहित्यिक समारोह का आगाज हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार समीक्षक, समालोचक डॉ विनय कुमार दास ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में सम्मान देने और उसके बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।
समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने अपने सम्बोधन में हिंदी भाषा के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है आवश्यकता है कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रुप में मान्यता दी जाए। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने संचालन करते हुए हिन्दी भाषा के सम्मान में पंक्तियां प्रस्तुत की - कह लल्लू कविराय यही भारत की बिंदी ।हर भाषा की मातु मेरी भाषा यह हिन्दी। युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने मुक्तकों गीतों को प्रस्तुत कर चार चांद लगा दिए - स्वर्ग आकर बसा मां के चरणों में है।
मां से बढ़कर कोई चांद तारा नहीं है। राष्ट्रीय कविताओं के प्रस्तोता ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम ने ओजस्वी वाणी निम्नवत प्रस्तुत की आग नफरत की सदा के लिए शांत कर प्रेम रस धार पूरे देश में बहाइए। हास्य के अप्रतिम हस्ताक्षर प्रदीप महाजन द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार पर छंद मुक्तक प्रस्तुत किए गए। ओज कवि दीपक दिवाकर ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा- रसखान रहीम कबीर व नानक के मुख में इतराती है हिंदी, रविदास व केशवदास नरोत्तम दास की शान बनाती है हिंदी। हास्य व्यंग्य के रचनाकार जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू, गुलजार फाउंडेशन की संचालिका गुलजार बानो, वरिष्ठ कवयित्री लता श्रीवास्तव ने हिंदी के प्रचार प्रसार पर बल देते हुए अपनी कविताएं प्रस्तुत की। समारोह में स्वर्गीय रामधारी सिंह दिनकर की जयंती भी मनाई गई इस अवसर पर ओज कवि दीपक दिवाकर द्वारा उनकी कविता 卐कलम आज उनकी जय बोल卐का वाचन कर शब्द सुमन अर्पित किए।अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए शिवकुमार व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा हिंदी हमारे जनमानस की भाषा है।
मैंने विभिन्न प्रांतो में आयोजित कवि सम्मेलनों में हिंदी कविताओं के वाचन को महत्व देते हुए साहित्यकारों में हिंदी के प्रति उत्साह देखा है उन्होंने पंक्तियां दी- देव भाषा की है बेटी अंबर में विद्यमान, गौरवशाली अपनी पताका फहराती है। इसके अतिरिक्त काव्य समारोह में सियाराम रावत ठहाका श्री, मुस्तफा खान अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद बाराबंकी, आलोक वर्मा गोल्डन ब्लॉसम लाइब्रेरी संचालक, केपी सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक, वाई एन वर्मा, शिवानंद, पुनीत कुमार, बृजेंद्र जी समोसा सम्राट, आशा सिंह सहित साहित्यकारों द्वारा कविताएं प्रस्तुत की गई।
समारोह में ओज कवि दीपक दिवाकर का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सभी साहित्यकारों, उपस्थित श्रोताओं द्वारा दीपक दिवाकर को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण शाल्यार्पण एवं उपहारों से अभिनंदित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### स्कूलों में मीना का मनाया गया जन्मदिन, केक काटकर बच्चों में बांटी खुशियां



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत सभी बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित जूनियर स्कूलों में मीना का जन्मदिन खण्ड शिक्षा अधिकारी ने केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया। बनीकोडर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजपुर में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने मीना के साथ सामूहिक रूप से केक काटा और बच्चों के साथ गर्म जोशी से मीना का जन्मदिन मनाया ।साथ में बच्चों को रोचक गतिविधियां सहायक अध्यापिका वर्षा श्रीवास्तव ने कराया ।मीना के शुभ अवसर पर संजय कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति -5 चल रहा है ।हमारी नारी शक्ति इस समय संविधान के सर्वोच्च पद पर है। यहां की प्रधानाध्यपिका सविता भी नारी शक्ति के रूप में कार्य कर रही है ।आप सभी के द्वारा मीना का जन्मदिन पर जो उत्साह दिख रहा है वह बहुत अच्छा लग रहा है ।शिक्षा के साथ साथ आपकी बेहतर उपस्थिति से ही अच्छे परिणाम आयेंगे। विद्यालय का पुस्तकालय लैब की भी प्रशंसा की ।साथ ही साथ निर्देश दिया कि बच्चों को पुस्तकालय प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से ही बच्चों को आवंटित की जाए। विजयी बच्चों को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ बनीकोडर के ब्लॉक अध्यक्ष सोमप्रकाश मिश्र एसआरपी राघवेन्द्र सिंह, राजीव कुमार साहू,नरेंद्र भार्गव, मुकेश वर्मा एवं अंकित तिवारी उपस्थित रहे।

### चोरों की अफवाह से दहशत में जी रहे लोग, अफवाह फैलाने वाले दो लोग गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एक सप्ताह से चोरी की अफवाहों से क्षेत्र मे दहशत का माहौल बना है ।जबकि यह मात्र एक अफवाह है ।जिसे लेकर जैदपुर पुलिस ने बुधवार को चोरों की फर्जी अफवाह फ़ैलाने वाले दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना के क्षेत्र के नगर पंचायत जैदपुर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों मे लगभग एक सप्ताह से चोर आने की दहशत फैलने से हर तरफ लोग जाग जाग रखवाली कर रहे है ।वहीं महिलाओ सहित मासूम बच्चो मे भी दहशत का माहौल बना हुआ है जोकि मात्र एक अफवाह साबित हो रही। बुधवार को भोर में कांशीराम आवास अली अकबर कटरा के पीछे किराये पर निवास कर रहे जान मोहम्मद पुत्र यार मोहम्मद,अली हुसैन पुत्र यूनुस कांशीराम आवास थाना जैदपुर को फर्जी अफवाह फ़ैलाने के आरोप में जेल भेज दिया गया है ।इस संबंध में कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह ने बताया कि चोर के आने की फर्जी अफवाहो से क्षेत्र के लोगो मे दहशत बनी है जोकि पूरी तरह से बेबुनियाद है। जिसे लेकर दो लोगो को माहौल खराब होते देख अफवाह फ़ैलाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आगे भी अफवाह फ़ैलाने वाले लोगो पर नजर रखी जायेगी।

### अज्ञात रोडवेज की चपेट में आकर वृद्ध गम्भीर रूप से घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की दोपहर गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ागांव क्रासिंग पर हाइवे पार करते समय अज्ञात रोडवेज बस की चपेट मे आ जाने से 65 वर्षीय स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया है ।थाना क्षेत्र के ग्राम् बड़ागांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध मो तूफेल पुत्र दस्तगीर बुधवार को किसी कार्य के लिए शहर की ओर गये थे ।वापसी के दौरान बड़ागांव क्रासिंग पर जैसे ही अपनी स्कूटी मोड़ी वैसे ही बाराबंकी से रामनगर की ओर तेज रफ्तार मे जा रही रोडवेज बस टक्कर मार दी ।जिससे स्कूटी सवार मो तूफेल दूर जा गिरे। जिनके सिर एव पैर मे गंभीर छोटे आयी है ।इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया है।

### कूड़े के ढेर से उठ रही दुर्गन्ध से परेशान नगरवासी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मे सफाई व्यवस्था बेहाल है ।कूड़े के ढेर से उठ रही दुर्गंध से लोग परेशान है ।वही नवरात्र मे मंदिर जाने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वार्ड रईस कटरा के मोहल्ला ब्रह्मनान,पुरानी पुलिस चौकी और दर्जी मोहल्ला मे स्थिति सबसे खराब है ।नवरात्र के पवित्र अवसर पर लोग प्रतिदिन सुबह मंदिर जाते है ।कूड़े से उठती दुर्गंध के कारण रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। आसपास रहने वाले लोगो की परेशानी बढ़ गई है ।स्थानीय सभासद ताहिर अंसारी ने बुधवार करीब 2 बजे बताया कि नगर पंचायत के नए अधिशाषी अधिकारी ने अभी तक वार्ड रईस कटरा का सर्वे तक नही किया है। उन्हे वार्ड की वास्तविक स्थिति की जानकारी नही है ।सफाई कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है ।लेकिन उन्हें नगर पंचायत कार्यालय मे ही बैठाया जाता है ।सभासद के निर्देश का भी कोई असर नही होता ।बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। कूड़े से उठती दुर्गंध के कारण आसपास संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

# बाराबंकी को नशामुक्त करने के लिए सागर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने लिया शपथ

- समाज कल्याण विभाग ने आयोजित किया नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थो का सेवन की रोकथाम एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या रोड स्थित सागर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेण्ट में किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि उप क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी बृजमोहन, नारकोटिक्स सेल पुलिस विभाग के प्रभारी अनूप शुक्ला, जिला मद्य निषेध अधिकारी नीतू सिंह, ड्रग्स इंस्पेक्टर रजिया बानो, हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू' समाज कल्याण विभाग के प्रधान कार्यालय सहायक सुबोध श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, आनंद पथ नशामुक्ति केंद्र से विनोद कुमार सहित सागर इंस्टीट्यूट की चेयरपर्सन डॉ मधु अग्रवाल, अध्यक्षा, जनरल सेक्रेटरी मानस झुनझुनवाला, निदेशक डॉ0 जे0बी0 सिंह, प्रिंसिपल सविता उपाध्याय रजिस्ट्रार राजकुमार, विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेख त्रिपाठी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सहरीन हिजाब व अन्य फैकल्टी तथा 250 छात्र-छात्राएं बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली।

इस मौके पर कालेज के छात्रों द्वारा श्लोगन, चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई, प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले 12 छात्रों को उत्कृष्टता सम्मान, 20 छात्र छात्राओं को सक्रिय सहभागिता सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

छात्रों को तम्बाकू एवं धूम्रपान के दुष्प्रभाव से हो रही हानियों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुये, नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करते हुये शपथ दिलाई गयी। इसके अतिरिक्त अनूप शुक्ला द्वारा परिसर में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को तम्बाकू सिगरेट व अन्य मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। समाजसेवी रत्नेश कुमार ने कहा कि युवाओं के कैरियर में गलत संगत, नशा और नशेड़ियों की संगत एक बड़ी बाधा है, युवा ऐसी संगत से दूर रहें। कालेज के रजिस्ट्रार ने सभी अतिथियों, इंस्टीट्यूट के स्टाफ व छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# साजिद अली ने किया राजू गुप्ता का स्वागत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



शहर के मोहल्ला शाहगदाली में विशेष आयोजन में समाजसेवी साजिद अली राईन अशरफी ने वरिष्ठ समाजसेवी राजू गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान दोनों समाजसेवियों के बीच समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने, युवाओं को सही दिशा देने और जरूरतमंदों की मदद को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

राजू गुप्ता ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं साजिद अली राईन अशरफी ने भी सामाजिक एकता को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने इस मुलाकात को और खास बना दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्यक्रम को समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग की मिसाल बताया। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से न केवल समाज के बीच नजदीकियां बढ़ती हैं बल्कि जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान की राह भी निकलती है। इस अवसर पर नूर हसन राईन, इमरान चिश्ती, रिहान राईन, सुभान खान, इंतखाब आलम अशरफी, राशिद अली अशरफी, आसिफ राईन, आसिफ मेव, हाजी गुड्डू मंसूरी, सोनू यादव लालपुरा, आरिफमेव, कुंवर हसमत अली राजा, फुरकान खान, सलमान चिश्ती, सीमा बेगम तथा सरवरी बेगम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### अलग-अलग स्थानों पर महिला सहित दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र मे अलग अलग स्थानों पर महिला सहित एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ़ारसेंसिक साक्ष्य एकत्रित करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी 40 वर्षीय संदीप पुत्र हरिओम का शव बुधवार की सुबह गांव के बाहर स्थित एक नीम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों मे गमछे से लटकता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए फ़ारसेंसिक साक्ष्य एकत्रित करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा मे हुई पड़रा निवासी गौरीशंकर की 45 वर्षीय पत्नी सीमा वर्मा गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे शौच के लिए गयी थी जिसकी तालाब मे डूब कर मृत्यु हो गयी है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के आशा सभागार में किया गया कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों में अपने-अपने नव प्रवर्तन के साथ प्रतिभाग किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नित्य निरंतर हम नए-नए उपकरणों एवं संसाधनों का प्रयोग करते जा रहे हैं जिससे आम जीवन की कार्यशैली बदल रही है आज के इस कार्यक्रम में असंगठित क्षेत्र में हुए हुए नवाचार को इस प्रदर्शनी से नया प्लेटफार्म मिलता है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप कृषि निदेशक आरएन सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करना होगा। कार्यक्रम में



निर्णायक मंडल में डॉक्टर एनके मिश्रा डीन कृषि इंजीनियर कॉलेज, महेंद्र सिंह प्राचार्य केके पीजी, श्यामलाल प्राचार्य पंचायत राज महाविद्यालय ने अपने कर्तव्यों का विधिवत निर्वहन करते हुए प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया और अपने उद्बोधन में आवश्यक निर्देश प्रदान किया डीन ने कहा कि हमें अपने संसाधनों पर रोना नहीं चाहिए असुविधा और कठिनाई की आविष्कार की जननी है।

नव प्रवर्तन प्रदर्शनी के सफल आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपक कुमार सक्सेना डॉ. मुकेश यादव, बीके पाल, सूरज, हिमांशु , कुलदीप, सुरजीत, उमेश, तथा चंद्रपाल, सुशील, अंबुज, आशीष तथा अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर हर्षपाल, हर्ष तिवारी, रितिक ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर वीरेंद्र सिंह अनुष्का दुबे उमेश कुमार ने अपने स्वच्छता और वस्त्र उद्योग पर मॉडल दिखाकर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तृतीय स्थान पर कामिनी शर्मा अजीत त्रिपाठी रामदास ने उद्यान के क्षेत्र में तथा मोटर के क्षेत्र में कबाड़ से उपयोगी चीज बनाकर प्रवर्तन प्रस्तुत किया इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रशांत, प्रियांशी मान्यता, अवनीश आदि ने प्राप्त किया।

### दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए आयोजित हुआ अभिभावक काउंसिलिंग शिविर



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के उन्मुखीकरण एवं दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने हेतु ब्लॉक संसाधन केंद्र बनीकोडर के सभागार में द्वितीय पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय और जिला समन्वयक सुधा जायसवाल के निर्देशन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर विकासखंड के 54 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया तथा मेडिकल सर्टिफिकेट (UDID CARD) हेतु कुल 23 दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। काउंसलिंग में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं लाभ एस्कॉर्ट अलाउंस, स्टाइपेंड, मेजरमेंट एवं मेडिकल असेसमेंट कैंप, बड़े प्रिंट बुक, ब्रेल किट, आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई द्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों से अपील की गई द्य कार्यक्रम में राम कुमार वर्मा (प्रधानाध्यापक)रिसोर्स पर्सन, रितेश श्रीवास्तव (सहायक अध्यापक) रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने अभिभावकों से कहा कि दिव्यांग बच्चों की विशेष योग्यता को नजर अंदाज न करें और सरकार द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं का लाभ उठाए स्पेशल एजुकेटर सलोनी शर्मा व प्रदीप कुमार सोनकर ने बच्चों की मिलने वाली सुविधाओं और दिव्यांगताओं संबंधी जानकारी दी।

# दुष्कर्म पीड़िता को न्याय नहीं मिल रहा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में पुलिस लापरवाही और थानों के बीच सीमा विवाद के चलते एक दुष्कर्म पीड़िता न्याय से वंचित है। बलरई थाना क्षेत्र की रहने वाली बीएससी की छात्रा के साथ नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया गया। उसके नग्न वीडियो बनाकर बदनामी के लिए होने वाली ससुराल भेजे गए। तीन सप्ताह बीत जाने के बावजूद न मुकदमा दर्ज हुआ और न ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा रोज की तरह पढ़ाई के लिए स्कूल जा रही थी। रास्ते में शराब के ठेके पर बैठने वाले शादी शुदा युवक ने उसे विद्यालय छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठाया और आगे जाकर रास्ते में उसने प्रसाद में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको खिला दिया। फिर इटावा शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में ले जाकर रेप किया। आरोप है कि आरोपी ने इस दौरान नग्न वीडियो और फोटो भी बनाए। बाद में युवती को होश आने पर आईटीआई के पास छोड़ दिया। घर पहुंची छात्रा ने परिजनों को आपबीती बताई, लेकिन उसकी शादी तय होने के चलते परिवार ने लज्जा के डर से मामले को दबा दिया।

युवती की शादी फिरोजाबाद में तय की गई थी, लेकिन आरोपी ने युवती की नग्न तस्वीरें उसके होने वाले ससुराल वालों को भेज दीं। जिससे यह रिश्ता टूट गया और इस घटना से आहत होकर परिवार ने पुलिस से शिकायत की। पीड़िता ने 28 अगस्त को इटावा एसएसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

एसएसपी ने जांच एसपी सिटी को दी, लेकिन जब परिवार ने बलरई थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की तो वहां से जसवंतनगर थाना भेज दिया गया। जसवंतनगर पुलिस ने इसे अपने क्षेत्र से बाहर बताते हुए पल्ला झाड़ लिया और सिविल लाइन थाना भी मामले से अनजान बना हुआ है। नतीजा यह रहा कि आज तक न आरोपी पर मुकदमा दर्ज हुआ और न पीड़िता का मेडिकल परीक्षण हुआ।

इस पूरे घटनाक्रम से पीड़िता और उसका परिवार दर-दर भटकने को मजबूर है। युवती का कहना है कि शादी टूटने के बाद जब आरोपी ने उसकी इज्जत को ठेस पहुंचाई, तब उसने मजबूरी में पुलिस से शिकायत की। लेकिन थानों के सीमा विवाद और पुलिस की उदासीनता के चलते अब उसकी पढ़ाई तक छूट गई है। बलरई थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज ने घटना स्थल अपने क्षेत्र से बाहर बताया।

जसवंतनगर थाना प्रभारी संजय सिंह ने भी जिम्मेदारी से हाथ खींच लिया। जबकि सिविल लाइन थाना प्रभारी सुनील कुमार ने मामले से अनभिज्ञता जताई। मंगलवार को एसएसपी ने पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया है, लेकिन पीड़िता और परिवार को अभी भी इंसाफ के लिए भटकना पड़ रहा है।




### आज़म खान की रिहाई पर अल्पसंख्यक सभा ने बांटी मिठाई

इटावा, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खान की जमानत पर मंगलवार को पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ा दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फ़रहान शकील के नेतृत्व मे एक छोटा लेकिन उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर फ़रहान शकील और उनके साथी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी। कार्यकर्ताओं ने न सिर्फएक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस पल को यादगार बनाया, बल्कि आपस में गले मिलकर बधाइयाँ भी दीं। पार्टी कार्यालय का वातावरण रिहाई की खुशी में गुलज़ार नजर आया। इस अवसर पर बोलते हुए फ़रहान शकील ने कहा, ‹आज़म खान साहब की रिहाई न्याय की जीत है। वह हमेशा से जनता की आवाज़ रहे हैं और उन पर लगे सभी आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। उनकी वापसी से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में वह समाजवादी पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे इस अवसर पर मलिक कुरैशी, दिलशाद कुरैशी, बाबर उमर, कुनाल, हाशिम मिर्जा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केन्द्र पर रक्तदान शिविर आयोजित




**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रथम ओमप्रताप सिंह बंटू गौर ने किया।

बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डा. सैफ के साथ उद्घाटन करते हुए मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बंटू गौर ने कहा कि मनुष्य के जीवन में रक्तदान सबसे बडा पुण्य का कार्य है। क्योंकि आपके द्वारा दिये गये रक्त से किसी व्यक्ति को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पूर्णतया स्वस्थ है, तो उसे आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श उपरान्त रक्तदान अवश्य करना चाहिये। इस मौके पर करीब एक दर्जन से अधिक पार्टी पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। जिन्हें चिकित्सालय द्वारा प्रमाण पत्र भेंटकर उनका स्वागत सम्मान व उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर मण्डल महामंत्री जयदीप त्रिपाठी, त्रिलोकी पोरवाल, मंडल उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, जितेंद्र राजावत मोनू, इमरान खान, सभासद सुशील पोरवाल नानू बाबा, शैलेन्द्र सिंह बउआ, सेक्टर संयोजक पुनीत पोरवाल, अंकित कठेरिया, अंशु पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# डीएम की अध्यक्षता जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आहूति की गई।

बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहने पाए। उन्होंने




प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को लेकर एलडीएम को गति बढ़ाई जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी को लेकर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एजुकेशन लोन पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे बच्चों को पढ़ाई में सहायता मिलेगी एवं जनपद की रैंक में भी सुधार आएगा। सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 21 उद्यमी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री प्रोमोशन के लिए प्राथमिकता नं. 1 पर है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई जैसी छोटी-छोटी इकाईयों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उ.प्र. सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजनान्तर्गत विगत तीन वर्षो से कार्यरत ऐसी विनिर्माण ईकाइयों जिनके द्वारा तकनीकी उत्पन्न करते हुए नई टेक्नोलॉजी की मशीनें खरीदी जाती है, उन्हें 5 लाख तक की सब्सिडी प्राप्त कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते है उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। उक्त बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम, संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, विद्युत विभाग, बैंकर्स, समस्त उद्यमियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अश्लील हरकतें करते युवक गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के इटावा रोड स्थित नेशनल हाइवे सर्विस रोड के पास से थाना पुलिस ने एक युवक को राह निकलती लड़कियों व महिलाओं से अश्लील हरकतें करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि उपनिरीक्षक शोभित प्रजापति हमराह फोर्स के साथ गस्त पर थे कि तभी इटावा रोड नेशनल हाइवे के सर्विस रोड पर एक युवक द्वारा महिलाओं व लड़कियों से अश्लील हरकतें करते करने की सूचना मिली जिस पर उन्होंने पहुंचकर उस युवक को पकड़ लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम भूधर नारायण उर्फरवि तिवारी पुत्र साकेश तिवारी निवासी सनियापुर थाना डेरापुर कानपुर देहात बताया। जिसके विरुद्ध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# विकसित प्रदेश की परिकल्पना साकार करने के लिए बुद्धिजीवी का सुझाव आवश्यक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश का सपना सरकार का नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य हैं। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती हैं। जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती हैं। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत विजन 2047 के संबंध में हुई बैठक में कही। उन्होंने ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना साकार करने हेतु जनपद के बुद्धिजीवी का सुझाव आवश्यक हैं। उन्होनें स्वास्थ्य, समाज कल्याण, उद्यान, उद्योग, दिव्यांग कल्याण, परिवहन, प्राविधिक शिक्षा, शिक्षा, महिला कल्याण, पंचायतीराज, पिछड़ा वर्ग, ग्राम्य विकास, राजस्व, नगरीय निकाय आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विजन 2047 के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थलों पर स्थापित होर्डिंग्स, स्टैण्डी के स्कैनर अथवा बेबसाइट पर सुझाव देने हेतु जनपद के बुद्धिजीवियों को प्रेरित किया जाये। जिससे विजन 2047 की परिकल्पना साकार की जा सके। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्ष आईएएस अर्पित कुमार, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित आदि संबंधित अधिकारी रहे।

# विधायक ने किया 50 शैया मैटरनिटी विंग का लोकार्पण

**▸ दो अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत राजकीय महिला चिकित्सालय में 50 शैया मैटरनिटी विंग का विधायक अर्चना पांडेय ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को पोषाहार वितरित किया तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कमियों को शीघ्र दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह विशेष अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) स्वदेश गुप्ता ने बताया कि ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार÷ अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ केके त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राहुल मिश्रा, डॉ. दिवाकर श्रीवास्तव सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## माय लुक्स ब्यूटी पार्लर का भव्य शुभारंभ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला कटरा में माय शॉप के नए प्रतिष्ठान माय लुक्स ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ 25 सितंबर, गुरुवार को सुबह 10 बजे से होगा। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं के लिए विशेष सौंदर्य सेवाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। पार्लर की संचालिका शशि गुप्ता ने बताया कि उनके यहां ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, थ्रेडिंग, फैसियल, वैक्सिंग, मैनीक्योर, पेडीक्योर, हेयरकट और हेयर स्पा जैसी आधुनिक सौंदर्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पार्लर स्थानीय महिलाओं के लिए सौंदर्य और आत्मविश्वास को निखारने का एक नया केंद्र बनेगा। शुभारंभ के दिन विशेष छूट और आकर्षक ऑफर भी दिए जाएंगे। शशि गुप्ता ने सभी महिलाओं से इस खास अवसर पर शामिल होने की अपील की है।

# भाजपा ने शुरू की वोटर पंजीकरण की मुहिम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी ने आगामी स्नातक निर्वाचन में मतदाता पंजीकरण को लेकर कमर कस ली है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के कार्यकर्ताओं को वोटर पंजीकरण की जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ड-टू-वार्ड जाकर स्नातक मतदाताओं की पहचान करने और उनके वोट बनवाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्नातक निर्वाचन में पार्टी का लक्ष्य अधिक से अधिक मतदाता जोड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रियता से काम करे और संगठन की रणनीति के अनुसार मतदाता सूची को मजबूत करे। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि स्नातक चुनाव के लिए वोट नए सिरे से बनाए जाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर स्नातक मतदाताओं की जानकारी जुटाने और उनके वोट पंजीकृत कराने की अपील की। मनोज दुबे ने बताया कि नगर से एक हजार स्नातक वोट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे संगठन के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल करने के लिए समर्पित भाव से काम करने को कहा। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी और पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्नातक वोटर पंजीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभासद रमाकांत त्रिपाठी, पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, सुशील पांडेय, पूर्व सभासद अतुल वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीएसटी सुधारों पर विधायक अर्चना ने व्यापारियों से किया संवाद



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार द्वारा नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू जीएसटी सुधारों के मद्देनजर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने व्यापारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने नगर की कई दुकानों का दौरा कर व्यापारियों से जीएसटी में दी गई छूट को ग्राहकों तक पहुंचाने की अपील की। विधायक ने कहा जीएसटी सुधार सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो व्यापार को आसान बनाने और आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए उठाया गया है। इन छूटों से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि ग्राहकों को भी सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध होगा। मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि इन लाभों को ग्राहकों तक जरूर पहुंचाएं, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था और मजबूत हो। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे कदम उठाएगी। व्यापारियों ने विधायक के इस कदम की सराहना की और जीएसटी सुधारों का स्वागत किया। इस संवाद ने व्यापारियों और सरकार के बीच एक सकारात्मक पुल का निर्माण किया, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# मां पूर्णागिरि की साइकिल यात्रा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में उत्साह

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मां पूर्णागिरि की आराधना के लिए 28वीं विशाल साइकिल एवं रथ यात्रा का शुभारंभ नगर के विशुनगढ़ रोड, मोहल्ला ग्रेसीगंज से हुआ।

इस यात्रा का नेतृत्व देवसेना के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूर्व सभासद अरविंद गुप्ता ने किया। 55 साइकिल सवार श्रद्धालु दिव्य और भव्य रथ के साथ नगर भ्रमण करते हुए सौरिख रोड स्थित मां सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर विधायक व पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ÷धार्मिक पर्यटन हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति की पहचान है। यह यात्रा न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा देती है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत करती है। मां पूर्णागिरि की कृपा से सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए एएसपी अजय कुमार, सीओ सुरेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। इस दौरान प्रख्यात राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन, राष्ट्रीय लोक दल के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष श्रेयस द्विवेदी (गुड्डु भैया), भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी, भाकियू औनू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर, और देवसेना किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विकास कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस द्वारा व्यापक महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



चौपाल में महिलाओं को जागरूक करती पुलिस

मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न गांवों व क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

थाना क्षेत्रों ठठिया (ग्राम श्यामपुर), तिर्वा (ग्राम अहेर), इंदरगढ़ (ग्राम फतेहपुर), सकरावा (ग्राम परोर), छिबरामऊ (काशीराम कॉलोनी), विशुनगढ़ (ग्राम कैरदा) में महिला चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सहायता के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा दल द्वारा स्कूलों, कॉलेजों व बाजारों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाकर महिलाओं को सुरक्षित व सशक्त वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिलाओं एवं बालिकाओं को उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, तथा कानूनी प्रावधानों से संबंधित विषयों पर सार्थक व संवादात्मक चर्चाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के कार्य, उद्देश्य और वहां उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी गई।

# छात्रों को मिलेगा डिजिटल शिक्षा का प्रोत्साहन : मनोज

**▸ मां भगवती महाविद्यालय में टैबलेट वितरण**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मां भगवती महाविद्यालय में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि टेबलेट वितरण योजना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे इस टेबलेट का उपयोग अपने पाठ्यक्रम के साथ तालमेल बैठाने और ज्ञानवर्धन के लिए करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है और सरकार इस योजना के माध्यम से छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टेबलेट न केवल शिक्षा को सुलभ बनाएंगे, बल्कि छात्रों को डिजिटल दुनिया में नवीनतम जानकारी प्राप्त करने में भी मदद करेंगे।

महाविद्यालय के प्रबंधक सचिन दुबे ने कहा कि यह योजना छात्रों को डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि टेबलेट के उपयोग से छात्र अपने पाठ्यक्रम को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे और आधुनिक तकनीक के साथ कदम मिला सकेंगे। यह पहल छात्रों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में प्राचार्य अनुपम सिंह, अमित मिश्रा, राहुल पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मंदबुद्धि बालक से युवक ने की अश्लील हरकत, पुलिस जांच में जुटी

**रामपुरा, जालौन।** थाना क्षेत्र के ग्राम लिड़ऊपुर में नौ वर्षीय मंदबुद्धि बालक के साथ 28 वर्षीय युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मंदबुद्धि बालक के पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव का ही वीर प्रताप सिंह (उम्र लगभग 28 वर्ष) उसके मंदबुद्धि पुत्र को बुरी नीयत से पकड़कर शराब ठेका के पास खड़ी ट्रॉली के पीछे ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने बच्चे एवं अपने कपड़े उतारकर अश्लील हरकत शुरू कर दी। गांव के लोगों ने घटना को देख लिया और ललकारा, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित के परिजनों ने तुरंत घटना की सूचना रामपुरा थाना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी जगम्मनपुर पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही चौकी पुलिस एवं डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

# यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को नियमों की दी जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



छात्र- छात्राओं को जानकारी देती यातायात पुलिस

यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के पर्यवेक्षण में, यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में टीएसआई आफाक खां द्वारा बुधवार को तिर्वा क्षेत्रांतर्गत दीनानाथ जनता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार त्रिपाठी के सहयोग से छात्र- छात्राओं को यातायात से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि पैदल चलते समय सड़क पर किस स्थान का प्रयोग करना चाहिए, दाएं- बाएं मुड़ते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और ट्रैफिक लाइट के विभिन्न संकेतों का क्या महत्व होता है। इसके साथ ही, छात्रों को हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के फायदे भी विस्तार से समझाए गए। अधिकारियों ने बताया कि छोटे-छोटे नियमों का पालन करके बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

# मिशन शक्ति 5.0: शाहजहाँपुर में एनीमिया के खिलाफ ऐतिहासिक जनअभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- एनीमिया के खिलाफ शाहजहाँपुर की ऐतिहासिक जंग, एक दिन में 3.6 लाख महिलाएँ बनीं सहभागी
- डिजिटल पोर्टल और क्यूआर कोड से बढ़ी महिलाओं की भागीदारी, लाखों ने डाउनलोड किए प्रमाणपत्र
- जवाबदेही की नई पहल: खाली पैकेट लौटाने पर हर 11वें दिन मिल रही नई स्ट्रिप
- रंगोली, फोटोग्राफी और सोशल मीडिया प्रतियोगिताओं से अभियान बना जनआंदोलन

जनपद शाहजहाँपुर ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत एनीमिया के खिलाफ एक अनोखा और ऐतिहासिक अभियान चलाकर नई मिसाल कायम की है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिंसिनवार के नेतृत्व में हुए इस अभियान में एक ही दिन लाखों महिलाओं ने पूरे जिले में आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की गोली का नींबू पानी के साथ सेवन किया। यह न सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि यह दिखा गया कि सामूहिक प्रयास से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का समाधान संभव है। इस अभियान की व्यापकता अभूतपूर्व रही। जिले के 1,068 पंचायत भवन, 2,267 विद्यालय, 2,663 आंगनवाड़ी केंद्र, 300 आरोग्य मंदिर और 300 से अधिक निजी विद्यालय व महाविद्यालय इसमें शामिल हुए। अधिकारियों, चिकित्सकों और फ्रंटलाइन वर्कर्स ने स्वयं गोली लेकर अभियान की शुरुआत की और देखते-ही-देखते लगभग 3.6 लाख महिलाओं ने इस मुहिम में भाग लिया। अभियान की विशेष व्यवस्था यह रही कि हर महिला को आईएफए गोली की एक स्ट्रिप निःशुल्क दी गई। सेवन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए यह तय किया गया है कि महिलाएँ खाली ब्लिस्टर पैकेट पंचायत भवन में लौटाएँ और हर 11वें दिन नई स्ट्रिप प्राप्त करें। इस व्यवस्था ने अनुशासन और जवाबदेही दोनों को मज़बूती दी है। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को आसान तरीके से समझाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। महिलाओं को बताया गया कि गोली को चाय, कॉफी या कैल्शियम के साथ न लें, बल्कि आंवला, खट्टे फल या नींबू पानी के साथ लेने पर इसका असर कई गुना बढ़ जाता है। इस तरह विज्ञान और परंपरा को जोड़कर संदेश को सरल और यादगार बनाया गया। अभियान को आधुनिक रूप देने के लिए डिजिटल सुविधा भी जोड़ी गई। महिलाओं के पंजीकरण के लिए पोर्टल बनाया गया, जहाँ से वे अपना प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकती थीं। अभियान के दिन दोपहर 2 बजे तक ही 2.65 लाख प्रमाणपत्र डाउनलोड किए जा चुके थे। प्रमाणपत्र पर यूनिक नंबर दर्ज था, जिसके आधार पर प्रतिभागियों को लकी ड्रा में शामिल किया गया। इसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन और टेलीविज़न जैसे आकर्षक उपहार रखे गए। सुविधा आसान बनाने के लिए घर-घर क्यूआर कोड भी पहुँचाए गए।

युवाओं और आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए रंगोली, फोटोग्राफी और सोशल मीडिया प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इससे अभियान केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि पूरे जिले का सामूहिक आंदोलन बन गया।

शाहजहाँपुर की यह पहल साबित करती है कि प्रशासन, समाज और विज्ञान जब साथ मिलकर काम करते हैं तो बदलाव की नई कहानी लिखी जा सकती है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ यह प्रयास पूरे प्रदेश और देश के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर सामने आया है।

# ट्रक की लाइट ठीक करते मैकेनिक की डम्फर की टक्कर से मौत

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार दोपहर जोल्हूपुर में ट्रक की लाइट ठीक कर रहे मैकेनिक को डम्फर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। नगर के मुहल्ला मनीगंज निवासी नमी मंसूरी का 19 वर्षीय पुत्र सोहेल इलेक्ट्रीशियन का काम करता था और जोल्हूपुर में हाईवे पर उसकी दुकान है। बुधवार को वह दुकान पर खड़े ट्रक की लाईट ठीक कर रहा था इसी दौरान लापरवाह डम्फर चालक ने उसको रौद दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दौरान वहां मौजूद अन्य मैकेनिकों ने उक्त लापरवाह चालक को पकडकर मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मैकेनिक की दुर्घटना में मौत से उसके घर में कोहराम मच गया है। मुहल्लावासियों की माने तो उक्त युवक ने बेहद कम उम्र में हुनर हासिल कर ली दी और मोटर वाहनों की इलेक्ट्रिक कमिया बेहद कम समय मे दुरूस्त कर देता था जिसके चलते उसके यहा काम कराने के लिए लाईन लगी रहती थी मैकेनिकों और ट्रक संचालकों ने उसकी मौत पर दुख जाहिर किया है।

## चुर्खी में ग्राम सभा की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**कालपी, जालौन।** न्यायालय तहसीलदार कालपी के आदेश के अनुपालन में बुधवार को ग्राम चुर्खी में स्थित गाटा संख्या 1097 की ग्राम सभा की भूमि में अवैध कब्जे को राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम के द्वारा बुलडोजर से ग्रस्त कराकर भूमि को खाली कराने की कार्रवाई की गई। विभागीय सूत्रों के मुताबिक न्यायालय तहसीलदार कालपी के वाद संख्या 3655/2022 का 2 सितंबर 2025 के अनुपालन के अनुरूप बुधवार को नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रमोद दुबे, लेखपाल राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तथा ग्राम समाज की भूमि में जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने बताया की टीम के द्वारा विधिक कार्रवाई करके ग्राम समाज की जमीन को खाली कराया गया।

# उर्वरक खाद के लिए मारामारी, किसान हो रहे परेशान

**रामपुरा, जालौन समृद्धि न्यूज।**



रबी सीजन की बुवाई के लिए डीएपी उर्वरक की उपलब्धता न होने से नदिया पार क्षेत्र के दो दर्जन गांवों के किसान भटकने को मजबूर हैं।

विकासखंड रामपुरा के अंतर्गत नदिया पार कहे जाने वाले क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों के किसानों को उर्वरक वितरण की सुविधा के लिए ग्राम सिद्धपुरा में साधन सहकारी समिति की विशाल नवीन बिल्डिंग तैयार की गई थी, ताकि किसानों को सुविधा मिल सके। किंतु चार वर्ष बीतने के बाद भी समिति से उर्वरक वितरण का हाल बुरा है। किसानों के अनुसार, अब तक इस समिति से अधिकतम 100 से 200 बोरी खाद का ही वितरण हुआ है। समिति के सचिव का कहना है कि खाद का ठेला सिद्धपुरा सहकारी समिति तक नहीं पहुंच पाता, इसलिए वितरण रामपुरा से कराया जाता है। जबकि किसानों का सवाल है कि जब रामपुरा सहकारी समिति तक ट्रक न पहुंचने पर ट्रैक्टरों के जरिए खाद उतारकर पहुंचाया जाता है, तो वही व्यवस्था सिद्धपुरा समिति में क्यों नहीं की जाती। किसानों ने बताया कि उन्हें खेती-किसानी के बहुमूल्य समय को गंवाकर 15 किलोमीटर की दूरी तय करके रामपुरा जाकर खाद लेना पड़ रहा है। इनमें महिलाएं, वृद्ध, अति वृद्ध एवं बीमार किसान भी शामिल हैं। रविंद्र सिंह प्रधान, रणवीर सिंह, सुनील, रामवीर सिंह, कृपाल सिंह, अमर सिंह, रामनरेश सिंह आदि किसानों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है।

# जन चौपाल में प्रभारी मंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ गांव, गरीब, किसान कल्याण को समर्पित है सरकार: गौरीशंकर**

ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम ऐरी रमपुरा विकासखंड डकोर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार ने की। जन चौपाल में प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के उपरांत आज आपके गांव में जूनियर हाई स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार हो गया है। अब शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं आपको गांव में ही मिलेंगी। यह प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों के लोग बिना कठिनाई के बुनियादी सेवाओं से लाभान्वित हों।

# जीएसटी के नाम पर उद्योगपतियों को दिया जा रहा लाभ: डॉ. जितेंद्र सिंह

- अन्नदाता एक-एक बोरी खाद के लिए समितियों के लगा रहे चक्कर
- पीडीए चौपाल में समाजवादी पार्टी को सशक्त बनाने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर बरखिरिया के बूथ उनासी में आज पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पीडीए को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इससे पूर्व मंचासीन सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव आदि सपाइयों का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मौजूद लोगों से मुखातिब होते कहा कि भाजपा की सरकार जनता को मूर्ख बनाने का काम कर रही है।

वह सिर्फ खोखले वायदे ही करना जानती है। जीएसटी के नाम पर लोगों की जेबों पर डांका डाला जा रहा है। यह पैसा बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। जीएसटी लगने से पहले जो मोटर साइकिल व स्कूटी 30 से 40 हजार में आती थी, वह आज एक लाख के ऊपर पहुंच गयी है। रोजमर्रा की चीजों पर भी जीएसटी वसूली जा रही है। टैक्स के नाम पर जो पैसा जनता से वसूला जा रहा है, वह विकास में लगना चाहिए, लेकिन वह विकास में न लगकर उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। जिससे बढ़ती महंगाई में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। वर्ष 2014 में जितना कर्ज देश पर था, वह आज तीन गुना हो चुका है। आज सब स्मार्ट कर जनता को ठगा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर जमकर वसूली की जा रही है। बगैर उपभोक्ताओं को बताये उनके स्मार्ट मीटर प्रीपेड में कनवर्ट किये जा रहे हैं। किसान खाद की कालाबाजारी से जूझ रहा है।


पीडीए चौपाल को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

उसको समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। वह एक-एक बोरी के लिए समितियों के चक्कर लगा रहा है। कुल मिलाकर सरकार जनता से जमकर धन उगाही की जा रही है, लेकिन अब जनता सरकार से तंग आ चुकी है। वह उसके झांसे में ज्यादा आने वाली है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, गौरव यादव, प्रदीप कुमार यादव, अंकुर यादव, ब्रह्मकिशोर, आशीष यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि के तीसरे दिन मंदिरों में हुई मां चंद्रघंटा की पूजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से मां की आराधना कर मुरादें मांगीं। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन जारी रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन भक्तों ने मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मां ममता की सागर हैं। उनकी महिमा निराली है। अपने भक्तों का उद्धार करती हैं और दुष्टों का संहार करती हैं। धार्मिक मत है कि शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धा भाव से मां चंद्रघंटा की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। इसी क्रम में भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। नगर के मठिया देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित माता शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित मैं वैष्णो देवी मंदिरों में खासी भीड़ देखी गयी। पौ फटते ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन चलता रहा। बज रहे घंटा घड़ियालों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं घरों में महिलाओं ने मां की आराधना कर शाम को भजन कीर्तन व देवी जागरण किये। मंदिरों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो पल-पल पर अपनी नजर बनाये रहा।


मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करती महिलाएं

# राम बारात आयोजन के मद्देनजर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग


दुपहिया वाहनों को चेक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राम बारात के आयोजन को देखते हुए कादरीगेट थाना पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने सभी संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की। जानकारी के अनुसार बुधवार को आदर्श रामलीला मंडल की ओर से रामबारात निकाली जायेगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर से भी काफी भीड़ जुटने की संभावना जतायी जा रही है। इस भीड़ का फायदा उठाकर चोर उचक्के सक्रिय हो जाते हैं और वह महिलाओं के जेवरातों, मोबाइलों आदि पर हाथ साफ कर देते हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर थाना कादरीगेट पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान थानाध्यक्ष क्राइम राजेश कुमार ने नेतृत्व में चलाया गया। चेकिंग अभियान में बस स्टैंड चौकी प्रभारी कपिल कुमार कुशवाहा, कादरीगेट चौकी प्रभारी कृष्णा कश्यप और लोहिया चौकी प्रभारी जयंत फौजदार मौजूद थे।

साथ ही पांचाल घाट चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा, भैरो घाट चौकी प्रभारी सुखलाल राजपूत, कांस्टेबिल दीपक कश्यप, कांस्टेबल अंकुश देशवाल और होमगार्ड जवान भी तैनात रहे। थानाध्यक्ष क्राइम राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य से अप्रिय घटनाओं को रोकना तथा आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है।


शपथ ग्रहण कार्यक्र में मौजूद जिला जज व नव निर्वाचित पदाधिकारी

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डीजे ने दिलायी शपथ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते 11 सितम्बर को मुंसिफ कोर्ट में हुए बार एसोसिएशन चुनाव में विजय हुए नव निवार्चित अध्यक्ष अतेन्द्रपाल यादव, सचिव पंकज शुक्ला, कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र वर्मा सहित पदाधिकारी एव सदस्यों को जिला जज नीरज कुमार मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष अतेन्द्रपाल यादव ने माल्यार्पण कर जिला जज का स्वागत किया। कार्यकम मे एडीजे फर्रुखाबाद संजय सिंह वशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सीजेएम घनश्याम शुक्ला और सिविल जज जूनियर डिवीजन माला कुमारी सम्मानित अतिथि रहीं। समारोह के दौरान फर्रुखाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष शशि भूषण, कुंवर सिंह यादव, महासचिव कमर हुसैन, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सहित समाज सेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, शफीक अहमद, नरेन्द्र सिंह, सुरजीत कुमार, खुशहाल मियां सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें सचिव : बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने कार्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक बुलायी। इस दौरान उन्होंने सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बैठकें कर बीडीओ अमरेश चौहान सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का लगातार कार्य कर रहे हैं। जिससे संबंधित बुधवार को सभी ग्राम पंचायत सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। बैठक में विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान पर जोर दिया।

वहीं सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास तथा आईजीआरएस निस्तारण सहित कई योजनाओं के बारे में ग्राम सचिवों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम सचिवों को बताया कि वह हर हाल में क्षेत्र में रहकर ग्रामीण जनता से सामंजस्य बनाएं तथा सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें। बीडीओ ने बताया कि आगामी 30 सितंबर को एक कार्यक्रकम के तहत दिव्यांगों को जिलाधिकारी कार्यालय पर उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए बस द्वारा दिव्यांगों को ले जाया जाएगा। इस मौके पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बीडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, कमल सिंह, जगवीर सिंह यादव, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, मोतीलाल, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार तथा वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



सचिव की बैठक लेते बीडीओ

# खबरें एक नजर में

## दबंगों ने मां-बेटे समेत तीन को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई बरियार निवासी लाड़ली उम्र 50 वर्षीय पत्नी बुधपाल नागर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके घर पर रखी पानी की टंकी में सुराग हो गया। जिससे पानी गली मे भरने लगा। उनका बेटा अरविन्द्र अपना ई- रिक्शा लेकर घर से निकल रहा था। गली में उसने पानी भरा देख अपने बेटे अनमोल उम्र 12 वर्ष से ईटें गली में रखवाकर अपना ई-रिक्शा लेकर चला गया। उसके बाद उनका बेटा अनमोल उन ईटों को उठाकर जैसे ही उसने रखना चाहा, उसी दौरान पड़ोसी अरूनाथ पुत्र श्याम लाल, निशा पुत्री श्यामलाल, सचिन पुत्र श्यामलाल एक जुट होकर आए और आते ही अनमोल के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों व लाठी-डन्डों से पिटाई करने लगे। अनमोल को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई उसकी माँ बिट्टो देवी के साथ भी उक्त लोग मरापीट करने लगे। पोते व बहू को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई सास लाड़ली को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बिट्टो देवी, लाड़ली का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिलीं राज्यसभा सांसद

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ने मिलकर मामले की जानकारी की तथा आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ कंपिल स्थित राजीव इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर के संचालक दिव्यांग शीबू, उसके भाई सलमान व साथी अनस ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर सीओ को दी थी। सीओ के आदेश पर दिव्यांग आरोपित शीबू, उसके भाई सलमान व साथी अनस के खिलाफपुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया। बुधवार दोपहर राज्यसभा सांसद महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा के साथ पीड़िता के गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से घटना के संबंध में जानकारी की। उन्होंने बताया पीड़िता से बात करने के बाद स्पष्ट हुआ कि उसके साथ लव जिहाद, मंतातरण का दबाव बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी किसी भी धर्म जाति की लड़की के साथ न्याय करेगी। प्रशासन व राजस्व विभाग की टीम से बात कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। ऐसे आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या बन रही जाम का कारण


जाम लगाये ई-रिक्शा चालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में ई-रिक्शा की बढ़ती तादात लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनती जा रही है, क्योंकि ई-रिक्शा से आये दिन किसी न किसी स्थान पर जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। चालक कहीं पर भी आराम से ई-रिक्शा रोककर सवारियों को भरने लगते हैं। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनता ने ऐसे ई-रिक्शा चालकों पर शिकंजा कसने की मांग की है। बताते चलें कि ई-रिक्शा की संख्या दिनोंदिन बेतरतीब तरीके से बढ़ रही है। जिससे नगर में आये दिन जाम के हालात उत्पन्न हो रहे हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी समय जाया करना पड़ रहा है। जब कोई ई-रिक्शा चालकों से विरोध करता है, तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। इनकी मनमाने से हर कोई तंग आ चुका है। लोगों ने जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी से ई-रिक्शा चालकों पर शिकंजा कसने की मांग की है, ताकि लोगों को आये दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिल सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के स्वजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी रजनेश की 25 वर्षीय पत्नी गार्गी ने मंगलवार की रात किसी पहर घर के कमरे में कुंडे के सहारे साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजनों के अनुसार राजेश पत्नी गार्गी व बेटे के साथ छत पर सो रहे थे। किसी पहर गार्गी बेटे को लेकर कमरे में आकर खुदकुशी कर ली। बेटे के रोने पर रजनेश ने कमरे में जाकर देखा, तो उनकी चीख निकल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बुधवार दोपहर मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। नायब तहसीलदार हर्षित ने भी घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। मौके पर पहुंचे जनपद शाहजहांपुर थाना परौर के गांव पट्टिया निवासी मृतका के पिता शीशराम ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतका की प्रथम शादी पांच वर्ष पूर्व रजनेश के छोटे भाई स्वपनिल के साथ हुई थी। बीमारी से स्वप्निल की मौत हो गयी। तीन वर्ष पूर्व महिला का विवाह रजनेश के स्वजनों ने रजनेश से कर दिया। स्वजन मौत का कारण नहीं बता सके। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## सूने घर से चोरों ने पार किये नकदी व जेवरात

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सूना घर पाकर चोरों ने नकदी व सोने चांदी के जेवरात पार कर दिये। महिला जब वापस आयी, तो उसे चोरी होने की जानकारी हुई। उसने थाना पुलिस को तहरीर दी है।


घर पर बिखरा पड़ा सामान

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी रीता देवी पत्नी सतीश कुमार ने बताया की वह बीती शाम दुर्गा पंडाल में गई थी। घर पर उसका देवर सो रहा था। चोर मेन गेट की कुन्डी खोलकर उसके घर में घुस गये और बक्से में रखी 40 हजार रुपये की नगदी, एक सेमसंग का मोबाइल फोन, एक जोड़ी तोड़ियां, एक सोने की अंगूठी चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना महिला ने पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने की बात कही।

# दबंग के आगे पुलिस, ईओ, चेयरमैन सब नतमस्तक

- सरकारी नल में समरसेबिल डालकर कर रहा लोगों को परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला पुराना गनीपुर डाक्टर अखिलेश वर्मा वाली गली में कई वर्ष पहले खंड विकास कार्यालय नवाबगंज द्वारा एक नल लगवाया गया था। लगभग 1 वर्ष पूर्व उसी नल को मोहल्ले के एक दबंग व्यक्ति द्वारा अपना निजी नल बताकर उसमें समरसेबिल डालकर निजी पाइप लाइन डालकर फिटिंग कर ली गई थी। मोहल्ले के लोग जब उस नल पर पानी भरने जाते, तो दबंग व्यक्ति व उसके परिजन उन लोगों को गाली-गलौज कर वहां से भगा देते थे। लगभग एक माह पूर्व पड़ोस के रहने वाले एक युवक के बच्चे उस नल पर पानी भरने गए, तो दबंग व्यक्ति ने बच्चों को पानी भरने से मना कर दिया। जिस पर युवक की पत्नी ने विरोध किया, तो दबंग व्यक्ति व उसके परिजनों ने युवक के घर में घुसकर महिला व उसके बच्चों को मारपीट कर दी थी। दबंग व्यक्ति व महिला के पति को थाना पुलिस थाने ले गई। फिर दोनों में समझौता हो गया था और दबंग व्यक्ति ने नल से समरसेबिल निकाल लेने की बात कह कर समझौते पर हस्ताक्षर भी कर दिए थे। सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन बुधवार को उस दबंग व्यक्ति ने फिर से मिस्त्री बुलाकर नल को खुलवाकर उसमें समरसेबिल डालने लगा। जिस पर मोहल्ले की महिलाओं ने विरोध जताया, तो दबंग व्यक्ति व उसके परिजनों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिस पर मोहल्ले की एक महिला ने यूपी 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे 112 पुलिसकर्मी ने थाने पहुंच कर शिकायत करने की सलाह दी। जिस पर मोहल्ले की लगभग आधा दर्जन महिलाएं थाने पहुंचकर दबंग व्यक्ति व उसके परिजनों की मौखिक शिकायत की। थाना पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस बात की जानकारी अधिशासी अधिकारी से करनी चाही तो उन्होंने लखनऊ मीटिंग में होने की बात कही। चेयरमैन अनिल राजपूत ने बताया कि व्यक्ति को पहले भी समझाया गया था कि विवाद न करे। यदि मोहल्ले के लोगों की सहमति नहीं है तो नल में समरसेबिल न डाले, लेकिन वह मानता ही नहीं है। फिर भी एक बार समझाने का प्रयास किया जाएगा।


मौके पर मौजूद पुलिस

# शराब के नशे में धुत्त युवक-युवती का घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे स्टेशन पर शराब के नशे में धुत्त युवक युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा लोगों में चर्चा का विषय बन गया। कई लोग इस ड्रामे को काफी देर तक तमाशबीन बने देखते रहे। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और युवक युवती को काफी देर तक समझाती रही। बाद में रेलवे पुलिस ने उन्हें अपनी कस्टडी में ले लिया। वहीं युवक युवती कहां के थे, इसका पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर रेलवे स्टेशन ट्रेक पर एक युवक और एक युवती जो कि शराब के नशे में धुत्त थे, पहुंचे। जहां युवती जान देने पर अड़ी थी, वहीं युवक उसे बचाने का प्रयास कर रहा था। जब यह ड्रामा लोगों ने देखा, तो वहां पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। दोनों एक दूसरे को काफी गाली-गलौज कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को रेलवे ट्रेक से उठाया और 108 एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से दोनों को रेलवे थाना भिजवाया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। खबर लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो सकी थी।


युवक-युवती को हिरासत में लेती रेलवे पुलिस

## पीली मिट्टी खोदने गयी महिला के ऊपर गिरी दीवार, घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीली मिट्टी खोदने गयी महिला के ऊपर दीवार गिर गयी। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और महिला को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर निवासी शकील खान उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद शेर की 35 वर्षीय पत्नी संजीदा बेगम अपने घर के निकट ही अपने परिवार के ही ताया ससुर मास्टर नवाब शेर के टूटे पड़े घर में पीला मिट्टी खोदने गई थी। वह दीवार के सहारे मिट्टी खोद रही थीं, तभी अचानक दीवार भर-भराकर गिर गई और काफी भारी मात्रा में दीवार की मिट्टी महिला के ऊपर गिर गई है। जिससे महिला बुरी तरह दब गई। जिसकी जानकारी होने पर चीख पुकार मच गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में मिट्टी हटाकर महिला को बाहर निकाला और गंभीर हालत में नवाबगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें बाहर ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन फर्रुखाबाद के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां भर्ती कर उसका उपचार शुरु किया गया। समाचार लिखे जाने तक महिला का उपचार जारी है।


मौके पर मौजूद ग्रामीण

# बस कुछ दिन शेष आ रहे हैं अखिलेश: इलियास मंसूरी


कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की संस्तुति पर सपा युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए 21 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का महानगर अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी ने फूल मालाओं तथा सपा गमछा पहनाकर स्वागत किया और सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश और पार्टी की तरफ लोगों का झुकाव ये बता रहा है कि बस कुछ दिन शेष हैं और आ रहे अखिलेश हैं। महा नगर अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इज़हार खां, ओमप्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, शिवशंकर शर्मा आदि ने विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान गौरव यादव, मोहम्मद अकलीम खां, कुद्दश खां, अबरार मंसूरी, ऋषभ गुप्ता, अरविंद यादव, अनुज यादव, जितेंद्र यादव, नीलू यादव, अश्वनी शर्मा, आकाश राठौर, धर्मेंद्र कुमार, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# उन्नति खाद बीज भण्डार का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन अवसर पर ईश्वरदास महाराज व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित की आलू मण्डी सातनपुर स्थित उन्नति खाद बीज भण्डार का दुर्वाषा ऋषि आश्रम के महंत व भाकियू अखण्ड के प्रदेश संरक्षक ईश्वर दास महाराज ने फीता काटकर उद्घाटन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, अवधेश सिंह, शिवनाथ उर्फ छन्नू, लकी उर्फ मुन्ना खान, बबलू यादव, प्रभात शाक्य, शिवम दीक्षित, इरशाद खान, बबलू यादव, पूरन राठौड़, बच्चा स्वामी महाराज आदि मौजूद रहे।

# सफाई मित्रों/सफाई नायकों के लिए लगा स्वास्थ्य कैंप



स्वास्थ्य कैंप में दवा लेते सफाई मित्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका परिषद कायमगंज स्थित सभा कक्ष में सभी सफाई मित्रों व सफाई नायकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। परीक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों को औषधि आदि का वितरण भी किया गया। इस दौरान कई सफाई मित्र/सफाई नायक वायरल बुखार, खांसी, जुकाम, एलर्जी से पीड़ित पाये गये। सभी को दवा के साथ आवश्यक सलाह भी दी गयी। साथ ही कहा गया कि मौसम बदल रहा है। ऐसे में संक्रामक बीमारियां जल्दी हावी होती हैं। जिससे हमें बचना है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज से डॉक्टर जितेंद्र बहादुर, ज्योति गुप्ता एनसीटी काउंसलर, गौरव मिश्रा, अनस इंटर्न तथा नगर पालिका परिषद कयमगंज से अनिल कुमार, आजाद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, समस्त सफाई नायक, निखिल राज एसबीएम टीम आदि उपस्थित रहे।

## बच्चे को बचाने में बाइक सवार फिसला, घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गाँव सोना जानकीपुर निवासी धर्मपाल उम्र 45 वर्षीय पुत्र जवाहरलाल बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज तहसील की ओर आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम बरझाला थाना कायमगंज के निकट पहुंचा, तभी बच्चे को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार धर्मपाल नीचे गिरकर बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेन्स को सूचना दी। मौके पर पहुँचे ई0 एमटी जितेन्द्र, पायलट मोहम्मद साविर हुसैन ने एम्बुलेन्स द्वारा घायल धर्मपाल को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

10वें आयुर्वेद दिवस के एक सप्ताह के उत्सव का मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में समापन समारोह का आयोजन किया गया। आयुर्वेद दिवस कर मुख्य थीम (आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट) था। पूरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक दीप प्रज्वलन अनुष्ठान और भगवान धन्वंतरी की वंदना से हुआ।

डॉ0 अरुण पांडे ने सप्ताह भर के कार्यक्रमों के मुख्य बिंदुओं को साझा किया। शिक्षकों ने आयुर्वेद दिवस पर अपने विचार साझा किये। प्राचार्या डॉ0

**▸ प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित**

नीतू श्री ने संगछ्ध्वं संवदध्वं के सिद्धांत का पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने दायित्व निर्वाहन पर जोर दिया। योग प्रशिक्षक डॉ0 कविता नेगी के मार्गदर्शन में 2023 बैच के छात्रों द्वारा आकर्षक योग नृत्य प्रदर्शन किया गया। पोस्टर प्रस्तुतिकरण के लिए प्रथम पुरस्कार हृतिक हलदार, गोपाल गुप्ता, प्रिंस बोस, रमन कुमार व वंश विक्रम राठौर को प्रदान किया गया। रील-मेकिंग प्रतियोगिता में 2019 बैच की रूपाली ने शीर्ष स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 2023 बैच के राज पांडे, नवीन कुमार व अनुराग प्रजापति ने साझा किया। राज पांडे ने पिक-एंड-स्पीक इवेंट में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्ष सम्मान 2022 बैच की निधि और सुमैरा फातिमा को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ पावरपॉइंट प्रस्तुति पुरस्कार 2019 बैच की रूपाली, 2021 बैच से अमित और सौरभ ने सर्वश्रेष्ठ पावरपॉइंट प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया। 2022 बैच से अंकित दुबे को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार मिला। 2023 बैच के लिए अकांक्षा भदौरिया को उत्कृष्ट पीपीटी प्रस्तुति के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। 2024 बैच से सतीश को सर्वश्रेष्ठ पीपीटी प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉलेज के संकाय सदस्य और छात्र जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में डॉ0अरुण कुमार पांडे के निर्देशन में आयोजित आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम में भी भाग लेने के लिए उपस्थित थे। डॉ0 रीता सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम में विजेता व कॉलेज स्टाफ



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

## भाविप ने पंच परिवर्तन पर की चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में संजय दुबे के बढ़पुर स्थित प्रतिष्ठान वीएन परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर धनंजय, डा0 सुबोध वर्मा ने प्रतिभाग कर पंच परिवर्तन पर चर्चा की। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने की। बैठक में क्षेत्रीय महिला सहभागिता अनीता पाठक, अध्यक्ष रीता दुबे, सचिव मंजूश्री, कोषाध्यक्ष आशा देवीवर्मा, रचना वर्मा, राजेश चंद्र शुक्ला, डॉ0 श्यामा वर्मा, निवेदिता अस्थाना, रमा बाजपेई, डॉ0 आरके गुप्ता, डॉ0 विनोद तिवारी, प्रभाकर अग्निहोत्री, रामजी वाजपेई, अनिल प्रताप सिंह, संजय दुबे, आरके वर्मा, संजीव वर्मा, नैमिष मिश्रा, अनिल गंगवार, अवधेश चंद दुबे मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत डीएन कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो0 अमीन द्वारा चलाया गया। प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं समस्त छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रांगण की साफ-सफाई करके अपना श्रम योगदान दिया। बी.ए./बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्र/छात्राओं का साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के विषय में डॉ. अजहर जुनैद आलम ने समस्त जानकारी दी। विनय बाथम ने छात्र/छात्राओं के वोकेशनल कोर्स, साइबर सिक्योरिटी हेतु पंजीकरण इत्यादि प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. राम नरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्रायें

# फोर्सेज फॉर फोर्सेज की थीम के तहत महिला पुलिस को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल फतेहगढ़ के डॉक्टरों, मेजर गरिमा त्रिपाठी और मेजर शीना ने महिला पुलिस कांस्टेबलों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वस्थ नारी सशक्त अभियान और स्वच्छोत्सव-2025 के साथ आयोजित सत्र में, फोर्सेज फॉर फोर्सेज की विशेष थीम के तहत एक स्वस्थ कार्यबल के महत्व पर जोर दिया गया। एसपी आरती सिंह व मिलिट्री हॉस्पिटल के कमांडिंग ऑफिसर सीओ कर्नल मनीष पांडे उपस्थित रहे।

चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा दिए गए इस व्याख्यान में पुलिस बल में कार्यरत महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों के अनुरूप कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों को शामिल किया गया। मुख्य विषय स्तन और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंगः डॉक्टरों ने स्वयं-जांच तकनीकों, नियमित नैदानिक स्क्रीनिंग के महत्व और स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

एनीमिया (खून की कमी)ः पुलिस कार्य की शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण प्रकृति को देखते हुए, एनीमिया पर विशेष ध्यान दिया गया। मेडिकल टीम ने इसके कारणों, लक्षणों और निवारक उपायों के बारे में बताया और ऊर्जा और सहनशक्ति बनाए रखने के लिए आयरन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार की भूमिका पर जोर दिया। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) सत्र में हाइपरटेंशन के बढ़ते प्रसार को संबोधित किया, जो अक्सर तनाव और जीवनशैली कारकों से जुड़ा होता है। कांस्टेबलों को अपने रक्तचाप की निगरानी करने, स्वस्थ जीवनशैली की आदतें अपनाने और दीर्घकालिक जटिलताओं को रोकने के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। फोर्सेज फॉर फोर्सेज की व्यापक थीम ने सैन्य और पुलिस बलों की अपने कर्मियों के स्वास्थ्य और परिचालन तत्परता को सुनिश्चित करने की पारस्परिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

इस पहल ने एक सहयोगात्मक भावना का प्रदर्शन किया, जहाँ सशस्त्र बलों की चिकित्सा विशेषज्ञता को पुलिस के कल्याण का समर्थन करने के लिए बढ़ाया गया। मेजर अंकुर, सूबेदार राजीव, सूबेदार प्रसाद, नायब सूबेदार सुखदेव और नाइक अंबुज ने योगदान दिया।



कार्यक्रम में मौजूद सैन्य अधिकारी व पुलिस कर्मी

## खबरें एक नजर में

### संयुक्त चेकिंग में दो ओवरलोड ट्रक सीज



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बघार तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री का परिवहन करने वाले ओवरलोड/अवैध परिवहन एवं टैक्स बकाया के ट्रकों/डम्पर को सीज कर दिया गया। जिसमें खनन विभाग द्वारा रुपए 40,000 रुपये तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 29,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### पूर्व मंत्री आज़म खां की रिहाई पर सपा कार्यालय में मनाई गई खुशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इज़हार खां, युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव/पूर्व मंत्री आज़म खान की रिहाई का जश्न मनाया गया। इस दौरान इलियास मंसूरी, मुजाहिद अंसारी, इज़हार खां, ओमप्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, शिवशंकर शर्मा आदि पदाधिकारियों ने कार्यालय के बाहर लडडू बांटकर कर खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओं में संघर्ष की जीत की खुशी झलक रही थी। इस दौरान लालू सिंह, सोहेब, अश्विनी शर्मा, आकाश राठौर, रंजीत बाबू, कौशल शाक्य, नन्हेंलाल दिवाकर, भानु प्रताप सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, अरविंद यादव, मोहम्मद अकलीम, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### नहीं रहे लोधी समाज के संरक्षक आरबी सिंह



आरबी सिंह का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के पूर्व अधिकारी व ब्लाक मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सुल्तानगर के पूर्व प्रधान रहे लोधी महासभा के संरक्षक समाजसेवी आरबी सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर लोधी समाज के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज के प्रति ऐसे समर्पित व्यक्तित्व की कमी हमेशा खलेगी। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, भाजपा जिला मंत्री डा धर्मेन्द्र राजपूत, पंकज राजपूत, श्यामसुंदर वर्मा लल्ला, जौली राजपूत, ईश्वरदयाल राजपूत, कौशलेंद्र राजपूत, बेचेलाल वर्मा, अजय राजपूत, अरविन्द राजपूत सहित तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पांचाल घाट पर संकिसा चेयरमेन राहुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर युवक ने युवती से की ठगी, फोटो किये वायरल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शादी करने व कालोनी दिलाने का झांसा देकर युवती से 10500 रुपये की ठगी कर फोटो एडिट कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर जानमाल की धमकी देने के मामले में पीड़िता ने स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर न्यायालय की शरण ली। कोतवाली कायमगंज के क्षेत्र निवासी पीड़िता ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसने अपनी शादी के लिए शादी डॉटकाम ऐप पर रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई 2025 को कराया था। 20 जुलाई को मेरे मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले युवक ने अनुज वर्मा पुत्र रामशिरोमन वर्मा निवासी पूरे दलपतशाह धौरसिलापुर कस्बा पट्टी जनपद प्रतापगढ़ बताया और अपनी सजाति कुर्मि बतायी और यह भी बताया कि वह ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है। मेरा बायोडाटा देखने के बाद शादी के लिए राजी हो गया और इस दौरान मेरे परिवार तथा शैक्षिक योग्यता आदि की जानकारी भी की। उसने अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसाकर सरकारी कालोनी दिलाने के नाम पर 25 रुपये की मांग की। मना करने पर कहा कि आधा पैसा तत्काल डाला, शेष पैसा कालोनी पर देना। मैने 10500 रुपये फोन पर भेज दिये। वह मेरे घर 1 अगस्त को आया और माता पिता से मिला और शादी करने की बात कहकर उसने मेरे साथ फोटो खिंचाई और फोटो के साथ उसने छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। तरह-तरह की वह धमकियां दे रहा है। जिससे मानसिक व शारीरिक पीड़ा से गुजर रही हूं। न्यायालय ने एसएचओ कायमगंज से आख्या 6 अक्टूबर को मांगी है।

# काव्य संगोष्ठी में विजेता छात्राएं हुईं सम्मानित



प्रमाण पत्र के साथ छात्रायें व प्रधानाचार्या व अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवोम अम्बर ने की।

कवि डॉ0 गरिमा पांडे लेखनी, महेश पाल सिंह उपकारी, निमिष टंडन, वैभव सोमवंशी तथा स्मृति अग्निहोत्री ने अपनी प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया। कविताओं के माध्यम से जहां देशभक्ति की भावना जाग्रत हुई। वहीं सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी दिखाई दी। कार्यक्रम में निबंध एवं कविता पाठ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर

**▸ हिन्दी परववाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम**

सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्राओं में नव्या कनौजिया, अजरा मैवेश, रिया शाक्य, माही, निधि आदि रहीं। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने आए हुए कवियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजनों से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा हिंदी भाषा के प्रति गहरी रुचि और सम्मान की भावना जाग्रत होती है। विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने इस साहित्यिक आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बनाया। डॉ0 शिवोम अम्बर ने साहित्य और कविता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। प्रवक्ता ऋचा तिवारी, आदेश गंगवार, सर्वेश शाक्य, अर्चना गुप्ता, दिव्यांशी गौतम आदि उपस्थित रहीं।

## पति ने पत्नी की गुमशुदगी की दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौली निवासी धर्मवीर पुत्र जोगराज ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर बताया दिनांक 23.09.25 को सुबह 11:00 बजे मैं काम से घर के बाहर गया था, तभी मेरी पत्नी आरती जो घर पर अकेली थी, कहीं चली गयी। मैंने उसकी रिश्तेदारियों समेत अन्य कई स्थानों पर काफी खोजबीन, की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।



गुम हुई महिला आरती

## किसानों की समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामबहादुर राजपूत के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र जिलाधिकारी सम्बोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिये गये मांग पत्र में दर्शाया कि शमसाबाद सरकारी अनाज क्रय केन्द्र पर गेहू, धान, मक्का तथा बाजरा की खरीद होती आ रही है जो इस वर्ष का जारी किया गया पत्र में बाजरा व मक्का का नहीं है, जिसे बंद न किया जाये तथा विधवत चालू किया जाये। बाढ प्रभावित क्षील के किसानो को नि:शुल्क खाद व बीज दिया जाये। इस वर्ष भीषण बाढ़ से किसानों की जमीन, मकान व फसलें लापता हो गयी है, पानी खत्म होने पर लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर जाँच कर क्षति पूर्ति की जाये। यदि नीवीन उप मंण्डी शमसाबाद धान व मक्का की खरीद यदि चालू नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को वाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर रामपाल सिंह, डा0 प्रेमचन्द्र सक्सेना आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# मंडी रोड का जल्द होगा 10 मीटर चौड़ीकरणः मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधानसभा स्थित एशिया की सबसे बड़ी मंडी, सातनपुर मंडी में भारी मात्रा में सामान ट्रकों द्वारा लाया और ले जाया जाता है। उक्त मार्ग की चौड़ाई वर्तमान में 5.50 मीटर होने के कारण से वाहनों के आवागमन में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा मार्ग में काफी बड़े बड़े गड्ढे भी हो गये हैं। जिससे किसानों तथा व्यापारियों को सामान लाने ले जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। समस्या के निदान हेतु विधायक सदर, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुख्यमंत्री से कई बार व्यक्तिगत मुलाकात करते हुये इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदरी करण का निवेदन किया गया। फलस्वरुप 23 सितम्बर को मंडी रोड, जिसकी लंबाई 2.60 कि0मी0 है की चौड़ाई 5.50 मीटर से 10 मीटर करने तथा सुंदरीकरण की 8.90 करोड़ की आगणन का व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त हो गया है। साथ ही साथ इसी मार्ग पर 1300 मीटर की लम्बाई में 15-15 मीटर की चौड़ाई में दोनों तरफ वाहनों की पार्किंग हेतु आगणन की भी मांग की गई है।

उक्त मार्ग का निर्माण शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जिससे किसानों एवं व्यापारियों के साथ ही जनपद के आम जनमानस का आवागमन भी सुगम हो जायेगा।

# ग्राम सिरमौरा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को बांटी गई दवाइयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ पीड़ित परिवारों के सहायतार्थ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं भोजन वितरण ग्राम सिरमौरा में शिविर लगाकर किया गया। सिरमौरा, वरी नगला, हंसी नगरा, वीसलपुर तराई, गिंदा नगला क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपना परीक्षण कराया और विभिन्न बीमारियों की दवाइयां ली। वहीं घायलों की ड्रेसिंग भी की गई।

शिविर में आए लोगों को लंच पैकेट भी बाटे गये। स्वास्थ्य शिविर में एम्स के पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. हर्षित गुप्ता, डॉ. आरिफ खान, डॉ. विनय चौहान, डॉ. पंकज राठौर, फार्मासिस्ट सलीम राजा, सर्वेश राजपूत आदि ने ग्रामीणों का चेकअप किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयों का वितरण किया। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा की बाढ़ के कारण लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा है। विभिन्न बीमारियों से लोग ग्रसित है, मुसीबत के समय में लोगों की मदद करना मानवता की सच्ची सेवा होती है। पूरे क्षेत्र में जहां पर भी आवश्यकता होगी स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते रहेंगे। बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि विषम परिस्थितियों में जिस प्रकार से आम जनमानस की मदद स्वास्थ्य शिविर एवं भोजन वितरण के माध्यम से की जा रही है वह बहुत सराहनीय है। इस मौके पर अनिल कश्यप, अरविंद बाथम, बीसलपुर के प्रधान राम लड़ैते बाथम, सुरेश कश्यप, राजीव वर्मा, मोहित खन्ना, आलोक मिश्रा, भूरे, सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहेगें।



मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक

# पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पास्को एक्ट व दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राजिद हसन निवासी तुर्कीपुर मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास व 14 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। विगत आठ वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा पुलिस को एक युवक ने दी तहरीर में दर्शाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री 29 अप्रैल 2017 को अपने छोटे भाई के साथ गांव के किनारे खड़े आम के पेड़ के नीचे आम बीनने गई थी। लगभग 11 बजे दिन में राजिद हसन निवासी तुर्कीपुर व एक महिला व दो अन्य युवक आए और मेरी पुत्री को पकड़ कर मक्के के खेत में ले गये। उसके साथ रेप करने की कोशिश करने लगा। बच्ची के रोने व चिल्लाने की आवाज से आस पड़ोस के लोग आ गए। तभी आरोपी बच्ची को छोड़कर साइकिल से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राजिद हसन को दोषी करार देते हुए धारा 376 सहपठित धारा 511 आईपीसी के तहत 7 वर्ष के कठौर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 8 के तहत 3 वर्ष का कारावास व 4 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाये एक साथ चलेगी।

# राम बारात में अश्लील नृत्य व मदिरा के दृश्य का हिन्दू महासभा ने किया विरोध

**▸ युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने की कार्यवाही की मांग**
**▸ राम भक्तों की भावनाओं को पहुंची ठेस**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात में अश्लील नृत्य व मदिरा जैसे दृश्य दिखाये जाने पर हिन्दू महासभा युवा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने इसका पुरजोर विरोध कर इन दोनों झाकियों को हटाये जाने व कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि मंगलवार की रात्रि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की राम बारात में दर्शकों को लुभाने के लिए अनगिनत झांकियां शामिल थी। जिसमें दो ऐसी झांकी थी, जिन्हे देखने से यह प्रतीत हो रहा था कि भगवान श्रीराम की बारात न होकर किसी आम नागरिक की बारात है, जिसमें डीजे की धुन पर अश्लील नृत्य व फिल्मी गाने पर मदिरा का दृश्य दिखाया जा रहा था। यह सब देखकर युवा हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की बारात में यह सब नहीं होना चाहिए था, ऐसी झांकी बारात में शामिल करने से राम भक्तों की भावनाओं को काफी आहत पहुंचा है। प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कार्यवाही की मांग की है।



राम बारात में नृत्य करती कलाकार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।



मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आयोजित नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव के द्वितीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक छानबे रिंकी कोल, चेयरमैन सहकारिता जगदीश सिंह पटेल, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मां विन्ध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया।

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ की अमरनाथ शुक्ला, सूफिया बेगम, बद्री कवि, पतालू यादव के द्वारा देवी गीत व भजन सुनाकर लोगो को मंत्रमुग्ध किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकार शिवलाल गुप्ता ने देवीगीत सुनाया। रामनारायण यादव, सुरेश मौर्या, देवी प्रसाद, विनय मधुकर एवं जनपद भदोही रमेश भंवरा लोकगीत ग्रुप, श्रीराम यादव, लक्ष्मी रागिनी के द्वारा भी देवी गीत व भजन की प्रस्तुति दी गई। शिव इण्टर कालेज मीरजापुर के छात्राओं के द्वारा कजरी देवीगीत पर अभियन कर मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

राजकीय बालिका इण्टर कालेज विन्ध्याचल की छात्राओं के द्वारा लक्ष्मण शक्ति प्रसंग की अदभुत प्रस्तुति दी गई। विन्ध्य महोत्सव के मंच पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारो को मा0 विधायक छानबे, जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का सफल संचालन संजय श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहें।

## बड़ी शीतला माता के दरबार में उमड़े श्रद्धालु



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मंगलवार को अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु मां चंद्रघंटा स्वरूप में बड़ी शीतला माता का दर्शन कर निहाल हुए। सुबह चार बजे भोर से ही मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया। गंगा में नहाने के बाद महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कढ़ाई चढ़ा कर पुड़ी, हलुआ, गुलगुला आदि पकवान बनाकर नारियल, चुनरी, लाचीदाना आदि प्रसाद से भोग लगाई। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने मां के गर्भगृह में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। भक्तों द्वारा लगाए जा रहे मां के जयकारे से वातावरण देवीमय हो रहा था। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहा। श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में कोई समस्या न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था में एसपी, एएसपी ओपी सिंह कोतवाल विजय शंकर सिंह, मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज कुमार संतोष ने दलबल के साथ मंदिर और मेला क्षेत्र में डटे रहे।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं को किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 फेज के अभियान बुधवार को पंचशील डिग्री कालेज में छात्राओं को पुलिस प्रशासन ने जागरूक किया।

उप निरीक्षक रमाशंकर व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान व ममता नायक ने छात्राओं को डायल 112 व 1090, 1076, 108, 102 के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी को अब अनदेखा नही करना है छेड़खानी की घटना में लडकिया प्रायः चुप रहती है जिससे शोहदों के मन बढ़ जाते है। उन्होंने बताया कि छात्राओं द्वारा की जाने वाली शिकायत पर महिला आरक्षी भी पहुंचती है ताकि छात्राए अपनी बातों को अच्छे से समझा सके। उन्होंने कहा कि अब हमें वो सभी नौकरियां करनी है जो लड़के करते है। हमे अपने आपको सशक्त बनाना होगा उन्होंने सभी से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घर, परिवार व पुलिस से जरूर साझा करें जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य ने भी छात्राओं को सशक्तिकरण के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मिशन शक्ति कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत बतायी गयी बातो को आवश्यकता के समय मे प्रयोग कर बचाव करने की बात बतायी। कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्र प्रकाश सिंह ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय कि सैकड़ों छात्राए उपस्थित रही।

## खबरें एक नजर में

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल, रेफर



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मझियार गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की रात्रि में तेजगति से आ रहे बाइक सवार मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थीं की मवेशी की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है। चिल्ह थाना क्षेत्र के चेतगंज निवासी 22 वर्षीय दीपक अपने साथी 20 वर्षीय विजय के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के घर थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव आए थे की वापस घर लौटते समय बाइक सवार जैसे हीं हलिया लालगंज मार्ग मझियार गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुँचे की सड़क पर मवेशी से टकराकर बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की टक्कर इतनी तेज थीं की मवेशी की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है।

### भाजपा राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिवध्राजयसभा सांसद मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह का मंगलवार की रात्रि में अपने गृह गांव बैधा जाते समय भाजपा हलिया मंडल व गड़बड़ा धाम मंडल के कार्यकर्त्ताओ ने राष्ट्रीय महासचिव राजयसभा सांसद का हलिया बाजार में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया है। भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने मतवार व उमरिया के सड़क की मांग को रखा जिस पर राष्ट्रीय महासचिव राजयसभा सांसद ने कार्यकर्त्ताओ को बताया कि दोनों सड़क के मरम्मत के लिए बीस लाख रूपये स्वीकृत हो गए है। वन विभाग द्वारा दोनों सड़क का मरम्मत कार्य कराएगा साथ हीं दोनों सड़क के पुलिया रपटा के निर्माण कार्य के लिए राजयसभा के निधि से धन जारी किया जायेगा। बुधवार की सुबह से बैधा गांव में राष्ट्रीय महासचिव ध्राजयसभा सांसद से मिलने के लिए नेताओं का ताँता लगा रहा। राष्ट्रीय महासचिव राजयसभा सांसद से नेताओं ने मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया है। इस दौरान सुखी चंद्र सिंह, प्रधान मतवार लाल बहादुर पाल, श्याम बहादुर सिंह, विनय सिंह बबलू, मंतोष अग्रहरी, अवधेश पाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खेत में तालाब खुदवाएं 52500 रुपये का अनुदान पायें : भूमि संरक्षण अधिकारी

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/द्वितीय चमन सिंह ने बताया है कि कृषि विभाग (भूमि संरक्षण अनुभाग) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के हितार्थ वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना का संचालन किया जा रहा है। खेत तालाब योजनान्तर्गत कृषक द्वारा स्वयं के खेत पर 22 मी0 लम्बाई म 20 मी0 चौड़ाई म 3 मी0 गहरा तालाब खुदवाने पर पक्का कार्य सहित कुल लागत रूपये 105000 का 50 प्रतिशत अधिकतम धनराशि रूपया रूपये 52500 का अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से कृषकों को दिया जाता है साथ ही स्प्रिंकलर/ड्रिप सिंचाई पद्धति लगवाना अनिवार्य है जिस पर 90 प्रतिशत का अनुदान उद्यान विभाग से दिया जायेगा एवं पम्पसेट खरीदने पर अधिकतम धनराशि रूपया 15000 का अनुदान प्रति लाभार्थी देय होगा। खोदे गये तालाब से कृषक जीवनदायिनी सिंचाई एवं मत्स्य पालन/सिंगाडा की खेती कर आय एवं रोजगार में वृद्धि कर सकते हैं। योजना का लाभ पाने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण एवं बुकिंग करना अनिवार्य है। उन्होने जनपद के सभी कृषक भाइयों से अनुरोध किया है कि संचालित योजना का लाभ प्राप्त कर जल जंगल जमीन बचाने हेतु योजना में सहभागिता बढ़ाकर सरकार की योजना का अधिकाधिक लाभ उठायें। किसान भाई किसी भी समस्या के निदान के लिए कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/द्वितीय, कृषि भवन कटरा रोड, प्रतापगढ़ या राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा कृषि विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क कर उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### औषधि प्रजाति की बागवानी पर शासन से मिलेगा अनुदान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने और खेती को नई दिशा देने के लिए शासन ने बागवानी व औषधीय खेती की राह आसान कर दी है। जिला उद्यान विभाग ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत ऐसी कार्ययोजना तैयार की है, जिससे अब किसान खास फसलों की खेती कर अच्छी आमदनी कमा सकेंगे। शासन की इस पहल के मुताबिक जिन किसानों का रुझान औषधीय बागवानी की ओर है, उन्हें लागत का 30 से 50 फीसदी तक अनुदान मिलेगा। विभाग की योजना में केला, स्ट्रॉबेरी, मखाना, सिंघाड़ा और हल्दी के ल साथ ही सतावर, अश्वगंधा और सफेद मूसली जैसे औषधीय पौधों की खेती को भी प्राथमिकता दी जा रही है। खास बात यह है कि बाजार में इनकी मांग लगातार बनी रहती है, जिससे किसानों को बेचने की चिंता भी नहीं होगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इस योजना का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सीमित रकबे में भी किसान अच्छी आमदनी कर सकते हैं। केला की खेती के लिए 50 हेक्टेयर और स्ट्रॉबेरी के लिए 3 हेक्टेयर का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं, मखाना और सिंघाड़ा जैसी फसलों के लिए भी क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। औषधीय प्रजातियों की मांग और दाम दोनों अच्छे हैं, जिससे पारंपरिक खेती की तुलना में बेहतर आमदनी की उम्मीद की जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि औषधीय पौधों की खेती से सिर्फ किसानों की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी, बल्कि आयुर्वेदिक दवा उद्योग को भी स्थायी कच्चा माल हासिल होगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। जिला उद्यान अधिकारी संजय रस्तोगी ने बताया कि किसानों को आधुनिक बागवानी और औषधीय खेती के लिए विभाग की ओर से तकनीकी प्रशिक्षण और पूरी मदद दी जाएगी।किसानों को समय रहते पंजीकरण कराना जरूरी है।

## 34 गांव में 256 बच्चे टीकाकरण से वंचित



हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार के अध्यक्षता में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण से वंचित इनकार झिझक परिवार हेतु 34 गांव में 256 बच्चे टीकाकरण से वंचित पाया गया।

जिसके लिए दो दिवसीय कार्य योजना बनाकर संचार योजना बनाकर टीकाकरण से वंचित बच्चों का टीकाकरण ब्लॉक रिस्पोंस टीम एवं ग्रामीण ग्राम विकास अधिकारी ग्राम प्रधान कोटेदार प्रधानाध्यापक पंचायत सहायक सी एच ओ एनम आशा आंगनबाड़ी संगिनी सुपरवाइजर के टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला के द्वारा संचार योजना सुधरे करने हेतु माइक एलाउंसमेंट प्रचार प्रसार के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान बीसीपीएम अनिल कुमार, आईओ गिरिजा प्रसाद, बीएमसी अंकित शुक्ला, डाटा आपरेटर जय प्रकाश मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम बारात

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



अपनी प्राचीनता एवं ऐतिहासिकता को सार्थक स्वरूप प्रदान करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं उनके भाइयों की बारात धूमधाम से वैभव को पूर्णता प्रदान करते हुए मिथिला नरेश महाराज जनक के यहां पहुंची बारात में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी शामिल रहे।

बारात की व्यवस्था में श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंजनी सोनी, पूर्व अध्यक्ष लवकुश केशरी, ओंकार केशरी ग्राम प्रधान कौशलेंद्र कुमार, सुरेश कुमार केसरी एडवोकेट श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज के सभी पदाधिकारीयों के साथ शामिल रहे और व्यवस्था में लगे रहे।

बारात में ज्ञान दास गुप्त, तारकेश्वर केसरी, संजीव केशरी, धीरज केशरी, सुभाष सोनी, शिव गोविंद चौरसिया, आशीष कुमार गुप्ता, विजयपाल लाल, बहादुर पाल, अनिल केसरी, राजू चौरसिया, वसंत लाल, राजेंद्र गुप्ता, पिंटू केशरी व्यवस्था में लगे रहे। सुसज्जित वैभव से युक्त रथ पर ब्रह्मांड नायक प्रभु श्रीराम अपने भाइयों के साथ सवार हुए जय श्रीराम के जयघोष के साथ बारात आगे चली। अयोध्या नरेश राजा दशरथ प्रफुल्लित होकर चल रहे थे।

पूरे संसार की खुशियां उनके चेहरे पर झलक रही थी। बारात में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सैकड़ो की संख्या में ढोल तासे पर नाचते हुए चल रहे थे। थाना प्रभारी ब्रह्मदीन पांडेय अपनी पुलिस टीम के साथ व्यवस्था में लग रहे। बारात वन विभाग तक लगभग 1 किलोमीटर चली तत्पश्चात प्रभु श्रीराम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का भावपूर्ण हर्ष उल्लास के साथ विवाह संपन्न हुआ। उपस्थित सभी भक्तजन जयघोष के साथ भावपूर्ण दृश्य के साक्षी रहे।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने कार्रवाई कर शोहदे को दिया चेतावनी



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला संबंधी अपराध के रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व हलिया थाना पुलिस द्वारा बुधवार को चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन के दौरान एक शोहदे को थाने पर लाया गया था जिसे चेतावनी देकर उसके परिजनों को बुलाकर उसको सुपुर्दगी में दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत एक शोहदे को गिरफ्तार कर थाने पर लाकर चेतावनी देते हुए उसको परिजनों को सुपुर्दगी में दे दिया गया है। टीम में उपनिरीक्षक शिवजी यादव व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

# नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई के किये गये कार्य

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।



ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि शासन व जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता लक्षित ईकाई के अन्तर्गत चिन्हित सीटीयू को विलोपित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पालिका क्षेत्रान्तर्गत सोर्स सेग्रीगेशन में सूखा कूड़ा-गीला कूड़ा अलग-अलग कर के देने हेतु लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं।

नवरात्रि, दुर्गा पूजा के दृष्टिगत् शहर के प्रमुख चौराहों, मार्गों की साफ-सफाई के साथ-साथ दुर्गा पंडाल स्थल के आस-पास की साफ-सफाई कार्य कराते हुए चूना छिड़काव कार्य कराया जा रहा है। प्रमुख रूप से मॉ बेल्हा देवी धाम परिसर व आस-पास व मार्ग की प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक साफ-सफाई कार्य कराते हुए कूड़ा आदि का निस्तारण करा कर चूना छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है एवं मुख्य मार्गों पर प्रातः 05 बजे से वाटर स्प्रिंकर द्वारा पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा हैं। साथ ही नगर के समस्त 25 वार्डों एवं मुख्य मार्गों में स्थापित स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# अपर आयुक्त डॉ. विश्राम ने अनुश्रवण समिति बैठक में जताई नाराजगी



मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

मण्डलायुक्त विंध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रशासन डॉ. विश्राम की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक आयुक्त सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों व नगर निकायों से संबंधित आपत्तियों पर समीक्षा की गई। जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने वेतन निर्धारण में त्रुटि, दोहरा भुगतान, मनमाना व्यय, मानकविहीन निर्माण और स्ट्रीट लाइट लगाने में अनियमितताओं की जानकारी दी। इस पर अपर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित संस्थानों से वसूली और दोषी प्रधानाचार्य व लिपिकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कई अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। ए.एस. जुबली इंटर कालेज सहित कई विद्यालयों पर अधिक आपत्तियां लंबित पाई गई, जिन्हें निस्तारण के लिए एक माह का समय दिया गया।

### बच्चों में फल, दूध न बंटवाने पर छः ग्राम प्रधानों पर होगी कार्रवाई

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पुष्ट बनाने के लिए दिए वाले फल और दूध को कुछ प्रधान द्वारा नहीं बंटवा जा रहा हैं। जिले में छ्प्रधानों को पकड़ा गया है जिन्होंने बच्चों को फल और दूध का वितरण नहीं कराया गया है। आईवीआरएस से मामला पकड़ में आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने इन प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजा है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों का कुपोषण दूर करके हृष्ट पुष्ट बनाने के लिए फल व दूध दिए जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन आईवीआरएस में यह सामने आया है कि एक सितंबर से 20 सितंतर के बीच छ्- विद्यालयों पर दूध और फल का वितरण नहीं किया गया है। इसमें लक्ष्मीपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अचलगढ़, लक्ष्मीपुर ब्लाक के ही प्राथमिक विद्यालय रानीपुर, मिठौरा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया, पनियरा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पिपराखुर्द, नौतनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय परसा और सिसवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मथनिया पर फल और दूध का वितरण नहीं किया गया है। मामला पकड़ में आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने इन प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र डीपीआरओ को भेजा गया है। बच्चों के मिड डे मील में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीनू के अनुसार भोजन व फल-दूध नियमित रूप से दिए जाने का कड़ा निर्देश दिया गया है।

### कोरोना काल से होम्योपैथ व आयुर्वेद पद्धति के प्रति बढ़ा है झुकाव : विधायक

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में दसवें आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। आयुर्वेद दिवस का शुभारम्भ विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया ने सीडीओ अनुराज जैन के साथ किया। विधायक ने कहा कि कोरोना काल से होम्योपैथ व आयुर्वेद के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा है। इस दौरान अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया। विधायक ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा को अपनाते हुए काफी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने आयुर्वेद पद्धति को अपनाये जाने पर जोर देते हुए कहा कि तमाम औषधीय पौधे हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इस अवसर पर होम्योपैथी व आयुर्वेदिक विभाग द्वारा नि:शुल्क आयोजित चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों में दवा वितरित किया गया। संचालन करते हुए जिला होमियोपैथी अधिकारी डॉ आर.के. द्विवेदी ने आयुर्वेद और होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीएन कन्नौजिया, डीसी एनआरएलएम मो. जाकिर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिंद्र जयसवाल, डॉ. विपिन चन्द, होम्योपैथिक प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रतिभा रानी, डॉ. इसरार खान, डॉ. सन्तोष पटेल व कौशल किशोर यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी हरिंद्र प्रसाद ने सभी के प्रति आभार जताया।

# हाईटेक नर्सरी से तैयार बेहन प्राप्त करने पर पौध गुणवत्तायुक्त होगी : सुनील

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।




जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकां को सूचित किया है कि जनपद में दो हाईटेक नर्सरी (मिनी सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल) का निर्माण राजकीय पौधशाला ग्राम-नरायनपुर विकास खण्ड-रामपुर संग्रामगढ़ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंटू कालाकांकर प्रतापगढ़ में कराया गया है।

प्रति हाईटेक नर्सरी (मिनी सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल) में 1500000 तक सब्जी की बेहन (पौध) का उत्पादन किया जायेगा। किसानों द्वारा बीज उपलब्ध कराने पर रूपये 1.75 प्रति पौध तथा बीज सहित बेहन उपलब्ध कराने पर धनराशि रूपये 2 प्रति पौध का शुल्क लिया जायेगा। हाईटेक नर्सरी (मिनी सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल) से तैयार बेहन (पौध) रोग रहित उच्च उत्पादन गुणवत्तायुक्त होगी तथा अनुकूल मौसम से 35 से 40 दिन पूर्व में बेहन दिया जाना सम्भव हो पायेगा, जिससे किसान जहां एक तरफ कम लागत में बेहन तैयार कर रोपित करेगा तो वहीं दूसरी तरफ उच्च गुणवत्तायुक्त अगेती फसल तैयार कर बाजार से अच्छा मूल्य प्राप्त करने में सक्षम हो पायेगा।

# जीएसटी बचत उत्सव के जरिए विधायक ने लोगों से किया संवाद



महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

भाजपा ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान के तहत नगर में जीएसटी बचत उत्सव मनाया। विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया और अन्य नेताओं ने व्यापारियों व ग्राहकों से संवाद कर घटी हुई जीएसटी दरों के लाभ और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

महराजगंज नगर के सक्सेना तिराहे पर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया गया। उनकी राय जानी गई और घटी हुई जीएसटी दरों के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं ने लोगों को धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाते हुए गुलाब के फूल और गर्व से कहो यह स्वदेशी है, स्टीकर वितरित किया गया।

उन्होंने कहा कि घटाई गई जीएसटी दरों का लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचेगा, जिससे व्यवसाय और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम होंगी और आम जन की क्रय क्षमता बढ़ेगी। लोगों से अपील की कि स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत बनाएं। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, महेंद्र निगम, विष्णु मद्धेशिया, रमेश वर्मा, सनत पांडेय और राकेश अग्रहरी ने कहा कि सरकार की इस पहल पर गरीब, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम उद्योग के लिए लाभकारी होगी।

# ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान बने ठेकेदार, कैसे हो गांवों का विकास

- टेण्डर नोटिस में छपे नियम व शर्तो, को ताक पर रखते हुए ग्राम सचिव की कृपा पर ग्राम प्रधानों द्वारा की जा रही ठेकेदारी
- ग्राम सभाओं के निविदा टेण्डर खुलने की तिथियों की जानकारी बाहरी ठेकेदारों को आज तक नहीं हुई क्यों?
- निविदा टेण्डर में अंकित नियम व शर्तो के अनुसार नहीं हुई कार्रवाई,
- किसी अन्य ठेकेदारों को कानों-कान टेण्डर डालने व खुलने की भनक तक नहीं लगी क्यों?

**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड फरेंदा, में कुल इकहत्तर गांव सभाएं है।इन ग्राम पंचायतो में नाली, आरसीसी, पंचायत भवन सहित अनेकानेक कार्य होने को लेकर टेण्डर नोटिस निकाला गया था है, लेकिन टेण्डर नोटिस में वर्णित नियम व शर्तो को दरकिनार करते हुए खोल दिया गया इससे साबित होता है कि टेण्डर नोटिस के खुलने बडा खेल हुआ है। जिससे लोगों को निविदा टेण्डर के डालने व खुलने की भनक तक लोगों नहीं लगीं न ही नोटिस बोर्ड पर चस्पा हीं किया गया। प्रश्न उठता है कि जब ग्राम प्रधान को ही ठेकेदार बनाना था तो इतना खेल क्यों किया गया और टेंडर नोटिस में अंकित नियम व शर्तो का मखौल उड़ा गया। जबकि पंचायत एक्ट में लिखा गया है कि एक्ट के नियमों के अनुसार टेण्डर प्रक्रिया पूरी करते हुए सार्वजनिक किया जाय और चयनित अधिकारियों के समक्ष खोला जाय लेकिन टेण्डर नोटिस में वर्णित नियम व शर्तो को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से खोल कर सम्बन्धित ग्रामों के ग्राम प्रधान को ठेकेदार बना दिया गया और गांवों के कार्यो को अपने ढंग से कराने की छूट दे दी गई है जिससे आज ग्राम सचिव की समेत अन्य अधिकारियों की कृपा पर मलाई कांट रहे हैं।

इस संदर्भ में ग्राम प्रधानों से पूछने पर बताया कि निविदा टेंडर नोटिस का कार्य ग्राम प्रधान ही करवाता है केवल कागज का पेट भरने के लिए टेण्डर नोटिस में लिखवा दिया जाता है इस बात की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों को अक्षरशः रहती है। अगर जांच बोर्ड बैठाया जाए तो असलियत सामने आ जायेगी।सरकारी सूत्रों का कहना है कि गांव के विकास का पहिया बिना ग्राम प्रधान व सचिव के नहीं हिल सकता है। आलम यह हो गया है कि ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा अपना सिक्का चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधानों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत के कार्य करवाने के पश्चात छः से सात प्रतिशत कमीशन देने पड़ते हैं तभी ग्राम सभाओं में कराये गये कार्यो का भुगतान होता है। एक बात और देखा जा रहा है कि विकास खंड फरेंदा में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी मिलाकर 12से 14 लोग हैं। इन लोगों में 71गांव बांटा गया है। इनके पास स्वयं सरकारी कार्य करने की फुर्सत नहीं है ।गांव सभाओं के कार्यो को निस्तारित करने के लिए प्राइवेट मुंशी रखे हैं। जबकि शासन का निर्देश है किसी सरकारी कार्य को करने के लिए प्राइवेट मुंशी नहीं रखें जायेंगे लेकिन सरकार के आदेश निर्देश का कोई असर नहीं देखा जा रहा है। प्रश्न यह भी उठता है कि इन प्राइवेट मुंशियों का वेतन किस मंद से दिया जाता है? जब भी गांव देहात की जनता विकास से जुड़े समस्याओं को लेकर आती है तो ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी नदारद रहते हैं विकास खंड फरेंदा के विकास कार्यो में थांथली चरम सीमा पर है।टेण्डर नोटिस में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों का बड़ा खेल जारी है। इसी वजह से नोटिस बोर्ड पर टेण्डर नोटिस खुलने की तिथि की नोटिस चस्पा नहीं की गई थी। विकास खंड फरेंदा के छोटे बड़े अधिकारी व कर्मचारी शासन प्रशासन के नियम नियमावली को ठेंगा दिखाने में खूब चतुर हो गये हैं। अतिशयोक्ति है कि किसकी कृपा पर ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी कुण्डली मार के बैठे हुए हैं कि आज भी इनके ऊपर शासन प्रशासन का कोई असर नहीं है ।कुल मिलाजुलाकर देखा जाए तो बिना सुकराना के विकास की पहिया नहीं हिलती है। इससे साबित होता है कि फरेंदा ब्लाक दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डुबता जा रहा है।